सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 25.8 अधि |
| धर्मशाला | 18.4 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,151 |
| निफ्टी | 24,334 |
| सोना 1,41,264 | चांदी 2,16,637 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 18 जुलाई 2026 | 3 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 200, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच और आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, गांधीनगर।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में आठ आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एटीएस ने बताया कि नए आरोपित पहले गिरफ्तार किए गए लोगों के संपर्क में थे और कथित रूप से विस्फोटक सामग्री के परीक्षण में शामिल थे। जांच के दौरान उनके मोबाइल फोन से बम बनाने से जुड़े दस्तावेज, जिहादी साहित्य और विस्फोटक तैयार करने संबंधी जानकारी मिलने का दावा किया गया है। सभी आरोपित गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। अदालत ने पांचों को आठ दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जोधपुर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए आसाराम ने अदालत से कुछ समय के लिए अंतरिम जमानत देने की मांग की है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को निर्देश दिया कि वह आसाराम की मेडिकल रिपोर्ट की जांच कर यह बताए कि क्या उनकी स्वास्थ्य स्थिति वास्तव में इतनी गंभीर है कि उन्हें इलाज के लिए कुछ समय की अंतरिम जमानत दी जानी चाहिए। हालांकि, राजस्थान सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि फिलहाल आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति ठीक है। (अनंत ज्ञान)

### 12 साल के बच्चे को जिंदा खा गया मगरमच्छ

**एजेंसी, बहराइच।** यूपी के बहराइच में एक मगरमच्छ 12 साल के बच्चे को जिंदा खा गया। धान की रोपाई करने के बाद बच्चा नदी में हाथ-पैर धोने गया था, तभी मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। उसे जबड़े में दबोच लिया। बच्चे ने खुद को छुड़ाने के लिए हाथ-पैर मारे। उसके चाचा और ग्रामीणों ने भी ईंट-पत्थर फेंककर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ ने उसे छोड़ा नहीं और देखते ही देखते बच्चे के आधे शरीर को निगल लिया। 5 घंटे बाद ग्रामीणों ने बच्चे का शव बरामद किया।घटना गुरुवार शाम की है। लेकिन इसका वीडियो शुक्रवार सुबह सामने आया। (अनंत ज्ञान)

# हाइड्रोजन युग में भारत, जींद-सोनीपत के बीच हवा-पानी से चली पहली ट्रेन

## पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, बोले- मेक इन इंडिया अभियान का सफल उदाहरण

**एजेंसी, जींद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक सफल उदाहरण बताया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जहां हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें परिचालन में हैं। यह रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन दो घंटे में तय करेगी। इस दौरान यह 12 स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री ने 14,700 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और उनकी आधारशिला रखी। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने हाइड्रोजन चालित ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक सफल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आज भारतीय रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है और जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन चालित ट्रेन है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते बड़ी मात्रा में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस और उर्वरकों की आपूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार महीनों से यह मार्ग लगातार संघर्ष का क्षेत्र बना हुआ है। मोदी ने कहा कि युद्ध और तेल संकट के बावजूद भारतीय रेल और देश के विकास की रफ्तार नहीं रुकी है। उन्होंने कहा, ''यदि ऐसी स्थिति 2014 से पहले उत्पन्न हुई होती, तो भारतीय रेलवे का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया होता।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जींद की उनकी यात्रा ने पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे यहां जो स्नेह मिला है, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता।'' उन्होंने कहा कि जींद का घी और घेवर वर्षों से नहीं बदले हैं, लेकिन इसके तेवर जरूर बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि जींद भाजपा के सुशासन का एक मॉडल बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब भी हाइड्रोजन ट्रेन का जिक्र होगा, तब जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम लिया जाएगा। मैं इसके लिए पूरे देश को बधाई देता हूं।'' (अनंत ज्ञान)

### अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन को मिला आधुनिक स्वरूप

**उपमुख्यमंत्री ने जताया आभार, कहा- हिमाचल में रेल विस्तार के लिए केंद्र दे विशेष सहयोग**

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किए गए अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही हिमाचल प्रदेश की प्रमुख रेल परियोजनाओं को विशेष वित्तीय सहयोग प्रदान करने तथा भानुपल्ली-बिलासपुर, चंडीगढ़-बद्दी और ऊना-हमीरपुर रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्वतीय राज्य के समग्र विकास के लिए रेल और हवाई संपर्क को सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है तथा भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश के प्रति विशेष सहयोग का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर से वर्चुअल माध्यम के जरिए देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया, जिनमें अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन भी शामिल था।

# हिमाचल पीजी मेडिकल सीटें दोगुनी करने की तैयारी में


अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा विस्तार होने जा रहा है। राज्य सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल सीटों की संख्या 277 से बढ़ाकर 597 करने का प्रस्ताव तैयार किया है। मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा का दायरा दोगुने से अधिक हो जाएगा। इससे प्रदेश के विद्यार्थियों को पीजी शिक्षा के लिए अन्य राज्यों पर कम निर्भर रहना पड़ेगा और आने वाले समय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

**◆ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 277 से बढ़ाकर 597 सीटों का प्रस्ताव तैयार**

प्रस्ताव के अनुसार आईजीएमसी शिमला में पीजी सीटें 139 से बढ़ाकर 230, टांडा मेडिकल कॉलेज में 99 से 156, मंडी में 24 से 79, नाहन में 3 से 35, चंबा में 4 से 32 और हमीरपुर में 8 से 65 करने की योजना है। पीजी सीटों के विस्तार को सफल बनाने के लिए सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 218 सीनियर रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के पद भी सृजित किए हैं। इससे मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण, शोध और मरीजों को विशेषज्ञ सेवाओं में मजबूती मिलेगी।

### हिमाचल बनेगा चिकित्सा शिक्षा का मजबूत केंद्र : सीएम सुक्खू



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सीनियर रेजिडेंट किसी भी तृतीयक स्वास्थ्य संस्थान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उनकी भूमिका मरीजों के उपचार, मेडिकल शिक्षा, शोध और क्लीनिकल प्रशिक्षण में बेहद अहम होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, उन्नत शिक्षण संसाधनों और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास पर लगातार निवेश कर रही है। पीजी सीटों के इस ऐतिहासिक विस्तार से प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ेगी और भविष्य में लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे राज्यों का रुख करने की आवश्यकता भी काफी हद तक कम होगी। यह पहल हिमाचल को चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### 'एसआईआर में नाम कटने पर नहीं जाती नागरिकता'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग, पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग से एक पीआईएल पर जवाब मांगा है। इस पीआईएल में एसआई आर प्रक्रिया के दौरान हटाए गए वोटरों की ओर से दायर दावों और आपत्तियों का विधानसभा क्षेत्र-वार डेटा सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एसआईआर कमेटी के चेयरमैन प्रसेनजीत बोस ने दायर की थी। इस याचिका पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की बेंच ने सुनवाई की। (अनंत ज्ञान)

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और बंगाल सरकार से मांगा जवाब**

# मानसून सत्र 20 जुलाई से सरकार लाएगी सात बिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है।

13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीटी-यूजी पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी। दिल्ली के कर्तव्य भवन में शुक्रवार को एनडीए नेताओं की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान और ललन सिंह समेत कई सीनियर लीडर शामिल हुए। सात में से दो विधेयक फॉरेन कंट्रीब्यूशन और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान पुराने हैं। विदेशी चंदे से जुड़ा विधेयक 25 मार्च 2026 को और शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश किया गया था। शिक्षा से जुड़े बिल को ज्वॉइंट कमेटी के पास भेज दिया गया था। इनकम टैक्स बिल, 2026 और सुप्रीम कोर्ट में जज की संख्या बढ़ाने वाले बिल अध्यादेशों का स्थान लेंगे, जबकि जन्म-मृत्यु, वंदे मातरम के अपमान और एमएसएमई से जुड़े तीन बिल पहली बार पेश किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**◆ वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदे पर सख्ती की तैयारी**

### 20 जुलाई तक जिंदा रहना चाहता हूं : सोनम वांगचुक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का शुक्रवार को 20वां दिन हुआ। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक जिंदा रहना चाहते हैं। वांगचुक ने 20 जुलाई को होने वाले कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में समर्थकों से बड़ी संख्या में जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे। वांगचुक ने कहा कि वह बाहर से कमजोर हैं, लेकिन अंदर से मजबूत हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि अगर 20 जुलाई का मार्च सफल नहीं हुआ, तो वह भूत बनकर वापस आएंगे। डॉक्टरों ने कहा कि वांगचुक के ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2026-27
FACULTY OF AYURVEDA
• B.A.M.S.
• D. PHARMACY (AYURVEDA)
• DIPLOMA IN YOGA
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
• DIPLOMA IN MULTIPURPOSE HEALTH WORKER (MPHW)
• BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
• BACHELOR OF MEDICAL LABORATORY SCIENCE (BMLS)
• BACHELOR OF ANESTHESIA & OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (BAOTT)
• BACHELOR OF MEDICAL RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY (BMRIT)
FACULTY OF AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) AGRICULTURE
• M.Sc. AGRICULTURE
➢ AGRONOMY
➢ HORTICULTURE (VEG. SCIENCES)
➢ GENETICS & PLANT BREADING
➢ ENTOMOLOGY
FACULTY OF VET. SCIENCES
• BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY (B.V.SC & AH)
COURSE DURATION: 5½ years
• TWO YEARS VETERINARY PHARMACIST TRAINING COURSE
FACULTY OF PHARMACY
• B. PHARMACY • B. PHARMACY (LE)
• D. PHARMACY
• Pharm. D (6 Years-Doctor of Pharmacy)
• Pharm. D-PB • Ph.D. in Pharmaceutical Science
• M. PHARMACY (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics)
FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
• B.TECH (CSE) • M.TECH (CSE)
• BCA • BBA • MBA • MBA (EXECUTIVE)
• MBA (PART TIME) • Ph.D. MANAGEMENT
FACULTY OF EDU. HUMANITIES & BASIC SCIENCES
• DIPLOMA IN ART & CRAFTS (DRAWING MASTER)
• B.A. B.Ed. (ITEP-Middle), B.Sc. B.Ed. (ITEP-Middle)
• B.Sc. MED./ NON-MED. • B.A.
• M.A. EDUCATION • Ph.D. EDUCATION
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9816400520, 9816700520
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: admissioncell@abhilashiuniversity.ac.in , regabhilashi@gmail.com

# मुर्शिदाबाद : स्कूल वैन-ट्रेन में टक्कर तीन स्कूली बच्चों समेत चार की मौत

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह स्कूल वैन की लोकल ट्रेन से टक्कर में तीन स्कूली बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन बच्चे और वैन चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना आजीमगंज-कटवा रेलखंड पर कर्णसुबर्ण स्टेशन और गोविंदपुर रेलवे फाटक के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निमतिता-कटवा लोकल ट्रेन की चपेट में स्कूल वैन आ गई। आरोप है कि हावड़ा जाने वाली ट्रेन गुजरने के बाद भी रेलवे फाटक बंद नहीं किया गया था। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हादसे की जांच जारी है और लापरवाही के पहलू की भी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

*बद्रीनाथ चढ़ावा घोटाला*

### बीकेटीसी का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

**एजेंसी, चमोली।** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे और दान में अनियमितताओं की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बद्री-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के पूर्व टेंपल अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। 30 जून को सेवानिवृत्त हुए चौहान को एसआईटी ने करीब चार घंटे की लंबी पूछताछ के बाद हिरासत में लिया। उन्हें शुक्रवार, 18 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा।


एसआईटी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों और पूछताछ के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि चढ़ावे और दान की गिनती में अनियमितताओं और चोरी के मामले में अन्य कौन-कौन लोग शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के कंट्रोल (निगरानी) टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है।


**◆ कंट्रोल टावर को बनाया निशाना**



ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। सेंटकॉम ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है। (अनंत ज्ञान)

HIMCAPES
VPO Badhera, Tehsil Haroli, District Una, H.P.
Established under the aegis of H.P. State Co-op. Advancement of Professional Education Society Ltd. (HIMCAPES)
★ WINNER ★ HIMACHAL EXCELLENCE AWARD 2022 For beign the Best Educational Institute in the State
Admissions OPEN SESSION 2026-27



COLLEGE OF LAW
(Affiliated to H.P. University Shimla & Approved by Bar Council of India New Delhi)
B.A. LL.B. (Hons.) (60 Seats)
5 YEARS INTEGRATED DEGREE COURSE
Eligibility : 10+2 with 50% for Gen. & 45% for SC/ST
LL.B. 3 YEARS DEGREE COURSE (60 Seats)
Eligibility : Graduation with 45% for Gen. & 40% for SC/ST
COLLEGE OF NURSING
(Affiliated to AMRU, HPNRC & Approved by Indian Nursing Council New Delhi)
B.Sc. Nursing (60 Seats) 4 Years Degree Course (Eligibility : 10+2 Medical 45% Marks)
GNM (60 Seats) 3 Years Diploma Course (Eligibility : 10+2 in any stream with 40% Marks)
POST BASIC B.Sc. Nursing (30 Seats) 2 Years Course (Eligibility GNM Pass) (Eligibility : 10+2 (Preferably Science) Age Limit: Minimum 17 Yrs.
For Prospectus & Other Details Contact:
88947-79631, 98179-38904, 88372-95177
Website: www.himacapes.org | Email: himcapes@gmail.com
Chairman

**खुशखबरी** जनजातीय दर्जे की पहल से लेकर नेटवर्क, सड़क और शिक्षा सुविधाओं पर सरकार का फोकस

# बड़ा भंगाल में विकास की नई सुबह, सीएम की घोषणाओं पर अमल शुरू

अनंत ज्ञान




फाइल फोटो

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अत्यंत दुर्गम बड़ा भंगाल घाटी दौरे के दौरान की गई घोषणाओं पर अब अमल शुरू हो गया है। क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए जिलाधीश और संबंधित उपमंडल अधिकारी की सिफारिश सरकार को भेज दी गई है। इसके बाद प्रस्ताव नॉर्थ जोन काउंसिल की बैठक में रखा जाएगा। सभी औपचारिकताएं पूरी होने पर बड़ा भंगाल को लंबे समय से प्रतीक्षित जनजातीय दर्जा मिल सकता है।

दूरसंचार सुविधा में सुधार के लिए केंद्र सरकार की सीएसआर योजना के तहत घाटी में जियो मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध करवाया जाएगा। इससे स्थानीय लोग देश-दुनिया से जुड़ सकेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य व आपात सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी।

ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से बड़ाग्रां से होली की ओर एक किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसमें स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और श्रमिकों को सामान्य से दोगुनी मजदूरी दी जाएगी। पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए घाटी के संकीर्ण रास्तों को चौड़ा और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे आवागमन आसान होगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं, सरकारी संस्थानों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 15 कनाल भूमि पर पंचायत घर, राशन डिपो, पटवारखाना और सरकारी स्कूल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा बीड़ स्थित बड़ा भंगाल स्कूल को मॉडर्न स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### सीएम जो कहते हैं, उसे धरातल पर उतारते हैं : अनुराग शर्मा



**वहीं,** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जो कहते हैं, उसे धरातल पर उतारकर भी दिखाते हैं और बड़ा भंगाल घाटी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के अंतिम छोर पर बसे लोगों तक विकास की किरण पहुंचाना है।

### बड़ा भंगाल अब विकास की नई राह पर : किशोरी लाल



**स्थानीय** विधायक किशोरी लाल ने कहा कि वर्षों तक उपेक्षित रहे बड़ा भंगाल के लोगों का दर्द मुख्यमंत्री सुक्खू ने समझा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घाटी के लोगों को प्रदेश के अन्य नागरिकों के समान सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। यही कारण है कि बड़ा भंगाल के लोगों में सरकार के प्रति नया विश्वास जगा है और क्षेत्र अब विकास की नई राह पर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है।

# सेब बागवानों के लिए 45 करोड़ जारी : सीएम

## एचएमआईएस वेबसाइट और मोबाइल ऐप की लॉन्च, अब पूरी तरह डिजिटल होगी सेब खरीद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत वर्ष 2022 से 2025 तक खरीदे गए सेबों के बकाया भुगतान के लिए 45 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार ने सेब खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बागवानी मंडी मध्यस्थता योजना की वेबसाइट और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक में यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि एमआईएस के तहत 30 बैग तक सेब बेचने वाले बागवानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भुगतान पहले ही भेजा जा चुका है, जबकि 100 बैग या उससे अधिक सेब बेचने वाले उत्पादकों के भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।



बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी लंबित देनदारियों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा।

बैठक में लॉन्च किए गए एचएमआईएस पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से सेब खरीद से लेकर प्रसंस्करण और भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज होगी। बागवान आधार, भूमि और बैंक खाते का विवरण देकर पंजीकरण कर सकेंगे तथा अपनी उपज बेचने के लिए ऑनलाइन समय स्लॉट भी बुक करेंगे। खरीद और भुगतान की प्रत्येक जानकारी एसएमएस के जरिए सीधे उनके मोबाइल पर पहुंचेगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अनावश्यक इंतजार से राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद सीजन शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कलेक्शन सेंटर पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों के कर्मचारियों की सेवाएं भी ली जाएं, ताकि बागवानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### यूनिवर्सल कार्टन से बिचौलियों पर लगेगी लगाम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सेब की पैकेजिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली लागू की गई है, जिससे बिचौलियों के शोषण पर अंकुश लगेगा और उत्पादकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। बैठक में हिमफेड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, बागवानी सचिव सी. पॉलरासु, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं नवाचार विभाग के निदेशक डॉ. निपुण जिंदल, एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक डी.सी. राणा, बागवानी निदेशक सतीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम ने ओक ओवर में सुनीं प्रदेशभर से पहुंचे लोगों की समस्याएं

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने सरकारी आवास ओक ओवर में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और विकास संबंधी मांगों और शिकायतों को लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री का जनता दरबार प्रत्येक शुक्रवार को आम लोगों के लिए उम्मीद का मंच बनता जा रहा है।

# कांग्रेस सरकार की नीतियों से उद्योग और शिक्षा व्यवस्था दोनों बदहाल : डॉ. सिकंदर

## निवेशकों को सरकार पर भरोसा नहीं, शिक्षक अपनी जेब से चला रहे कक्षाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण औद्योगिक विकास और शिक्षा व्यवस्था दोनों प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के बजाय घोषणाओं और प्रचार पर अधिक ध्यान दे रही है तथा उद्योगों और शिक्षा क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही है। डॉ. सिकंदर कुमार शुक्रवार को शिमला के समरहिल में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा ने प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 25 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। उनके अनुसार प्रदेश के करीब 8,000 बूथों पर दो लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने



सांसद समरहिल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपन करते हुए।

कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों की भागीदारी बढ़ाना है।

डॉ. सिकंदर ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल के समय में विभिन्न समाचार रिपोर्टों में सरकार की नीतियों की कमियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बल्क ड्रग पार्क से जुड़े उद्योगों को तीन रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराने की बात कर रही है, लेकिन केवल ऐसी घोषणाओं से उद्योग स्थापित नहीं होंगे। उनका कहना था कि निवेशकों को स्थिर औद्योगिक नीति, भरोसेमंद बिजली आपूर्ति, अच्छी सड़कें और पारदर्शी प्रशासन चाहिए। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार की आलोचना की। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कई प्राथमिक विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के संचालन के लिए शिक्षक अपनी जेब से हर महीने करीब 2,500 से 3,000 रुपए खर्च कर अस्थायी शिक्षक रखने को मजबूर हैं। यदि शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों के साथ सरकार का दायित्व भी उठाना पड़े तो यह शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति है।

# एचआरटीसी में टायरों की सप्लाई शुरू

## पहली 'खेप' पहुंची, अब फिर दौड़ेंगे बसों के रुके हुए पहिए

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे में दो महीनों से बंद पड़ी टायरों की सप्लाई एचआरटीसी को मिलना शुरू हो गई है। इसकी पहली 'खेप' के रूप में निगम के सभी डिविजनों को तकरीबन 100, 100 टायर सप्लाई कर दिए गए हैं। हालांकि

**◆ 2 महीनों से बंद थी सप्लाई दर्जनों रूट हो चुके थे बंद**

इससे केवल इतना हो पाएगा कि जो बसें रूट पर जाने के लिए खड़ी कर दी गईं थीं, उनकी रवानगी कुछ हद तक संभव हो पाएगी।

मुकम्मल तौर पर हरेक डिपो को अभी तत्काल में कम से कम 70 से 100 टायरों की सख्त जरूरत है। क्योंकि ज्यादातर बसों के टायर घिस चुके हैं, उनकी हालत बेहद खराब है। 'अनंत ज्ञान' ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और यह भी बताया था कि निगम के उच्चाधिकारियों ने समय रहते इन टायरों की खरीद के टेंडर करवाने की हामी ही नहीं भरी, जिस कारण पिछले दो महीनों से निगम के सभी डिपुओं को आर्थिक रूप से भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है। यानी उच्च स्तर पर अधिकारियों और सरकार ने खुद निगम के 'बेड़े' को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। जिसकी भरपाई आसानी से होने वाली नहीं है।

### हमीरपुर डिवीजन को मिले 100 टायर

**हमीरपुर** डिवीजन को बीती शाम को तकरीबन 100 टायरों की सप्लाई मिली है। इन्हें अलग-अलग डिपुओं में संख्या के हिसाब से बांटा जा रहा है। हमीरपुर में डेढ़ दर्जन से ज्यादा बस रूट इसी कारण बंद कर दिए गए थे और लगभग इतनी ही बसें खड़ी हो गई थीं। क्योंकि टायर बेहद खराब स्थिति में थे और अधिकारियों ने यह बसें इसलिए खड़ी कीं थीं ताकि कोई अनहोनी घटना ना हो। वहीं, शिमला जिले में भी टायरों की लगभग इतनी ही सप्लाई पहुंच गई है शनिवार तक इन्हें डिपू वाइज पहुंचा दिया जाएगा। मंडी डिवीजन में भी टायर पहुंच रहे हैं। रामपुर के आरएम हुमेश कुमार का कहना था कि की टायरों की सप्लाई शुक्रवार शाम को शिमला से चल पड़ी है और शनिवार को इस डिपो को भी तैयार मिल जाएंगे। हमीरपुर के मंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक से जब इस संबंध में पूछा गया तो उनका कहना था कि टायरों की सप्लाई बीते रोज आ गई है और इन्हें अब अलग-अलग डिपुओं को भेजने का काम जारी है। उनका यह भी कहना था कि फिलहाल यहां तकरीबन 100 टायर मिले हैं। लेकिन इसके अलावा जिन अन्य चीजों की भी कमी थी। उसकी सप्लाई भी मिलना शुरू हो गई है। उम्मीद यही है कि टायरों की किल्लत बहुत जल्दी दूर हो जाएगी।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

# कोटखाई में गैस संकट पर भाजपा का हल्ला बोल

## 27 पंचायतों में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति न होने के लगाए आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई की 27 पंचायतों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। भाजपा नेता चेतन बरागटा के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार कोटखाई को ज्ञापन सौंपकर नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में हजारों उपभोक्ता समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान हैं, जबकि आसपास के इलाकों में ऐसी स्थिति नहीं है।

बरागटा ने कहा कि कोटखाई में करीब 12 हजार घरेलू गैस कनेक्शन हैं और हर महीने लगभग सात हजार सिलेंडरों की आवश्यकता होती है, लेकिन वितरण व्यवस्था में खामियों के कारण लोगों को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों से बातचीत में यह स्पष्ट किया गया कि कंपनी की ओर से गैस आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। ऐसे में उन्होंने वितरण प्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने और वास्तविक कारण सामने लाने की मांग की।



गैस आपूर्ति की समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता चेतन बरागटा व अन्य।

**◆ बरागटा बोले- गैस की कमी नहीं फिर उपभोक्ताओं तक समय पर क्यों नहीं पहुंच रहे एलपीजी सिलेंडर**

उन्होंने कहा कि पूर्व एसडीएम अभिषेक बरवाल इस समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत थे, लेकिन उनके तबादले के बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया। भाजपा ने शिक्षा मंत्री से भी हस्तक्षेप कर इंडियन ऑयल के अधिकारियों से बातचीत करने तथा कोटखाई की सभी 27 पंचायतों में पारदर्शी और नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की।

भाजपा ने प्रशासन से गैस वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारियों को तय करने और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश चौहान, उपाध्यक्ष कल्पना नंदा, पूर्व अध्यक्ष सुंदर चौहान, पार्षद अमन घालटा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल जबैईक और मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा भी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ अभियान महज दिखावा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार और एचआरटीसी की बदहाल स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का नशे के खिलाफ अभियान केवल दिखावा बनकर रह गया है, जबकि नशा गांव-गांव और जेलों तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि आए दिन ओवरडोज़ से युवाओं की मौत हो रही है, लेकिन सरकार केवल सुर्खियां बटोरने और इवेंट मैनेजमेंट तक सीमित दिखाई दे रही है। जयराम ने कहा कि यदि जेलों के भीतर भी नशा मिल रहा है तो यह सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता है और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नशे के खिलाफ गठित विशेष कार्य बल के कुछ कर्मियों पर भी नशा तस्करों से मिलीभगत के आरोप सामने आ चुके हैं, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना था कि प्रदेश में नशा माफिया बेखौफ होकर सक्रिय है और सरकार उसके नेटवर्क को तोड़ने में पूरी तरह असफल रही है। जयराम ठाकुर ने एचआरटीसी की खराब होती स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश की जीवनरेखा मानी जाने वाली निगम की जर्जर बसें यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रही दुर्घटनाएं, तकनीकी खराबियां और बीच रास्ते बसों के बंद होने की घटनाएं सरकार की लापरवाही का परिणाम हैं।

# हिम अकादमी के 110 विद्यार्थियों का नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 'श्रेष्ठ शिक्षा, अनुशासित तैयारी और निरंतर उत्कृष्ट परिणाम—यही है हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की पहचान।' इसी पहचान को बरकरार रखते हुए और इस पहचान को सही साबित करते हुए संस्थान के छात्र ओजिश ने 601 अंक प्राप्त कर नीट-2026 में संस्थान का शहर भर में अपना, अपने अभिभावक तथा हमीरपुर शहर भर में संस्थान का नाम रोशन किया। हिम एकेडमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हमीरपुर के 110 विद्यार्थियों ने नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

ओजिश के बाद संस्थान के विद्यार्थियों मे आदित्य मोडगिल 557 अंक, आर्यन आचार्य 530 अंक, सुरभि शर्मा 523 अंक, सोनम 520 अंक, ईशा शर्मा 514 अंक, अनन्या एवं अंकिता 509-509 अंक, तेनजिन निडोन 505 अंक, राशिभ गुलेरिया 502 सान्वी कटोच499 अंक, सादिक श्रेय 498 अंक, विभा शर्मा 497 अंक, कनिका शर्मा 495 अंक, हर्ष 486 अंक, तनिष्का शर्मा 481 अंक, उदय बजाज 480 अंक, सूर्यांश जामटा 462 अंक,नमन ठाकुर 458 अंक, आदर्श ने 435 अंक, कृतिका 432 अंक, राधिका 428 अंक, सुहानी शर्मा 408 अंक, करिश्मा शर्मा 403 अंक , स्टैंजिन नोरजम 402 अंक और इसी के साथ आशीष ठाकुर, वेणुगोपाल, पलक, कनिका नम्रता, मोहित, दिव्यांश, शगुन राणा, कशिश, अमीषा, सारीवा, सक्षम, राशि, रियाना, संजना, आंचल, अनिकेत, कृतिका, करिश्मा, निलाक्षी, पलक, अंशिका आदि ने अपनी-अपनी श्रेणी में नीट-2026 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना अपने अभिभावकों तथा संस्थान का नाम रोशन किया है। यह शानदार कामयाबी न सिर्फ़ स्टूडेंट्स की लगन को दिखाती है, बल्कि इस जाने-माने इंस्टिट्यूशन में पढ़ाई में बेहतरीन होने का एक नया स्टैंडर्ड भी सेट करती है।




# छात्रावासों में अव्यवस्था को लेकर एबीवीपी उग्र

## जिन छात्रों पर एफआईआर, उन्हें छात्रावास में रखने पर जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रावासों में कथित अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। परिषद ने आरोप लगाया कि प्रशासन विश्वविद्यालय अध्यादेशों की अनदेखी कर छात्रावासों के संचालन में गंभीर लापरवाही बरत रहा है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। परिषद का कहना है कि छात्रावासों में अवैध रूप से रहने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, जिससे वहां रहने वाले विद्यार्थियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है।

इसके साथ ही छात्रावासों में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए एबीवीपी ने कहा कि निर्धारित शुल्क लेने के बावजूद विद्यार्थियों को न तो पौष्टिक भोजन मिल रहा है और न ही स्वच्छता के मानकों का पालन किया जा रहा है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला है।



छात्रावासों की समस्याओं को लेकर अपनी मांगें रखते एबीवीपी के पदाधिकारी।

परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि गंभीर मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कुछ विद्यार्थियों को छात्रावास में रहने की अनुमति दी जा रही है, जो विश्वविद्यालय के अध्यादेशों और नियमों के विपरीत है। एबीवीपी ने मांग की कि छात्रावासों में अवैध प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए, नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू की जाए, भोजन की गुणवत्ता की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा प्रवेश और आवास की पूरी प्रक्रिया विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप संचालित की जाए। परिषद ने नियमों के उल्लंघन के मामलों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो छात्रहित और विश्वविद्यालय की गरिमा की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# राजधानी शिमला को कबाड़ से बनी कलाकृतियों से मिलेगी नई पहचान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला अब केवल अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और औपनिवेशिक विरासत के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मकता की नई मिसाल के रूप में भी देशभर में पहचान बनाने जा रहा है। शहर में कबाड़ और स्क्रैप लोहे से दुनिया के प्रसिद्ध सात अजूबों की आकर्षक कलाकृतियां तैयार की जा रही हैं, जो न केवल पर्यटन को नई ऊंचाई देंगी बल्कि 'री-यूज' और 'री-साइकिल' का प्रभावी संदेश भी देंगी। आधुनिक लाइटिंग से सुसज्जित ये संरचनाएं दिन के साथ-साथ रात में भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। जानकारी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत स्क्रैप लोहे और स्टील का उपयोग कर ताजमहल, चीन की महान दीवार, पेट्रा, माचू पिच्चू, कोलोसियम, क्राइस्ट द रिडीमर और चिचेन इट्ज़ा जैसी विश्व प्रसिद्ध धरोहरों की प्रतिकृतियां तैयार की जा रही हैं। इनका उद्देश्य यह संदेश देना है कि जिस वस्तु को लोग बेकार समझकर फेंक देते हैं, वही रचनात्मक सोच और कुशल कारीगरी के दम पर नई पहचान हासिल कर सकती है। इन प्रतिकृतियों को रानी झांसी पार्क, स्कैंडल प्वाइंट, शिमला बेंच कंपनी के समीप, रिज स्थित एटीएम के पास, आशियाना के नीचे, ढली चौक (टनल के बाद) सहित शहर के सात प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया जा रहा है। इन स्थानों पर आधुनिक एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था भी होगी, जिससे शाम के समय इनकी भव्यता कई गुना बढ़ जाएगी और पर्यटकों के लिए ये नए सेल्फी डेस्टिनेशन बनेंगे। इस परियोजना को साकार करने के लिए दिल्ली की एक विशेषज्ञ फर्म का सहयोग लिया गया है, जो स्क्रैप सामग्री से कलात्मक संरचनाएं तैयार करने में विशेषज्ञता रखती है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार सभी स्थानों पर फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है और अब प्रतिकृतियों की स्थापना तथा लाइटिंग का काम अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह के भीतर पूरा प्रोजेक्ट तैयार हो जाएगा, जिसके बाद मुख्यमंत्री के हाथों इसका औपचारिक लोकार्पण कराया जाएगा।

**◆ दुनिया के सात अजूबों की प्रतिकृतियां बनेंगी पर्यटन का नया आकर्षण**

**◆ सात सेल्फी प्वाइंट बदलेंगे शहर की तस्वीर**

# सीएम सुक्खू ने कजाकिस्तान गए प्रशिक्षुओं से की सीधी बातचीत

## कहा-ऐसे अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर से युवाओं का भविष्य होगा और मजबूत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। पहली बार राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट के लिए कजाकिस्तान भेजकर उन्हें वैश्विक तकनीक, आधुनिक औद्योगिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय कार्य संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्रदान किया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कजाकिस्तान में मौजूद प्रशिक्षुओं से दूरभाष पर बातचीत कर उनके अनुभव जाने और उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर का यह अनुभव उनके कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार की संभावनाओं को नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को केवल गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और बेहतर अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के अंतर्गत ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल की स्थापना की गई है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से इस सेल में पंजीकरण करवाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे उन्हें विदेशों में वास्तविक और बेहतर वेतन वाली नौकरियों तक पहुंच मिलेगी तथा फर्जी ट्रैवल एजेंटों के जाल से भी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भी विदेशों में शैक्षणिक एवं एक्सपोजर यात्राओं का सफल आयोजन कर चुकी है।

**सुविधा** एमआरआई से लेकर मैमोग्राफी, लेजर थैरेपी, नई एंबुलेंस और अत्याधुनिक उपकरण

# अब बिलासपुर अस्पताल में भी होगी हाईटेक जांच

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** कभी छोटी-बड़ी जांच के लिए शिमला, चंडीगढ़ और हमीरपुर की ओर मजबूरी में रुख करने वाले बिलासपुर के मरीजों के लिए अब राहत भरी खबर है। आने वाले समय में बिलासपुर का क्षेत्रीय अस्पताल केवल जिला अस्पताल नहीं रहेगा, बल्कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐसा केंद्र बनने जा रहा है, जहां अत्याधुनिक जांच और उपचार की अधिकांश सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल में 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीन लगाने का फैसला जिले के स्वास्थ्य इतिहास का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। एमआरआई मशीन लगने के बाद न्यूरोलॉजी, रीढ़, मस्तिष्क, हड्डियों और शरीर के कई गंभीर रोगों की जांच अब जिले में ही संभव होगी। इससे हजारों मरीजों का समय, पैसा और परेशानी—तीनों बचेंगे।

यही नहीं, अस्पताल को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए डिजिटल मैमोग्राफी मशीन भी मिल रही है, जिससे स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की शुरुआती अवस्था में पहचान आसान होगी।

आधुनिक लेजर मशीन कई तरह की सर्जिकल और विशेष चिकित्सा सेवाओं को नई गति देगी, जबकि अल्ट्रासाउंड सेवाओं को और अधिक सटीक बनाने के लिए नया अत्याधुनिक उपकरण भी अस्पताल पहुंच रहा है।

### स्वास्थ्य मिशन का जिला प्रशासन भी बना भागीदार

**स्वास्थ्य** सुविधाओं के विस्तार में जिला प्रशासन ने भी बड़ी पहल की है। प्रशासन ने अस्पताल को 38 लाख रुपए उपलब्ध करवाए हैं, जिनसे आधुनिक चिकित्सा उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके अलावा एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस भी अस्पताल को दी जा रही है, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतर और तेज आपातकालीन सेवाएं मिल सकेंगी।

### कायाकल्प पुरस्कार ने बढ़ाया भरोसा




सिर्फ नई मशीनें ही नहीं, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी लगातार बेहतर हो रही है। स्वच्छता, मरीजों के प्रति बेहतर व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए क्षेत्रीय अस्पताल को 'कायाकल्प पुरस्कार' भी मिल चुका है। यह इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल केवल सुविधाओं में ही नहीं, बल्कि सेवा के स्तर पर भी नई पहचान बना रहा है।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

- **पहली** बार जिले में हाईटेक एमआरआई सुविधा मिलेगी।
- **महिलाओं** की कैंसर जांच होगी स्थानीय स्तर पर।
- **आपातकालीन** सेवाएं और मजबूत होंगी।
- **आधुनिक** उपकरणों से इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी।
- **हजारों** मरीजों का समय और लाखों रुपए बचेंगे।
- **बिलासपुर** क्षेत्रीय अस्पताल अब आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को मिला सकारात्मक जीवन का संदेश



अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर, कांगड़ा में मानसिक स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस सेल द्वारा किया गया। संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने योगाभ्यास भी करवाया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

### धर्मशाला को मिली नई वाहन पंजीकरण सीरीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने धर्मशाला पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए) के लिए नई वाहन पंजीकरण सीरीज एचपी-39एच जारी कर दी है। परिवहन विभाग की 16 जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार एचपी-39एच सीरीज के तहत 0001 से 9999 तक के पंजीकरण नंबर आवंटित किए गए हैं। यह नई सीरीज हिमाचल प्रदेश राजपत्र (ई-गजट) में अधिसूचना प्रकाशित होने के साथ ही प्रभावी हो गई है। अब धर्मशाला आरएलए में पंजीकृत होने वाले नए वाहनों को एचपी-39एच सीरीज के नंबर जारी किए जाएंगे। परिवहन विभाग ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### डी-फार्मेसी द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने सत्र मई/जून 2026 में आयोजित बहुतकनीकी (पॉलिटेक्निक) छठे सेमेस्टर और डी. फार्मेसी द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। बोर्ड के अनुसार दोनों परीक्षाओं में कुल 3368 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 2623 विद्यार्थी सफल रहे। इस प्रकार परीक्षाओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 77.88 रहा। बोर्ड सचिव ने बताया कि परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी संबंधित विषयों के पुनर्मूल्यांकन के लिए 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड सचिव ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### लडियाड़ा में उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लडियाड़ा में लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। गांव में नई उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने रिबन काटकर किया। पूजा-अर्चना के बाद दुकान का विधिवत संचालन शुरू हुआ। दुकान की जिम्मेदारी सचिव एवं विक्रेता राज कुमार मोहू को सौंपी गई है। इससे लडियाड़ा, सयुल खड्ड और सुलियाह क्षेत्र के करीब 400 परिवारों को लाभ मिलेगा। पहले लोगों को राशन के लिए डाडासीबा और मेहड़ा जाना पड़ता था। मनकोटिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जनता को गुमराह कर रही भाजपाः सुरेंद्र

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर विधायक बिक्रम ठाकुर के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। मनकोटिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने का कार्य किया है। उन्होंने भाजपा पर भावनात्मक मुद्दों के सहारे जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करी रोकने, कानून व्यवस्था मजबूत करने और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बीएससी परिणाम में हिमानी बनी कॉलेज टॉपर

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएससी द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। परिणाम में हिमानी ने 94.62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अक्षित ने 91 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और प्रसारिका ने 90.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से कॉलेज में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रिड़कमार कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) द्वारा घोषित बीए द्वितीय वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद धारकंडी क्षेत्र के इस ग्रामीण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की छात्रा रेखा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कल्पना ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि ईशा शर्मा और अवंतिका ने 77-77 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### अब 31 जुलाई को होगी आरटीए की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) सचिव विकास जमवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासनिक कारणों से 27 जुलाई को निर्धारित आरटीए बैठक को स्थगित कर अब 31 जुलाई को सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किए जाने वाले मामलों के लिए आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 20 जुलाई शाम 5 बजे तक कर दी गई है। सभी वाहन स्वामियों, परिवहन संचालकों और आवेदकों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धर्मशाला के कार्यालय में निर्धारित समय तक जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनके मामलों को बैठक में शामिल किया जा सके।

### बैजनाथ कॉलेज में प्रवेश का अंतिम अवसर

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक अंतिम अवसर खुला है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी है। प्रवेश विलंब शुल्क के साथ लिया जा सकता है। इसके बाद प्रवेश की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए और बीएससी बायोटेक्नोलॉजी सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश चल रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा ने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान विषयों में पीजी में प्रवेश लिया जा सकता है। पीजी में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई है और नियमित कक्षाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी। दूरदराज क्षेत्र की छात्राओं के लिए सुसज्जित हॉस्टल की भी व्यवस्था महाविद्यालय में उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### एचपीयू के क्षेत्रीय केंद्र की काउंसलिंग 21 से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र, खनियारा द्वारा शिक्षा सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु काउंसलिंग 21 से 28 जुलाई तक की जाएगी। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र, खनियारा के निदेशक ने बताया कि भू-गर्भ विज्ञान विषय के छात्रों की काउंसलिंग 21 जुलाई को, एमकॉम व अंग्रेजी की 22 जुलाई, अर्थशास्त्र, गणित व संस्कृत के लिए 23 जुलाई को, एमसीए, पीजीडीसीए, इतिहास व हिन्दी विषय के छात्रों की 24 जुलाई को, एलएलबी व राजनीति शास्त्र की 25 जुलाई तथा एमबीए के छात्रों की काउंसलिंग 27 व 28 जुलाई को निर्धारित की है। उन्होंने सम्बन्धित विषय के विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों सहित एचपीयू के क्षेत्रीय केंद्र, मोहली, खनियारा में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# धर्मशाला को मिलीं पांच नई ई-बसें

## मुख्यालय के आदेशों पर जल्द होगा संचालन शुरू, अब 20 हो गईं इलेक्ट्रिक बसें

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। एचआरटीसी धर्मशाला के बेड़े में पांच और नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल हो गई हैं। एचआरटीसी मुख्यालय के आदेशों पर इन बसों का जल्द संचालन होने की उम्मीद है। इससे पहले भी वर्ष 2023 में स्मार्ट सिटी के तहत एचआरटीसी डिपो धर्मशाला को 15 ईलेक्ट्रिक बसें मिली थी, जिनका संचालन वर्तमान में विभिन्न रूटों पर किया जा रहा है।

वहीं एचआरटीसी की ओर से धर्मशाला शहर के आसपास के क्षेत्रों की जनता की सुविधा के लिए ई बसों का संचालन लोकल स्तर पर किया जा रहा है, जिससे कि लोगों को धर्मशाला आने में अपने वाहनों का इस्तेमाल न करना पड़े, इन बसों के प्रति भी लोगों का रुझान अच्छा नजर आ रहा है।



### ग्रीन मोबिलिटी मिशन के तहत ई-बसें शामिल

पांच नई ई-बसें में बेड़े में शामिल होने से इनकी संख्या अब 20 हो गई है, लेकिन पांच नई बसों के संचालन हेतू अभी मुख्यालय के आदेशों का इंतजार किया जा रहा है। गौरतलब है कि इन ई-बसों को राज्य सरकार के ग्रीन मोबिलिटी मिशन के तहत शामिल किया गया है, ताकि सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। वहीं शहर में हुई तीन बसों की सेवाओं का उद्देश्य यही है कि लोग अपनी गाडियों के बजाय एचआरटीसी की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही बस सेवाओं का लाभ उठाएं। शुरूआत में इन बसों के प्रति ज्यादा रुझान नहीं था, लेकिन अब लोगों में खासा रुझान देखा जा रहा है।

### सात से दस बार अपडाउन दौड़ रही बसें

धर्मशाला के आसपास के क्षेत्रों धर्मशाला व मोहली के लिए भी ई-बसों की सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। धर्मशाला से खनियारा ई-बस दिन में सात बार अपडाउन और धर्मशाला से मोहली बस सेवा दिन में दस बार अपडाउन सेवा उपलब्ध करवा रही है। धर्मशाला से खनियारा वाया दाड़ी-दाडनू और धर्मशाला से मोहली वाया चरान-सेक्रेट हार्ट ईलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह बस सेवाएं शहरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं।

### एक घंटे के अंतराल में बस सेवा

धर्मशाला से खनियारा बस सेवा सुबह 8:20 बजे, 9:50 बजे, 11:20 बजे, दोपहर 12:50 बजे, 2:20 बजे, 3:30 बजे और शाम को साढ़े सात बजे तक उपलब्ध करवाई जा रही है। धर्मशाला से मोहली बस सेवा सुबह 8:25 बजे, 9:30 बजे, 10 बजे, 10:30 बजे, 11:30 बजे, दोपहर 12:30 बजे, 2:30 बजे, 3 बजे, शाम को 5 और 6 बजे उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा नियमित बसें भी संचालित की जा रही हैं।



एचआरटीसी धर्मशाला को 5 नई इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं, जिनका जल्द संचालन शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा धर्मशाला से खनियारा व मोहली के लिए ई-बस सेवाएं शुरू की गई हैं, जिनका लोग लाभ उठा रहे हैं। इन बस सेवाओं को लेकर लोगों के अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। धर्मशाला से खनियारा दिन में सात बार, जबकि धर्मशाला से मोहली बस सेवा दिन में दस बार अपडाउन सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

-पंकज चड्डा, डीएम, एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला।

# कांगड़ा पुलिस का नशा तस्करों पर बड़ा वार, चार मामलों में 7 आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

- 154.51 ग्राम चिट्टा और 1.41 किलो से अधिक चरस बरामद, 3 वाहन भी जब्त

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश सरकार के नशा एवं चिट्टा विरोधी अभियान के तहत कांगड़ा पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग मामलों में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 154.51 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 1.412 किलोग्राम से अधिक चरस बरामद की है। कार्रवाई के दौरान तस्करी में इस्तेमाल की गई दो आल्टो कारें और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। इस संबंध में धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी कुलभूषण वर्मा ने कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा दिया।

एसपी ने बताया कि कांगड़ा पुलिस की सीआईए टीम और पालमपुर, धर्मशाला तथा बैजनाथ पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत यह सफलता हासिल की। पहले मामले में पालमपुर पुलिस ने चंबा निवासी 24 वर्षीय धीरज कुमार को 114 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर उसकी मोटरसाइकिल जब्त की। दूसरे मामले में मंडी निवासी योगिंदर कुमार को 1.029 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया तथा तस्करी में प्रयुक्त आल्टो कार को कब्जे में लिया गया। तीसरे और सबसे बड़े मामले में धर्मशाला पुलिस ने 154.51 ग्राम चिट्टे के साथ कांगड़ा निवासी संदीप कुमार और पंजाब के एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी आल्टो कार भी जब्त की। प्रारंभिक जांच में संदीप कुमार के पालमपुर और धर्मशाला क्षेत्र में हेरोइन सप्लाई नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं, जिसकी गहन जांच जारी है। चौथे मामले में बैजनाथ पुलिस ने 269 ग्राम चरस के साथ अनिल मिन्हास, शिवांश और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। एसपी कुलभूषण वर्मा ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी सूचना को पुलिस के साथ साझा करने की अपील की।

## लाहड़ू-चौकी में एचआरटीसी बस में लगी आग, सभी सवारियां सुरक्षित



लाहड़ू-चौकी में एचआरटीसी बस में लगी आग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। धीरा तहसील के अंतर्गत शुक्रवार सुबह करीब 9:00 बजे चौकी पंचायत में लाहड़ू-चौकी सड़क पर हिमाचल पथ परिवहन निगम, पालमपुर की एक बस में अचानक आग लग गई।

जानकारी के अनुसार यह बस सरूट से पालमपुर वाया चौकी-धीरा रूट पर जा रही थी। बस में उस समय लगभग 10-12 सवारियां मौजूद थीं। आग की लपटें देखकर बस चालक यशपाल ने सूझबूझ दिखाते हुए सभी सवारियों को तुरंत बस से सुरक्षित उतार दिया। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते पूरी बस जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक नीतेश शर्मा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण सेल्फ साइड शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# स्वास्थ्य बीमा का दावा खारिज करना पड़ा महंगा

## उपभोक्ता आयोग ने 1.05 लाख रुपए नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने के दिए आदेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने स्वास्थ्य बीमा दावा खारिज करने के मामले में बीमा कंपनी को राहत देने से इनकार करते हुए बीमाधारक के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने बीमा कंपनी को 1,05,322 रुपये की दावा राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने के आदेश दिए हैं। साथ ही मानसिक प्रताड़ना के लिए 25 हजार रुपये मुआवजा और 7,500 रुपये वाद व्यय देने के भी निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने उक्त फैसला सुनाया है।

आयोग के समक्ष दायर शिकायत के अनुसार नगरोटा बगवां क्षेत्र के नवनीत सूद ने अगस्त 2024 में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी। उसी माह उन्हें तेज दर्द की शिकायत होने पर एक निजी अस्पताल कांगड़ा में उपचार और शल्य चिकित्सा करानी पड़ी। उपचार के बाद बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किया गया, लेकिन कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने का हवाला देकर दावा अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि चिकित्सकीय अभिलेखों में नौ माह से दर्द रहने का उल्लेख था और पूर्व उपचार संबंधी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए। वहीं शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में भर्ती होने से पहले उन्होंने इस बीमारी का कोई उपचार नहीं कराया था, इसलिए ऐसे कोई रिकॉर्ड मौजूद ही नहीं थे। बाद में उपचार करने वाले चिकित्सक ने भी प्रमाणित किया कि मरीज को केवल चार दिन से दर्द की शिकायत थी।

आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने अप्रमाणित जांच रिपोर्ट के आधार पर वास्तविक दावा अस्वीकार किया, जो सेवा में स्पष्ट कमी है। आयोग ने माना कि दावा अस्वीकार करना मनमाना और अनुचित था। इसके बाद आयोग ने बीमा कंपनी को सत्यापित अस्पताल व्यय 1,05,322 रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने, 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति तथा 7,500 रुपये वाद व्यय देने के आदेश पारित किए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विशेष पोक्सो न्यायालय धर्मशाला ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट धर्मशाला की न्यायधीश विजय लक्ष्मी की अदालत ने



उक्त फैसला सुनाया है। मामला 9 अप्रैल 2025 को महिला थाना धर्मशाला में दर्ज एफआईआर संख्या 07/2025 से संबंधित है। पुलिस ने आरोपी रमेश चंद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, धारा 351(2) तथा पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अभियोजन पक्ष की ओर से उप- जिला न्यायावादी नवीना राही ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता की मां ने महिला थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण करवाने के साथ घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान डीएनए सहित फोरेंसिक साक्ष्यों ने भी अभियोजन के मामले की पुष्टि की। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष नवीना राही व नायब कोर्ट यशपाल ने 25 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। न्यायालय ने पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2) के तहत एक वर्ष के कारावास, पांच हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की भी सजा सुनाई है। दोनों सजाएं न्यायालय के आदेशानुसार साथ-साथ लागू होंगी।

# अगले वेतन स्तर में दें 4-9-14 इंक्रीमेंट

## पंजाब के 5-10-15 फार्मूले अनुसार तय किया जाए 4-9-14

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। वर्ष 2022 में संशोधित वेतन नियम लागू होने के बाद हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों को 4-9-14 एसीपी योजना का वास्तविक लाभ मिलना अति सीमित हो गया है। ए सी पी एस लाभ हेतु वर्ष 2022 में नियम-13 लागू किया गया। इसके तहत पदोन्नति अथवा एसीपी मिलने पर केवल 9 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन वृद्धि का प्रावधान किया गया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2012 में कर्मचारियों के लिए 4-9-14 एसीपी योजना लागू की थी। इस योजना के तहत 4, 9 और 14 वर्ष की नियमित सेवा पूरी होने पर कर्मचारियों को अगले वेतन स्तर का लाभ मिलता था।

इसका सबसे अधिक लाभ उन कर्मचारियों को मिलता था, जिन्हें लंबे समय तक पदोन्नति नहीं मिल पाती थी। इससे कर्मचारियों के वेतन में अच्छी बढ़ोतरी होती थी और सेवानिवृत्ति तक उन्हें लाखों का आर्थिक लाभ मिलता था। इसके कारण कर्मचारियों को पहले की तरह अगले वेतन स्तर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हजारों कर्मचारी 4-9-14 एसीपी के मूल लाभ से वंचित हो गए हैं। इसका सीधा असर कर्मचारियों के वेतन, महंगाई भत्ते, वार्षिक वेतन वृद्धि, पेंशन तथा सेवानिवृत्ति लाभों पर पड़ रहा है। अनुमान के अनुसार प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सेवा अवधि के दौरान लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ए सी पी एस इंक्रीमेंट में पहले की तरह अगले वेतन स्तर का लाभ प्रदान किया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश वित्त सचिव को प्रेषित ज्ञापन में उठाई है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि पंजाब सरकार ने मेडिकल ऑफिसर्स के लिए संशोधित एमएसीपी योजना लागू करते हुए 5, 10 और 15 वर्ष की नियमित सेवा पूरी होने पर उच्च वेतन स्तर देने का प्रावधान किया है। हाल ही में 17 जुलाई, 2020 के बाद नियुक्त मेडिकल ऑफिसर्स को भी इस योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पंजाब सरकार कर्मियों के हितों की रक्षा करते हुए समयबद्ध वित्तीय लाभ देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों की वर्षों पुरानी 4-9-14 एसीपी योजना का वास्तविक लाभ समाप्त होना चिंता का विषय है। प्रदेश सरकार से आग्रह है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए 4-9-14 एसीपी योजना को उसकी मूल भावना के अनुरूप पुन: बहाल किया जाए और कर्मियों को पहले की तरह अगले वेतन स्तर का लाभ प्रदान करने के लिए शीघ्र अधिसूचना जारी की जाए।

पंजाब सरकार ने मेडिकल ऑफिसर्स के लिए 5-10-15 एमएसीपी योजना लागू की है। इसके तहत कर्मचारियों को केवल अतिरिक्त वेतन वृद्धि नहीं, बल्कि निर्धारित सेवा अवधि पूरी होने पर सीधे अगले वेतन स्तर का लाभ दिया जा रहा है।

## सत्ता गई... संस्कार नहीं! बिंदू ने पंचायत के नए नुमाइंदों को चुनरी ओढ़ाकर जीता दिल



अनंत ज्ञान, सालबिया शर्मा, गरली। राजनीति में चुनावी प्रतिस्पर्धा के बाद अक्सर मतभेद देखने को मिलते हैं, लेकिन बणी ग्राम पंचायत की पूर्व प्रधान एवं पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य बिंदू ठाकुर ने लोकतंत्र की अनोखी मिसाल पेश की है। नवगठित ग्राम पंचायत सदबाँ की पहली ग्रामसभा में उन्होंने नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रधान प्रवीण कुमारी, उपप्रधान अश्विनी कुमार, बीडीसी सदस्य रेखा कुमारी सहित सभी वार्ड सदस्यों का सम्मान करते हुए कहा कि अब राजनीति से ऊपर उठकर गांव का विकास ही सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। बिंदू ठाकुर ने कहा कि जनता का जनादेश सर्वोपरि है और सभी प्रतिनिधियों को मिलकर पंचायत के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। प्रधान प्रवीण कुमारी ने इस सम्मान को प्रेरणा और जिम्मेदारी बताया।

## गरली के सदबां में नशे के खिलाफ पंचायत का फैसला, तस्करों को नहीं मिलेगा चरित्र प्रमाणपत्र

अनंत ज्ञान, सालबिया शर्मा, गरली। ग्राम पंचायत सदबां ने नशे के खिलाफ ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रामसभा में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पंचायत प्रधान प्रवीण कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि नशा तस्करी या सार्वजनिक स्थान पर नशा करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस और पंचायत को दी जाएगी। ऐसे लोगों को पंचायत की ओर से चरित्र प्रमाणपत्र भी जारी नहीं किया जाएगा। प्रधान ने कहा कि पंचायत गांव के विकास, सामाजिक सौहार्द और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामसभा में किन्नर समुदाय के लिए बधाई राशि निर्धारित करने सहित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपप्रधान अश्वनी कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, राष्ट्र निर्माण का संस्कार और विचार है : विपिन सिंह परमार




अनंत ज्ञान, डरोह। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने धर्मशाला के डाढ स्थित जालंधर परिसर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प, संस्कार और विचार है। भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और स्वयं सबसे अंत में है। उन्होंने कहा कि पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देती है। परमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## नीट परीक्षा में गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के होनहारों का जलवा



गुरु स्टडी सेंटर ने रचा सफलता का नया इतिहास। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित गुरु स्टडी सेंटर के होनहारों ने इतिहास रच दिया है। सेंटर के 50 से अधिक स्टूडेंटस ने नीट परीक्षा पास करके मेडिकल सपनों की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। वहीं संस्थान प्रबंधन का कहना है कि 13 वर्षों की मेहनत, विश्वास और उत्कृष्ट परिणामों की नई पहचान हासिल हुई है। नीट 2026 में गुरु स्टडी सेंटर के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर अपने मेडिकल सपनों की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। सेंटर के स्टूडेंट साहिल ने नीट परीक्षा में 586 और महक ने 585 अंक हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। सिर्फ नीट ही नहीं, जेईई 2026 में भी 11 में से 8 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की और सभी को एनआईटी हमीरपुर में प्रवेश का अवसर मिला। यह उपलब्धि केवल अंकों की नहीं, बल्कि वर्षों की निरंतर मेहनत, अनुभवी मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के अटूट समर्पण का परिणाम है।

गुरु स्टडी सेंटर के एमडी रिशाद मोहम्मद ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और गुरु परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हर सफलता के पीछे अनुशासन, सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास होता है। गुरु स्टडी सेंटर का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को साकार करना है।

## बीए द्वितीय वर्ष के परिणाम में डीएवी कॉलेज कांगड़ा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



आशीष दामिर, कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा घोषित बीए द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। घोषित परिणाम के अनुसार महाविद्यालय की छात्रा अंकिता ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रुद्रांशी ने 89.62 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय तथा यशवी ने 86.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा निरंतर परिश्रम को दिया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने एक बार फिर महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रमाणित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी उच्च उपलब्धियां प्राप्त कर महाविद्यालय, अपने परिवार तथा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है और इस वर्ष का परिणाम महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी कक्षाओं एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन बना अमृत स्टेशन, हिमाचल के विकास को मिलेगी नई रफ्तार : विश्व चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन को भी अमृत स्टेशन के रूप में नई पहचान मिली। प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने इसे हिमाचल के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने रेलवे को विकास का माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि अंब अंदौरा स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर ऊना-हमीरपुर क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक वेटिंग हॉल, दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, फूड कोर्ट, सोलर पावर और यात्री सूचना प्रणाली जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

## नगरोटा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कार्य तेज, पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू

अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगरोटा बगवां क्षेत्र में पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध करवाने का कार्य तेज हो गया है। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल के तहत पंचायत स्तर पर सर्वे कर लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है। नगरोटा बगवां और बड़ोह विकास खंड की खंड विकास अधिकारियों लतिका और रमा सूद ने बताया कि वर्ष 2023-24 के सर्वे के आधार पर विधानसभा क्षेत्र में कई आवास स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। आगामी निर्देशों के बाद दोबारा सर्वे कर वंचित पात्र लोगों को भी योजना में शामिल किया जाएगा। पंचायत स्तर पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

# 28 साल पुराना झाकड़ी-हमीरपुर बस रूट बंद, निजी ऑपरेटर को फायदा

## बहाना टायरों की कमी का या फिर कोई राजनीतिक दबाव, यात्री पूछ रहे प्रश्न

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** 28 वर्ष पुराने झाकड़ी-रामपुर-हमीरपुर बस रूट को एचआरटीसी ने क्यों किया बंद? यह यक्ष प्रश्न निगम के उच्चाधिकारियों से पूछा जा रहा है। कारण यह है कि इस बस को बंद करने के पीछे निजी ऑपरेटर को फायदा पहुंचाने की मंशा के आरोप लग रहे हैं।

कहा जा रहा है कि हमीरपुर से वापसी के समय जब यह निगम की बस अपने गंतव्य के लिए चलती थी, तो इसके ठीक पहले यानी 25 मिनट के अंतर में धर्मशाला से बिल्कुल इसी रूट पर एक और निजी बस चला दी। कारण यह है कि उसका समय निगम की इतनी पुराने बस रुट से पहले दे दिया गया। जिस पर रूट परमिट जारी करने वालों पर सवाल उठ रहे हैं। हमीरपुर से लेकर झाकड़ी तक जब 20-25 मिनट के फासले पर पहले निजी बस सरकारी बस के आगे आगे चलेगी, इसका मतलब समझने वाले निश्चित रूप में समझते हैं। क्योंकि ऐसा खेल किसी एक रूट पर ही नहीं हुआ है निगम के बड़ी तादाद में रूटों पर ऐसे फैसलों का फर्क पड़ता है व उसका खामियाजा भी निगम भुगत रहा है। निगम के बेड़े में ऐसे कमाऊ लंबे रूटस को यदि बेवजह से नुकसान पहुंचाया जाएगा, तो निगम की इनकम आखिर होगी कहां से? यह सवाल भी उन अधिकारियों से पूछा जा रहा है जो इस तरह के फैसले लेने के लिए निगम का नुक्सान करते हैं।

### निजी बस के समय से सरकारी सेवा पर संकट

**हमीरपुर** रूट पर समय निर्धारण को लेकर उठे सवालों ने निगम की बस सेवा को प्रभावित किया है। शाम 4 बजे पहुंचने वाली सरकारी बस को 5:10 बजे वापसी करनी थी, लेकिन निजी बस के 4:45 बजे रवाना होने से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई। इसके बाद निगम ने टायरों की समस्या का हवाला देकर बस सेवा बंद कर दी। यात्रियों का कहना है कि समस्या आने के समय नहीं, बल्कि वापसी के समय पैदा हुई, जिससे सरकारी सेवा प्रभावित हुई।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### टायरों की कमी से रुकी बस बहाली की उम्मीद

**रामपुर** डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश कुमार ने बताया कि टायरों की कमी के कारण बस सेवा को अस्थायी रूप से होल्ड किया गया था। अब टायरों की सप्लाई शुरू हो गई है और अगले सप्ताह से बस को फिर चलाने की उम्मीद है। निजी बस के समय को लेकर मामला उच्च स्तर पर उठाया गया है। उन्होंने कहा कि 1998 से चल रहे इस परमिट वाले रूट को बंद नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह यात्रियों के साथ निगम के लिए भी महत्वपूर्ण और लाभदायक है।

### मसला क्या है?

**यह** बस रूट 1997 98 में चलाया गया था। तब शायद धर्मशाला तक जाता था लेकिन लंबे समय से इसे हमीरपुर तक कर दिया गया था और हमीरपुर से यहां रूट निगम के लिए कमाऊ था। लेकिन निगम के जिन कारकारिंदो ने स्थिति को बेमानी बना दिया, उसका जवाब कौन देगा।

## बीटेक और बीफार्मेसी की दूसरे चरण की सीटें आज होंगी आवंटित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बीटेक और बीफार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत 18 जुलाई को सीटें आवंटित की जाएंगी। अभ्यर्थियों को जेईई और एचपीसीईटी की मेरिट तथा काउंसलिंग फॉर्म में भरे गए विकल्पों के आधार पर शिक्षण संस्थान मिलेगा। सीट आवंटित होने के बाद विद्यार्थियों को संबंधित संस्थान में 21 जुलाई तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में 18 जुलाई को एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और एमए/एमएससी योग की पहले चरण की ऑफलाइन काउंसलिंग आयोजित होगी। वहीं फार्मा डी की काउंसलिंग फार्मेसी कॉलेज कथोग, ज्वालामुखी में होगी। बीएससी एचएमसीटी, बीएचएमसी, बीसीए और बीबीए की काउंसलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में ही आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि बीटेक और बीफार्मेसी की सीटों का आवंटन पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा।

# भोटा से शुरू हुई शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा

## न्यू कांप्लेक्स सिस्टम के विरोध में 6 दिन बाद शिमला में होगा प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ की शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा शुरू हो गई है। 6 दिन बाद यह पैदल यात्रा शिमला पहुंचेगी। भोटा से शिमला के लिए पैदल मार्च कर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने कहा है कि इसके सिवाए उनके पास और कोई चारा नहीं बचा है। भोटा के बाजार के पास स्थानीय प्राथमिक शिक्षकों और रिटायर्ड टीचर्स ने भारी संख्या में एकत्र होकर पदयात्रा की अगुवाई कर रहे राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा और उनके दल का बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

यात्रा दल को फूलों से लादकर ढोल ढमाके के साथ अभिनंदन किया गया। यात्रा नारेबाजी करते हुए भोटा बाजार से होते हुए शिमला के लिए निकल गई। यह न्याय यात्रा 25 जुलाई को पैदल शिमला पहुंचेगी और 26 जुलाई को चौड़ा मैदान शिमला में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा को रिटायर्ड प्राथमिक शिक्षकों, मिड डे मील वर्कर्स व मल्टी टास्क वर्कर्स का भारी समर्थन मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश के 40,000 से अधिक रिटायर्ड प्राथमिक शिक्षकों की भावनाएं भी इस न्यू कंपलेक्स सिस्टम से आहत हुई हैं और 21,000 से अधिक मिड डे मील वर्करों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। इस पदयात्रा में 86 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक 2 बार प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके, एआईपीटीएफ के सलाहकार प्रेम सिंह ठाकुर भी यात्रा में शामिल हुए।

प्रेम सिंह ने बताया कि यह प्रदेश सरकार का फैसला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जो शिक्षा का ढांचा 1984 से काम कर रहा था। वह ढांचा सरकार के इस फैसले से खत्म हो जायेगा जिस ढांचे की तहत प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री, कई मंत्री बहुत सारे अधिकारियों ने प्रदेश का नाम ऊंचा किया है,और शिक्षा हासिल की है।

सरकार से उन्होंने निवेदन किया कि न्यू कॉप्लेक्स प्रणाली को सरकार वापस ले और प्राथमिक शिक्षा के ढांचे से कोई छेड़छाड़ न हो। यात्रा में प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल भाटिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र केवला,देश राज शर्मा अध्यक्ष हमीरपुर, जिला अध्यक्ष बिलासपुर राकेश पटियाल, खण्ड भोरंज के प्रधान राजेंद्र कुमार, बिझड़ी के अध्यक्ष रोशन लाल विशेष रूप से शामिल रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ न्यू कॉप्लेक्स सिस्टम के विरोध में और अन्य 25 मांगों को लेकर निरंतर आंदोलनरत है तथा आगमी 2027 के विस चुनावों तक संघर्षरत रहेगा।

### बच्चों की खेलें बंद करने पर विरोध तेज

**पिछले** 30 वर्षों से आयोजित हो रही छोटे बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं बंद करने पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार और शिक्षा विभाग पर सवाल उठाए हैं। संघ ने कहा कि यदि बजट की समस्या है तो वह स्वयं खर्च उठाने को तैयार है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद खेलें आयोजित न होने से लोगों में नाराजगी है। संघ ने मांग की है कि बच्चों के हित में यह निर्णय वापस लिया जाए। आंदोलन में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर विरोध जता रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एंटी चिट्टा क्रिकेट टूर्नामेंट में ज्वालाजी ने जीता खिताब, नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सरेड़ी पंचायत में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय एंटी चिट्टा क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हुआ। समारोह में पंचायत उप-प्रधान पंकज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में ज्वालाजी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और ट्रॉफी के साथ 5100 रुपये की नकद राशि जीती। उपविजेता रोपा इलेवन को ट्रॉफी और 2100 रुपये की सम्मान राशि दी गई। आर्यन परमार को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। आयोजनकर्ताओं ने कहा कि ऐसे युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रभावी माध्यम हैं।

### पहचान स्पेशल स्कूल के समर कैंप में विशेष बच्चों ने सीखी आत्मनिर्भरता की नई राह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न थीम आधारित गतिविधियां करवाई गईं। इस दौरान बच्चों ने कला एवं शिल्प, प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां, खेल, रसोई एवं पोषण, संवेदी व संज्ञानात्मक गतिविधियां, फाइन एवं ग्रॉस मोटर स्किल्स तथा दैनिक जीवन कौशल से संबंधित प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को आईएचएम का शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया गया, जहां उन्होंने रसोई व्यवस्था, खाद्य स्वच्छता और कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय की संस्थापक चेतना शर्मा ने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा विशेष बच्चों के आत्मविश्वास, सामाजिक व्यवहार और आत्मनिर्भरता बढ़ाने में सहायक होती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### भोरंज में पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के खुथड़ी, कड़ोहता और मुंडखर ग्राम केंद्रों में शुक्रवार को भाजपा के '12 साल बेमिसाल, एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री (महिला मोर्चा) कमलेश कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कमलेश कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

### 7 दिन में बीपीएल सर्टिफिकेट जमा करवाएं हमीरपुर और लंबलू के बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सहायक अभियंता सौरभ राय ने विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर और विद्युत उपमंडल लंबलू के बीपीएल वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने बीपीएल प्रमाण पत्र 7 दिन के भीतर संबंधित विद्युत उपमंडल कार्यालय में जमा करवाएं। इस प्रमाण पत्र के साथ बिजली के बिल की फोटो प्रति और उपभोक्ता आईडी नंबर भी संलग्न करें, ताकि भविष्य में बीपीएल वर्ग के पात्र उपभोक्ताओं को सब्सिडी योजना से लाभान्वित किया जा सके।

### इंस्पायर मानक योजना के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू, 15 सितंबर तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की इंस्पायर मानक योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर कमल किशोर भारती ने जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के नवाचारी विचारों का अधिक से अधिक नामांकन करवाने के निर्देश दिए हैं। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि विद्यार्थी दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान से जुड़े नए उपकरण, मशीन, गैजेट और तकनीकी नवाचार प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रत्येक विद्यालय अधिकतम पांच नामांकन भेज सकता है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

### डीएवी आलमपुर में स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में डीएवी आलमपुर के एलएमसी सदस्य कुलभूषण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों की सेवा भावना और समाजहित में किए गए कार्यों की सराहना की। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सुजानपुर मैदान में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद सुजानपुर बस स्टैंड से पोडियां मोहल्ला तक नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारे लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी ऋषभ शर्मा और राशि हाजरी ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### भरेड़ी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 22 को 9 पंचायतों की समस्याओं का होगा समाधान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के गांव भरेड़ी में 22 जुलाई को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधायक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में क्षेत्र की 9 ग्राम पंचायतों की जनसमस्याओं का समाधान किया जाएगा। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध करवाया जाएगा। जरूरतमंदों के प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज भी बनाए जाएंगे। योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी।

# बडैहर हत्याकांड: बेटा और मां चार दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के बडैहर गांव में हुए चर्चित रत्न चंद हत्याकांड में पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मामले में गिरफ्तार मृतक के बेटे विजय कुमार और उसकी मां सोमा देवी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने दोनों आरोपियों को 20 जुलाई तक चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब रिमांड के दौरान दोनों से अलग-अलग और आमने-सामने पूछताछ कर घटना के पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

गौरतलब है कि बुधवार देर रात करीब 11:15 बजे बडैहर गांव में 65 वर्षीय रत्न चंद और उनके बेटे विजय कुमार के बीच कथित रूप से शराब के नशे में कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट में बदल गया। पुलिस के अनुसार मारपीट के दौरान रत्न चंद के चेहरे और मुंह पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जाहू पुलिस चौकी और थाना भोरंज की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया। बाद में जांच के दौरान उसकी मां सोमा देवी को भी मामले में गिरफ्तार किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी लालमन शर्मा स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, जबकि बिलासपुर से फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने गुरुवार को मृतक रत्न चंद के शव का मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया था। अब पुलिस की जांच का केंद्र दोनों आरोपियों से पूछताछ है। रिमांड के दौरान पुलिस यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि वारदात के समय वास्तव में क्या हुआ, विवाद किस कारण शुरू हुआ, घटना में दोनों आरोपियों की क्या भूमिका रही और क्या इसमें कोई अन्य तथ्य भी सामने आते हैं। पुलिस फॉरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों तथा आरोपियों के बयानों का मिलान भी करेगी।

◆ **हत्या के हर पहलू की जांच में जुटी पुलिस**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलबीर सिंह ने बताया कि आरोपी विजय कुमार और सोमा देवी को न्यायालय से 20 जुलाई तक चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है। रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से विस्तार से पूछताछ की जाएगी तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## डीसी गंधर्वा ने किया नादौन की पंचायतों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार को विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत रैल, बड़ा, फस्टे, सपड़ोह और जलाड़ी तथा आईटीआई रैल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में जारी विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से प्राकृतिक जलस्रोतों जैसे-बावड़ियों, कुओं और तालाबों इत्यादि की सफाई के लिए चलाए गए विशेष अभियान की जानकारी भी ली तथा इस अभियान में आम लोगों, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने पंचायत जनप्रतिनिधियों से नशा विरोधी अभियान में भी सक्रिय योगदान देने की अपील भी की।

उपायुक्त ने आईटीआई रैल में एंटी चिट्टा अभियान के तहत आयोजित एक जागरुकता कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था एवं युवावस्था जीवन की बहुत ही संवेदनशील अवस्था होती है और नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोग ज्यादातर किशोरों एवं युवाओं को ही अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से बचने तथा इन्हें बेनकाब करने के लिए युवाओं को स्वयं आगे आना होगा। तभी नशे को खत्म किया जा सकता है। उपायुक्त ने संस्थान के विभिन्न विभागों और वर्कशॉप्स का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संस्थान के परिसर में पौधारोपण भी किया।

# ओटीपी के बिना संयुक्त खाते से 98 हजार उड़ाए

अनंत ज्ञान

◆ **पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल से लगाई मदद की गुहार**

**नादौन।** नादौन उपमंडल के अंतर्गत गांव तरकेड़ी निवासी नवीन कुमार ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। पीड़ित नवीन कुमार के अनुसार उनके एसबीआई कांगू शाखा में संचालित संयुक्त बैंक खाते से बिना किसी ओटीपी अथवा अनुमति के 98 हजार रुपये चार अलग-अलग लेन-देन के माध्यम से निकाल लिए गए। पता चलते पर पीड़ित ने बैंक प्रबंधन, साइबर हेल्पलाइन व संबंधित अधिकारियों को शिकायत देकर राशि वापस दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार 8 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे कुछ ही मिनटों के भीतर खाते से क्रमशः 3 हजार रुपये, 5 हजार, 50 हजार तथा 40 हजार रुपये निकाले गए। पीड़ित का कहना है कि लेन-देन के दौरान उनके मोबाइल पर किसी प्रकार का ओटीपी प्राप्त नहीं हुआ, जबकि खाता संयुक्त होने के कारण दोनों खाताधारकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसबीआई कांगू शाखा से जुड़ा इस प्रकार का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गांव तरकेड़ी की एक महिला के संयुक्त खाते से संदिग्ध परिस्थितियों में ऑनलाइन ठगी हुई थी। हालांकि संबंधित अधिकारियों की सक्रियता से उस मामले का समाधान हो गया था, लेकिन एक ही बैंक शाखा से दोबारा इस प्रकार की घटना सामने आने से क्षेत्र के लोगों में चिंता और संदेह का माहौल बन गया है।

बैंक प्रबंधन व प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पिन अथवा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित एजेंसियों को दें।

# नादौन बस स्टैंड व शॉपिंग कांप्लेक्स का निमार्ण कार्य शीघ्र ही होगा शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **सरकारी कार्यालयों को शिफ्ट करने का सिलसिला हुआ शुरू**

**नादौन।** नादौन में प्रस्तावित आधुनिक बस स्टैंड व शॉपिंग कॉप्लेक्स बनाए जाने का कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। जिससे शहर वासियों में खुशी का महौल है। नगर परिषद नादौन, पटवार कार्यालय नादौन व कोहला, कानूनगो कार्यालय व कृषि विभाग के स्टोर को डिस्मेंटल किया जाना है। जिसके टेंडर 18 जुलाई को होंगे।

इस प्रकिया के चलते एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद नादौन ने अपने कार्यालय रैहन बसेरा में शिफट करना शुरू कर दिया है। पटवार कार्यालय नादौन व कोहला तथा कानूनगो कार्यालय को पंचायत भवन बेला में शिफट किए जाने तथा कृषि विभाग के स्टोर को अंबेदकर भवन बेला में शिफट किए जाने के एसडीएम निशांत शर्मा ने निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार इन सभी कार्यालयों के भवनों को 17 जुलाई तक खाली किया जाना है। जिसके चलते सभी विभागों ने अपने अपने कार्यालयों को शिफट करना शुरू कर दिया है। सरकार द्वारा सबसे पहले इस करीब सात कनाल भूमि में बनी पुरानी इमारतों को गिराया जाना है उसके बाद अगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं नगर परिष नादौन के पुराने शॉपिंग कॉप्लेक्स व अन्य दुकानों को गिराने से पहले दुकानदारों के लिए शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निमार्ण किया जाए उसके बाद इन दुकानदारों को वहां शिफट किया जाए और वर्तमान में स्थित बस स्टैंड मार्किट को उसके बाद खाली करवाकर गिराया जाए।

एसडीएम निशांत शर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश में इस कार्य में तेजी लाई जा रही है। पुरारी सरकारी इमारतों को गिराए जाने के लिए 18 जुलाई को टेडर प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद नादौन,राजस्व कार्यालयों व कृषि विभाग के स्टोर को 17 जुलाई तक खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा सके।

## राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़सर को मिल सकती है बड़ी सौगात

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर जिला के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ी स्थित ताल स्टेडियम में इस वर्ष प्रदेश स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे। प्रदेश स्तरीय आयोजन को लेकर लोगों की निगाहें मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर टिकी हैं।

पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित हो सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अवसर पर 132 केवी विद्युत उपकेंद्र, फायर ब्रिगेड भवन, चकमोह अस्पताल तथा बिझड़ी पशु चिकित्सालय जैसे पूर्ण हो चुके महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उद्घाटन किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के अनेक विकास कार्य विभिन्न चरणों में चल रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कई नई विकास परियोजनाओं के शिलान्यास भी कर सकते है। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और जनता को लंबे समय से लंबित परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। ढटवालिया ने कहा कि प्रदेश स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़सर के लिए सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाली कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करेंगे, जिससे बड़सर विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा।

# हमीरपुर अंडर-14 बास्केटबॉल टीम का चयन मंडी में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम



टौणी देवी में हुआ अंडर-14 बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन हमीरपुर ने अंडर-14 वर्ग के लिए लड़के और लड़कियों की टीमों का चयन कर लिया है। गुरुवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल टौणी देवी के खेल मैदान में आयोजित चयन प्रक्रिया में जिले के दर्जनों खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयन समिति ने खिलाड़ियों की खेल क्षमता, प्रदर्शन और तकनीकी दक्षता को ध्यान में रखते हुए देर शाम दोनों टीमों की घोषणा कर दी। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रवक्ता सुरेश कश्यप ने बताया कि 24 जुलाई से मंडी जिला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हमीरपुर की टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से पहले चयनित खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। लड़कों की टीम का प्रशिक्षण सीनियर सेकेंडरी स्कूल टौणी देवी और लड़कियों की टीम का प्रशिक्षण सीनियर सेकेंडरी स्कूल डेरापुर रोड में करवाया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों की तैनाती भी कर दी गई है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य बास्केटबॉल से जुड़े बच्चों को बेहतर मंच उपलब्ध करवाकर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि संघ के प्रयासों से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं, जबकि कई खिलाड़ी भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं। चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।

# नादौन के मौवालघाट कलूर में बनेगा 122 कनाल में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो, बस स्टैंड व वर्कशॉप

अनंत ज्ञान



**शशि सोनल, नादौन।** नादौन शहर से करीब छह किलोमीटर दूर मौवालघाट कलूर में नेशनल हाईवे के किनारे एचआरटीसी का अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो, भव्य बस स्टैंड और वर्कशॉप का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग ने ड्राइंग तैयार कर एचआरटीसी विभाग को अप्रूवल के लिए भेज दी है। अप्रूवल मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने सरकारी भूमि के साथ लगती निजी भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया है। अब डिपो, बस स्टैंड और वर्कशॉप के निर्माण के लिए विभाग के पास कुल 122 कनाल भूमि उपलब्ध हो गई है। परियोजना के पूरा होने से नादौन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

इलेक्ट्रिक बस डिपो और आधुनिक बस स्टैंड बनने से नादौन उपमंडल के अलावा ज्वालामुखी, जसवां-परागपुर, कुटलैहड़, बंगाणा तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। यहां से शिमला, चंडीगढ़, दिल्ली सहित प्रदेश और बाहरी राज्यों के प्रमुख शहरों के लिए बस सुविधा उपलब्ध होने की संभावना है।

एचआरटीसी के डायरेक्टर एवं जिला युवा कांग्रेस नेता मोंटी संधू, नगर परिषद नादौन अध्यक्ष शम्मी सोनी, कलूर पंचायत उपप्रधान राजेंद्र सिंह लक्की, खाद्य आपूर्ति विभाग के डायरेक्टर बबलू चौधरी, रजनीश चौधरी और मनजीत मनु ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे परिवहन सुविधाओं में विस्तार होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। हिमाचल को इलेक्ट्रिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में आगे ले जाने की दिशा में यह परियोजना अहम साबित होगी।

लोक निर्माण विभाग नादौन के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र जुबलानी ने बताया कि स्वीकृत इलेक्ट्रिक बस डिपो, बस स्टैंड और वर्कशॉप की ड्राइंग तैयार कर संबंधित विभाग को अप्रूवल के लिए भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## झूठ का चश्मा उतारें कांग्रेस नेता : संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा मंडल बड़सर के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कांग्रेस नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि वे पहले 'झूठ का चश्मा' उतारकर धरातल पर उतरें, तब उन्हें बड़सर की वास्तविक स्थिति दिखाई देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी ढाई वर्ष की विफलताओं को छिपाने के लिए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल पर निराधार आरोप लगा रही है।

संजीव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बताए कि उसके कार्यकाल में कितनी नई सड़कें बनीं, पेयजल योजनाएं पूरी हुईं और कितनी विकास परियोजनाएं समय पर जनता को समर्पित की गईं। उन्होंने दावा किया कि धनेटा-बड़सर, कुढ़ार-दियोटसिद्ध और रैली-जजरी-अंदरोली सड़क जैसी परियोजनाओं के लिए विधायक लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि ₹137 करोड़ की बड़सर पेयजल योजना, दियोटसिद्ध सौंदर्यीकरण परियोजना और अन्य कई योजनाएं भाजपा की देन हैं। उन्होंने बड़सर बस स्टैंड, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सेवाओं, आउटसोर्स भर्तियों व लंबित भर्ती परिणामों को लेकर भी कांग्रेस सरकार से जवाब मांगा।

# बड़सर में रिकॉर्ड विकास से विपक्ष बौखलाया जनता को गुमराह न करें विधायक: रुबल

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** एचपीएमसी के गैर-सरकारी निदेशक रुबल सिंह ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बड़सर विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे विधायक इंद्रदत्त लखनपाल बौखला गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक तथ्यहीन बयान देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। रुबल ठाकुर ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार केवल राजनीति करती, तो बड़सर के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं स्वीकृत नहीं होतीं। वर्षों से लंबित योजनाओं को वर्तमान सरकार ने मंजूरी देकर धरातल पर उतारा है।



उन्होंने विधायक से अपने लंबे राजनीतिक कार्यकाल का हिसाब जनता के सामने रखने की मांग करते हुए कहा कि मेहरे-धनेटा सड़क और सलौनी-गलोड़ सड़क वर्षों तक अधूरी क्यों रहीं। उन्होंने कहा कि इन्हीं परियोजनाओं का निर्माण अब वर्तमान सरकार के कार्यकाल में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका जवाब जनता चाहती है।

रुबल ने बताया कि वर्ष 2025-26 में एसडीआरएफ के तहत एक करोड़ रुपये, रिपेयर रजिस्ट्रेशन हेड के तहत दो करोड़ रुपये तथा विभिन्न पंचायतों में मरम्मत कार्यों के लिए करीब 1.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा कोहड़रा स्कूल के लिए 15 करोड़, भोटा बस स्टैंड के लिए 10 करोड़, सलौनी-देयोतसिद्ध सड़क के लिए 37.75 करोड़, रैली-जजरी-अंद्रोली सड़क के लिए 10.48 करोड़, पीडीएनए के तहत 12.60 करोड़ तथा बड़सर बस स्टैंड के लिए दो करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के माध्यम से भी कई विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने विधायक से विकास कार्यों का स्वागत करने व अनावश्यक राजनीतिक बयानबाजी से बचने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### भांबला में 20 को बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल भांबला के अंतर्गत 11 केवी खुड़ला-सुलपुर-बही एचटी लाइन तथा तलैहर-फतेहपुर एचटी लाइन के आवश्यक रखरखाव एवं लाइन के साथ लगे पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई के कार्य के चलते 20 जुलाई को इन लाइनों से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल भांबला के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि प्रातः 9:00 बजे से कार्य पूर्ण होने तक खुड़ला, धतोली, मनवाना, भांबला, बतैल, सुलपुर, कैंची मोड़, अपर भांबला, ढलवान, कोलनी, गुड़ सदवाल, फतेहपुर, पोंटा, तलैहर, बही तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि मौसम प्रतिकूल रहता है अथवा वर्षा के कारण कार्य निर्धारित तिथि पर पूरा नहीं हो पाता है, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### विद्युत विभाग चांगर के मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे



**अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रसिद्ध देव मंदिर बाला कामेश्वर से संपर्क करता विद्युत विभाग चांगर का मार्ग गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। मार्ग पर आने-जाने वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मार्ग की इस दुर्दशा से जहां सरकारी कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उपभोक्ताओं को भी इस परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। गड्ढों में बरसात का पानी जमा हो जाता है, जिससे कई बार एक ही समय में वहां से गुजर रहे वाहन और पदयात्री उस समय परेशान होते हैं। जब पदयात्रियों के कपड़ों पर चलते वाहनों से मटमैले पानी की बौछार पड़ती है और कपड़े गंदे प्रदूषित हो जाते हैं। विद्युत विभाग के यहां यह फटेहाल भले ही सड़क मार्ग के कुछ भाग में है, मगर परेशानी का सिलसिला लंबे समय से अब भी जारी है, जिससे मरम्मत कार्य को लेकर कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, मगर अभी तक संबंधित विभाग द्वारा अभी तक किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि यह सार्वजनिक समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं संबंधित विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर अंगुली उठना स्वाभाविक सी बात है। लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग सुधार की मांग की है।

### सरकाघाट कॉलेज में बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के राजनीति विज्ञान विभाग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता साक्षरता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि मतदान प्रत्येक पात्र नागरिक का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण नागरिक दायित्व भी है। उन्होंने 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र विद्यार्थियों से मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करवाने, मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी सहायक प्रो. संजीव कुमार तथा सहायक प्रो. सुनीता पठानिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों साहिल कुमार, दीक्षा, पल्लवी कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रीति, पूजा, सानिया एवं अन्य विद्यार्थियों ने आकर्षक 'डेमोक्रेसी वॉल' तथा जन-जागरूकता पोस्टरों के माध्यम से मतदान के महत्व, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों एवं सशक्त मतदाता की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### खाद न मिलने से नाचन के किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, विजय कुमार, हटगढ़।** केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों किसानों की सहूलियत आदि को लेकर बड़ी बड़ी बातें-भाषण करती हैं, परंतु धरातल में किसान अभी भी वैसे का वैसा है। यानी सरकारों को किसान एवं किसानी के हालातों का अभी तक आभास नहीं है। आजकल किसान को यूरिया खाद की सख्त जरूरत है। मक्की की फसल और धान के लिए इस समय यूरिया वरदान है, परंतु पूरे नाचन विधानसभा क्षेत्र में यूरिया उपलब्ध ही नहीं है। सरकार के प्रतिनिधि जानते हैं कि यूरिया की मांग किसान कब करता है, मगर इस ओर गंभीरतापूर्वक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसान वर्ग मुश्किल दौर से गुजर रहा है। अगर किसान को इस समय यूरिया खाद नहीं मिलती है तो किसान की छह महीने की मेहनत बर्बाद हो जाएगी उसकी खून पसीने से सींची फसल सरकार के इस उदासीन रवैए से चौपट हो जाएगी। स्थानीय किसानों ने मांग करते हुए कहा कि सरकार किसानों को यूरिया कब और कहां मिलेगी इस बारे सही जानकारी दे। नाचन विधानसभा क्षेत्र में किसान यूरिया के लिए दुकानदारों के चक्कर पर चक्कर काट रहा है, किन्तु उसके हाथ कुछ नहीं लग रहा। आखिर किसान करे तो क्या करे।

# नगर निगम में ऑनलाइन भी होगा कूड़ा संग्रहण शुल्क का भुगतान

## सभी उपभोक्ताओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य, समय पर बिल जमा करने की अपील

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी ने शहरवासियों को सूचित किया है कि कूड़ा संग्रहण शुल्क के बिलों का भुगतान अब ऑनलाइन माध्यम से भी किया जा सकता है। निगम के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है। इसमें आवासीय भवनों के साथ-साथ दुकानें, सरकारी कार्यालय, होटल, निजी कार्यालय, सरकारी आवास, सामुदायिक भवन, अस्पताल तथा अन्य सभी संस्थान शामिल हैं। नगर निगम ने बताया कि कूड़ा संग्रहण शुल्क के बिल नवंबर माह से जारी किए जा चुके हैं। जिन उपभोक्ताओं ने किसी कारणवश अपने बिल ऑफलाइन माध्यम से जमा किए हैं, वे नगर निगम कार्यालय में संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने बिल का समायोजन करवा सकते हैं, ताकि अभिलेखों में सही जानकारी दर्ज की जा सके। अतिरिक्त आयुक्त ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर कूड़ा संग्रहण शुल्क का भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय पर शुल्क जमा करने से नगर निगम को शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने में सुविधा मिलेगी। यदि कोई उपभोक्ता निर्धारित समय के भीतर बिल का भुगतान नहीं करता है तो नगर निगम नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएगा। नगर निगम ने नागरिकों से ऑनलाइन सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाने और स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया है।

◆ **एमसी ने लोगों से की सुविधा का लाभ उठाने की अपील**

### एडीसी ने महापौर सुमन ठाकुर और उपमहापौर जितेंद्र शर्मा को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के सभागार में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित महापौर सुमन ठाकुर और उपमहापौर जितेंद्र शर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु खाती ने दोनों जनप्रतिनिधियों को विधिवत शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही दोनों ने नगर निगम के दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सभी पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने नवनिर्वाचित महापौर और उपमहापौर को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान नगर निगम के विकास, शहर की स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा हुई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नव निर्वाचित नेतृत्व का स्वागत किया।

# पंडोह-सराची सड़क खुलने से लोगों को मिली बड़ी राहत

अनंत ज्ञान



**बालक राम, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली पंडोह-सराची सड़क चार दिन बाद फिर से वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गई है। यह सड़क पंडोह से करीब पांच किलोमीटर दूर बाखली के पास कुकलाह खड्ड में जलस्तर बढ़ने के कारण बंद हो गई थी। मौसम साफ होने और खड्ड का जलस्तर घटने के बाद स्थानीय लोगों तथा लोक निर्माण विभाग के सहयोग से पुल के नीचे झील के बीच बनाई गई अस्थायी सड़क को दोबारा चालू कर दिया गया। सड़क खुलने से सराची, कलहणी, लंबाथाच और जंजैहली क्षेत्र के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली है।

साथ ही पंडोह बाजार में भी फिर से चहल-पहल लौट आई है और व्यापारियों के कारोबार में भी सुधार देखने को मिल रहा है। फिलहाल इस मार्ग पर केवल टैक्सी और निजी छोटे वाहनों की आवाजाही हो रही है, जबकि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें अभी संचालित नहीं हो रही हैं। ताढी पंचायत के उपप्रधान दौलत राम ने कहा कि यह सड़क सराज क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर को भी जोड़ती है, जिससे लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है।

उन्होंने सड़क बहाल करने में सहयोग देने वाले स्थानीय लोगों, माता बगलामुखी मंदिर समिति और लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया। हालांकि लगातार बारिश होने पर मार्ग दोबारा प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

◆ **चार दिन बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल हुआ मार्ग**

### भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार

# जिला पार्षद श्याम लाल को बनाया प्रदेश सह-संयोजक

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद पार्टी के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ में संगठनात्मक विस्तार किया गया है। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा ने मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र से संबंध रखने वाले सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक और वर्तमान में नवाही वार्ड से जिला पार्षद श्याम लाल को प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त करके उन्हें सम्मान प्रदान किया है। श्याम लाल पपलोग ग्राम पंचायत के सरोरी गांव (सरकाघाट) निवासी हैं पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

घनश्याम शर्मा ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से अनुभवी और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले व्यक्तियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि श्याम लाल का प्रशासनिक अनुभव और क्षेत्र में सक्रियता पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद श्याम लाल मंडी सहित पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर प्रदेश भाजपा सह प्रवक्ता रजत ठाकुर पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्र मोहन शर्मा धर्मपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार पूर्व प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य कल राणा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मेघ सिंह पूर्व एजुकेशन डायरेक्टर एवं जन्धर के प्रधान संजय ठाकुर, भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश के पूर्व महासचिव एवं प्रदेश कामगार यूनियन के अध्यक्ष मंगत राम नेगी, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सोमा राणा और प्रेम कुमारी ने श्याम लाल को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### मंडी में कल होगी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मुख्यालय मंडी में आगामी 19 जुलाई को संघ लोक सेवा आयोग की सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) की परीक्षा दो केंद्रों पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी उप केंद्र-001 और राजकीय वल्लभ कॉलेज, मंडी, उप केंद्र-002 में होने जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु खाती ने बताया कि यह परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहली परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी परीक्षा दोपहर बाद 2 बजे से सायं 05:00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कुल 402 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। सभी परीक्षार्थी अपने साथ अपना ई-एडमिट कार्ड लाएं और बिना ई-एडमिट कार्ड के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा शुरू होने के ठीक 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे जिसके उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। अतः सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### संधोल के प्रतिनिधिमंडल से बैरियर के पार से ही मिले सीएम सुक्खू

# गए थे समस्याओं के समाधन के लिए, ढंग से बात सुनने के लिए भी नहीं दिया समय

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** संधोल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और लैब इत्यादि सुविधाओं की कमी के विरोध में पिछले 20 दिनों से क्रमिक अनशन जारी है है और अभी गत सोमवार को हजारों महिलाओं एवं पुरुषों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था और प्रस्तावित आमरण अनशन दस दिनों के लिए स्थगित कर दिया था लेकिन इसी दौरान आज आंदोलनरत युवाओं और महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मुलाकात की और डॉक्टरों की जल्द नियुक्ति की मांग उठाई लेकिन प्रतिनिधि मंडल जिसमें महिलाएं भी थी उनसे मुख्यमंत्री बैरियर के आरपार खड़े खड़े मिले और यहां तक कि आंदोलन के बीच में से मुख्यमंत्री से मिलने गए लोगों से उन्होंने बैठ कर बात करना भी उचित नहीं समझा जो संधोल से उनसे मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को खुलेआम बेईज्जती है जिससे क्षेत्र के लोगों की भावनाएं आहत हुई है और मुख्यमंत्री की यहां के लोगों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया सामने आया है पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह का बर्ताव किसी राजा का ही अपनी प्रजा के प्रति हो सकता है लेकिन चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को ऐसा व्यवहार शोभा नहीं देता है।

उन्होंने संधोल की संघर्षशील मातृशक्ति, युवाशक्ति और आमजनता की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग का एक बार पुनः समर्थन दोहराते हुए सरकार व विधायक से जल्द यहां विशेषज्ञ डॉक्टर लगाने की मांग दोहराई है।

### संधोल में 20 दिन से जारी है जनआंदोलन

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर जनआंदोलन शुक्रवार को 20वें दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन के 20वें दिन सरला देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी, स्वर्ण देवी, सुदर्शना देवी, प्रमिला, जगदीश, जोगिंदर और अनिल कुमार क्रमिक अनशन पर बैठे। आंदोलनकारियों ने दोहराया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, तब तक जनआंदोलन जारी रहेगा।

# योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना ही प्राथमिकता: अलीशा

## युवा अधिकारी ने करसोग में संभाला एसडीएम का कार्यभार

अनंत ज्ञान



**करसोग।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा वर्ष 2025 बैच की अधिकारी अलीशा चौहान ने करसोग में एसडीएम का कार्यभार संभाल लिया। अलीशा इससे पूर्व, जिला लाहौल स्पीति के उदयपुर में बतौर एसडीएम सेवारत थीं। कार्यभार संभालने के उपरांत, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनहित, विकास के कार्य और स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर उन्हें मुख्याधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन उनके कार्यालय के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, कोई भी व्यक्ति कभी भी अपनी समस्या को लेकर उनसे मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी रूप से आमजन के विकास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। करसोग उपमंडल में स्थित सभी विभाग आपसी सहयोग से कार्य करें ताकि जनता विकास कार्यों से लाभांवित हो सके। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के पिछड़े और गरीब वर्ग के लोगों तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत या समस्या हो तो वह कार्यालय में सीधे तौर पर उनसे मिल सकते है। उन्होंने कहा कि लोगों की हर समस्या का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# सिंगापुर से सन्नी ईपन ने साझा किया श्रम व कौशल पर अपना प्रेरक अनुभव

## चाइना टाउन में जूते मरम्मत करने वाले कारीगर से की मुलाकात

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** सिंगापुर प्रवास के दौरान समाजसेवी सन्नी ईपन ने चाइना टाउन में जूते मरम्मत का कार्य करने वाले एक स्थानीय कारीगर मिस्टर ली से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके कार्य और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली। बातचीत में मिस्टर ली ने बताया कि उनके समाज में किसी कार्य को जाति से नहीं जोड़ा जाता। उन्होंने कहा कि उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य अलग-अलग व्यवसायों से जुड़े रहे हैं, जबकि उन्होंने अपनी रुचि के कारण जूते मरम्मत का कार्य अपनाया। इस अनुभव को साझा करते हुए सन्नी ईपन ने कहा कि किसी भी कार्य का संबंध व्यक्ति की रुचि, मेहनत और कौशल से होना चाहिए, न कि जाति या सामाजिक पहचान से। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में किसी कार्य के प्रति लगाव और सीखने की इच्छा हो तो वह उस क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकता है। सन्नी ईपन ने इस मुलाकात को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि समाज में श्रम के प्रति सम्मान और हर पेशे के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होना समय की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे अनुभव लोगों को यह समझने की प्रेरणा देंगे कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता और प्रत्येक व्यक्ति अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है।

# लांगणा वन बीट में रोपे 150 फलदार और औषधीय पौधे

अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** वन मंडल जोगिंदरनगर के तत्वावधान में चलाए जा रहे 'जन-जन का वृक्ष अभियान' के अंतर्गत वन बीट लांगणा में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना, हरित आवरण बढ़ाना तथा लोगों को वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न महिला मंडलों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आंवला, हरड़, बहेड़ा एवं जामुन सहित विभिन्न प्रकार के फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर लगभग 150 पौधे लगाए गए, जो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पौधरोपण अभियान में महिला मंडल जरेहड़, लांगा, धुरली तथा समोन की लगभग 70 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महिलाओं ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में विकसित होकर पर्यावरण को समृद्ध बना सकें। इस अवसर पर सभी महिला मंडलों की प्रधानें तथा ग्राम पंचायत के उपप्रधान आयुष ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आस्था** | जगन्नाथ मंदिर पड्डल में 108 कमल पुष्प और 21 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से भगवान की आराधना

# सवा लाख तुलसी पत्तों से हुआ भगवान जगन्नाथ का पूजन



पड्डल स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलराम और माता सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना करते महंत राजेशरानंद सरस्वती महाराज एवं श्रद्धालु।

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर पड्डल में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलराम और माता सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुई। रथ यात्रा के अगले दिन आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान का सवा लाख तुलसी पत्ते, 108 कमल पुष्प तथा 21 किलोग्राम गुलाब की पंखुड़ियों से विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत राजेशरानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि पड्डल स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में वर्षों से उड़ीसा की परंपरा के अनुरूप भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान के रथ को खींचकर अपनी आस्था प्रकट की। रथ यात्रा के उपरांत आयोजित विशेष पूजा में श्रद्धालुओं ने सवा लाख तुलसी पत्ते अर्पित कर परिवार, समाज और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

महंत राजेशरानंद सरस्वती महाराज ने भगवान जगन्नाथ से मंडी तथा प्रदेश के सभी लोगों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने विश्व शांति, मानव कल्याण और समस्त सृष्टि के मंगल की भी कामना करते हुए सभी से धर्म, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बता दें कि महंत राजेशरानन्द सरस्वती महाराज वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को सनातन संस्कृति, धर्म, गौसेवा और भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। आगामी दिनों में छोटी काशी मंडी में चातुर्मास का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नियमित रूप से धार्मिक प्रवचन, पूजा-अर्चना, सत्संग और अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर समिति व पुजारी प्रमोद शर्मा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरित किया।

◆ **सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा कर लिया भगवान का आशीर्वाद**

# पुराना बाजार से जंगमबाग तक निकली भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

अनंत ज्ञान



**हेमराज, जंगमबाग।** प्राचीन जगन्नाथ मंदिर पुराना बाजार से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ जंगमबाग स्थित जगन्नाथ मंदिर के लिए निकाली गई। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथयात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की मनोहारी प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ में विराजमान कर यात्रा प्रारंभ की गई।

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के साथ भक्ति का अनुपम वातावरण बनाया। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने रथयात्रा में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया। यह रथयात्रा क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश देती है। अंत में जंगमबाग स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**संयम** संस्कृति का मूल है। विलासिता निर्बलता और चाटुकारिता के वातावरण में न तो संस्कृति का उद्भव होता है और न विकास।

-काका कालेलकर

## संपादकीय

# हरित विकास यात्रा

भारत ने आधुनिक परिवहन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए हाइड्रोजन ट्रेन के युग में प्रवेश कर लिया है। हरियाणा के जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाना भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन भारत के विकास पथ पर एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकती है।

आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब हाइड्रोजन आधारित परिवहन व्यवस्था की शुरुआत भारत की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। भारत अब विकसित देशों की तकनीकों का अनुसरण करने वाला देश नहीं है, अपितु नई तकनीकों के निर्माण और उपयोग में भी अग्रणी क्षमता रखता है।

हाइड्रोजन ट्रेन की विशेषता इसका पर्यावरण-अनुकूल होना है। यह ट्रेन हाइड्रोजन से बिजली उत्पन्न कर संचालित होती है और इसके संचालन के दौरान धुएं की जगह केवल जलवाष्प निकलती है। इससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य रहता है। प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि परिवहन क्षेत्र दुनिया में कार्बन उत्सर्जन के प्रमुख स्रोतों में से एक है। ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग से डीजल और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होगी तथा भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक अभी तक दुनिया के कुछ ही देशों तक सीमित रही है। जर्मनी, फ्रांस, इटली, चीन और जापान जैसे देशों के बाद भारत भी उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने इस आधुनिक तकनीक को अपनाया है। खास बात यह है कि भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन क्षमता और आकार के मामले में कई देशों से आगे है। जहां कई देशों में कम डिब्बों वाली हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं, वहीं भारत की पहली ट्रेन में 10 कोच हैं, जिसमें लगभग 2600 यात्री सफर कर सकेंगे। 3200 हॉर्सपावर क्षमता वाली यह ट्रेन भारतीय इंजीनियरिंग कौशल का प्रमाण है।

यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई मजबूती प्रदान करती है। हाइड्रोजन ट्रेन को पूरी तरह भारत में डिजाइन और विकसित किया गया है। स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह परियोजना भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अनुसंधान संस्थानों की क्षमता को दर्शाती है। आने वाले समय में देश के विभिन्न हिस्सों में 34 और हाइड्रोजन ट्रेनों के संचालन की योजना है, जिससे भारतीय रेलवे हरित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकेगी।

हालांकि हाइड्रोजन तकनीक के विस्तार के लिए कुछ चुनौतियों का समाधान करना भी जरूरी होगा। हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होगी। ग्रीन हाइड्रोजन को अधिक किफायती बनाने के लिए निरंतर शोध और निवेश जरूरी है। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों और रखरखाव व्यवस्था को भी मजबूत करना होगा। यदि इन पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है तो हाइड्रोजन ऊर्जा भारत के भविष्य की महत्वपूर्ण शक्ति बन सकती है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री की ओर से हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में स्थित अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोकार्पण भी प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। देशभर में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की योजना यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति देगी। बेहतर रेल ढांचा पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में सहायक होगा।

भारत में रेलवे आर्थिक विकास की रीढ़ है। आधुनिक तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से भारतीय रेलवे नए दौर में प्रवेश कर रही है। वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना और अब हाइड्रोजन ट्रेन जैसी पहलें इस परिवर्तन की कहानी कह रही हैं। हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और वैश्विक स्तर पर उसकी नई पहचान को दर्शाती है। ऐसी परियोजनाओं को निरंतर गति दी जानी चाहिए। यदि भारत इसी गति और संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विकसित देशों की श्रेणी में शुमार होगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री

**अश्विनी वैष्णव** भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वर्तमान में वह भारत सरकार में रेल मंत्री, संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं और केंद्र सरकार में तकनीक, डिजिटल विकास और बुनियादी ढांचे से जुड़े महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



अश्विनी वैष्णव

जन्म : 18 जुलाई, 1970

अश्विनी वैष्णव का जन्म राजस्थान के जोधपुर जिले में हुआ। उन्होंने जोधपुर स्थित एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक के साथ स्नातक किया। इसके बाद उन्होंने आईआईटी कानपुर से एमटेक की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1994 में उन्होंने रतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 27वीं रैंक हासिल की।

आईएएस अधिकारी के रूप में उन्होंने ओडिशा के बालासोर और कटक जिलों में जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। वर्ष 1999 में आए सुपर साइक्लोन के दौरान उनके कुशल प्रबंधन और त्वरित निर्णय क्षमता की काफी प्रशंसा हुई। उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए समय रहते प्रशासन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अश्विनी वैष्णव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को विकसित करने में योगदान दिया। बाद में उन्होंने वाजपेयी के निजी सचिव के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई।

सिविल सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद उन्होंने निजी क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने जीई ट्रांसपोर्टेशन कंपनी में प्रबंध निदेशक और सीमेंस कंपनी में शहरी बुनियादी ढांचा रणनीति विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य किया। इसके अलावा उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र में भी कदम रखा। वर्ष 2019 में अश्विनी वैष्णव राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 2021 में उन्हें केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। उनकी तकनीकी समझ, प्रशासनिक अनुभव और नीति निर्माण की क्षमता को देखते हुए उन्हें रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई।



कविता

### क्यों ऐसा लगा हमें?

अमित मैहरा (एचएएस), एडीसी, जिला चंबा (हि.प्र.)

**क्यों** ऐसा लगा कि अब जिंदगी, फिर मुस्कुरा रही है।
क्यों नहीं नजर आती हैं मुश्किलें अब, पानी के जैसे बही जा रही है।
क्यों लगा भय, मुझको एकाकीपन से, पहले तो किसी पर इतने निर्भर न थे।
क्यों निराशाएं सभी हो गईं विलोम, क्यों लगा कि भर गया भीतर का व्योम।
यथार्थ है, कोई प्रात:कालीन स्वप्न नहीं, पर ऐसा प्रबोध क्या पहले भी था, कहीं?
फिर करूं विश्लेषण, फिर पलटूं पन्ने अतीत के, न समय है, और न ही साहस
क्यों याद करूं वो बीता कल, अवांछित क्षण, फैला मरुस्थल अभाव का,
संग खुशियों के कुछ कण। क्यों यह व्यथा, क्यों ये अंतर्द्वंद्व,
क्यों है अस्पृश्यता, इन विचारों में स्वच्छंद। क्यों यह भिन्न?
'क्यों' मुझको याद आ रहे हैं? जब सामने बैठे हैं वो, और मुस्कुरा रहे हैं।

# स्वच्छ ऊर्जा : सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा की आधारशिला



श्रीपाद नाइक
केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, ऊर्जा की बढ़ती मांग और जलवायु से जुड़ी गंभीर चुनौतियों के इस दौर में, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी ऊर्जा प्रणालियों का निर्माण करने की जरूरत है जो स्वच्छ व अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित, सस्ती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास संबंधी जरूरतों तथा आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप भी हों।

स्वच्छ ऊर्जा दरअसल ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक विकास की दृष्टि से तेजी से अहम होती जा रही है। यह ईंधन बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों को कम कर सकती है, ऊर्जा को अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बना सकती है, रोजगार सृजित कर सकती है, घरेलू उद्योगों को मजबूत कर सकती है और देश को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बना सकती है। फिर भी, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने के रास्ते एक जैसे नहीं हो सकते। इन रास्तों को राष्ट्रीय परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और विकास की प्राथमिकताओं के हिसाब से निर्धारित किया जाना चाहिए।

इसी बिंदु पर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच बेहतर सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और समावेशी विकास के साझा लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत का अपना अनुभव यह बताता है कि स्वच्छ ऊर्जा की शुरुआत लोगों से ही होनी चाहिए। पिछले दशक में, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत लगभग 28.6 मिलियन घरों को बिजली के कनेक्शन दिए गए।

इससे सभी तक बिजली पहुंचाने का काम आगे बढ़ा और ग्रामीण व कम सुविधा वाले इलाकों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत महिलाओं को 105 मिलियन से अधिक एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे खाना पकाने के साफ-सुथरे तरीकों को बढ़ावा मिला, घर में सेहत बेहतर हुई और कठिन श्रम का बोझ कम हुआ।

ये पहल एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को रेखांकित करती हैं: स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने को केवल स्थापित मेगावाट या जोड़ी गई क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता, बल्कि इससे पैदा हुए अवसरों, सुदृढ़ हुई आजीविका और बेहतर हुए जीवन स्तर के आधार पर भी मापा जाना चाहिए। लोगों को प्राथमिकता देने वाले इस दृष्टिकोण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर काम और सहयोगी बुनियादी ढांचे की भी जरूरत है। भारत की स्वच्छ ऊर्जा की कहानी में नवीकरणीय ऊर्जा अहम हो गई है, लेकिन इसकी सफलता इसे समर्थन प्रदान करने वाली प्रणालियों पर निर्भर करती है।



सौर और पवन ऊर्जा को तेजी से अपनाया जा सकता है, लेकिन इनकी पूरी क्षमता का लाभ तभी मिल पाएगा जब पारेषण (ट्रांसमिशन), वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन), भंडारण (स्टोरेज) और ग्रिड प्रबंधन एक साथ मिलकर काम करें। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। पारेषण संबंधी बुनियादी ढांचे (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) का निरंतर विस्तार हुआ है। इसके साथ-साथ ऊर्जा के भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) और ग्रिड की सुदृढ़ता (ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी) के क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है। वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) संबंधी सुधारों और उन्नत ग्रिड तकनीक को अपनाने से एक ऐसी बेहतर एवं भरोसेमंद ऊर्जा प्रणाली बनाने में मदद मिली है, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को समन्वित करने में सक्षम है। भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता अब 288 गीगावॉट से अधिक हो गई है।

बड़े पैमाने की परियोजनाओं के अलावा, वितरित नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) प्रणालियां-जैसे कि रूफटॉप सोलर, सोलर पंप, मिनी-ग्रिड और माइक्रो-ग्रिड-ग्रामीण और कम सुविधा वाले इलाकों में स्वच्छ ऊर्जा को और अधिक सुलभ बना रही हैं। ये प्रणालियां सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज, स्कूलों, हेल्थकेयर सेंटरों तथा स्थानीय व्यवसायों को मदद पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक सुदृढ़ता को भी बढ़ावा दे रही हैं।

भारत की 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' स्वच्छ ऊर्जा के लोकतंत्रीकरण का उदाहरण है, जिससे लगभग 40 लाख परिवार विकेंद्रीकृत ऊर्जा प्रणाली का हिस्सा बने हैं। हालांकि, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार के लिए सस्ती और दीर्घकालिक वित्तीय सहायता सबसे बड़ी आवश्यकता बनी हुई है। विकासशील देशों में नवीकरणीय ऊर्जा की अपार संभावनाओं को व्यवहारिक परियोजनाओं में बदलने के लिए पर्याप्त निवेश जरूरी है। आने वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण, वितरण अवसंरचना और ऊर्जा-कुशल तकनीकों में बड़े पैमाने पर निवेश करना होगा। न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसे संस्थान वित्त, तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

साथ ही, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों के लिए मजबूत एवं विविध आपूर्ति शृंखला विकसित करना भी आवश्यक है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता सहयोग, तकनीकी सुलभता, विश्वसनीय आपूर्ति शृंखला और सतत विकास को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है, ताकि ऊर्जा प्रणाली सभी के लिए सुलभ, किफायती, विश्वसनीय और दीर्घकालिक आर्थिक व मानव विकास के अनुकूल बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आस्था की अनूठी परंपरा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



डॉ. कमल के 'प्यासा'
लोअर समखेतर, मंडी (हि.प्र.)

भारत में देवी-देवताओं की शोभायात्राओं की समृद्ध परंपरा रही है, किंतु विशाल रथों पर निकलने वाली यात्राएं मुख्यत: ओडिशा के पुरी, गुजरात के अहमदाबाद तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ही देखने को मिलती हैं।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में दशहरे के अवसर पर भगवान राम की विशाल रथयात्रा निकलती है, जबकि प्रदेश के अन्य भागों में देवी-देवताओं की पालकी यात्राएं प्रचलित हैं। इनमें देव प्रतिमाओं के स्थान पर सोने, चांदी अथवा अष्टधातु के मुखौटों की पूजा की जाती है। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से अनेक पौराणिक कथाएं जुड़ी हैं। भागवत पुराण के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ अक्षय तृतीया के दिन नगर भ्रमण किया था, जिसके लिए विश्वकर्मा ने तीन सुंदर रथों का निर्माण किया। एक अन्य कथा के अनुसार, कंस के बुलावे पर अक्रूर जब श्रीकृष्ण और बलराम को रथ में बैठाकर गोकुल से मथुरा ले गए, तभी से इस यात्रा को रथयात्रा के रूप में स्मरण किया जाने लगा। ओडिशा के पुरी में यह विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा प्रत्येक वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारंभ होकर दशमी तक चलती है। इसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। रथों का निर्माण अक्षय तृतीया से प्रारंभ होता है और परंपरा के अनुसार तीन विशाल रथ तैयार किए जाते हैं। पहला रथ भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष कहलाता है। इसकी ऊंचाई लगभग 45 फुट होती है तथा इसमें 16 पहिए लगे होते हैं। इसका सारथी दारुक और रक्षक गरुड़ माने जाते हैं। यह रथ श्रद्धा, परंपरा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है।

दूसरा रथ देवी सुभद्रा का देवदलन (दर्पदलन) कहलाता है। इसकी ऊंचाई लगभग 43 फुट तथा इसमें 12 पहिए होते हैं। इसके सारथी अर्जुन और रक्षक देवी दुर्गा मानी जाती हैं। यह रथ शक्ति, सौम्यता और विजय का प्रतीक है। तीसरा रथ भगवान बलराम का तालध्वज कहलाता है। इसकी ऊंचाई लगभग 44 फुट तथा इसमें 14 पहिए होते हैं। इसके सारथी मातली और रक्षक वासुदेव माने जाते हैं। यह रथ शक्ति, धैर्य और नेतृत्व का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों रथों का निर्माण मुख्यत: नीम और नारियल की लकड़ी से किया जाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी जुड़े कारीगर, बढ़ई, चित्रकार, दर्जी और सेवक इस कार्य को परंपरागत विधि से संपन्न करते हैं, जिससे यह कला आज भी जीवित है। रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा अपने रथों पर सवार होकर श्रीमंदिर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडीचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं, जिसे भगवान की जन्मस्थली तथा मौसी का घर माना जाता है। यात्रा आरंभ होने से पहले पुरी के गजपति महाराज द्वारा 'छेरा पहंरा' की रस्म निभाई जाती है, जिसमें वे स्वर्ण झाड़ू से मार्ग की प्रतीकात्मक सफाई करते हैं। यह परंपरा राजा और प्रजा की समानता तथा ईश्वर के समक्ष विनम्रता का संदेश देती है।



सात दिन तक भगवान गुंडीचा मंदिर में विराजमान रहते हैं, जहां प्रतिदिन अनेक बार भोग लगाया जाता है तथा श्रद्धालु दर्शन, पूजा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। इसके बाद वापसी यात्रा, जिसे 'बहुड़ा यात्रा' कहा जाता है, के माध्यम से भगवान पुन: श्रीमंदिर लौटते हैं।

जगन्नाथ रथयात्रा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था, सेवा, समानता और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व सभी वर्गों के लोगों को एक सूत्र में बांधकर भक्ति और मानवता का संदेश देता है। भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की इस विश्व प्रसिद्ध यात्रा में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। धार्मिक मान्यता है कि रथयात्रा के दर्शन एवं सहभागिता से सौ यज्ञों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए यह उत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का अनुपम प्रतीक माना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सफेद एप्रन के भीतर धड़कता ईश्वर... निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च प्रतीक



संदीप डोगरा 'निर्भीक'
सीनियर प्राइवेट सेक्रेटरी, प्रधानाचार्य कार्यालय, मेडिकल कॉलेज टांडा

'जब जीवन की सांसें टूटने लगती हैं, तब कहीं एक डॉक्टर अपनी नींद त्याग देता है, एक नर्स अपनी थकान भूल जाती है और एक पैरामेडिकल कर्मी बिना किसी शोर के जीवन की डोर थामे खड़ा रहता है।'

मनुष्य ने ईश्वर को कभी देखा नहीं, लेकिन उसे महसूस अवश्य किया है। कभी मां की ममता में, कभी पिता के संरक्षण में और कभी किसी अपरिचित के निस्वार्थ स्पर्श में। यदि आधुनिक युग में ईश्वर का कोई जीवंत स्वरूप दिखाई देता है, तो वह अस्पतालों के उन सफेद एप्रन पहने चेहरों में दिखाई देता है, जो हर दिन मृत्यु को चुनौती देकर जीवन का दीप जलाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से प्रकृति हमें एक अद्भुत रहस्य सिखाती है। मकड़ी जब अपना जाला बुनती है, तो वह अपनी अदृश्य लार से एक-एक तंतु को जोड़ती जाती है। उस समय वह लार किसी को दिखाई नहीं देती, लेकिन जब जाला पूर्ण होता है, तब उसकी अद्भुत रचना सबको चमत्कृत कर देती है। ठीक यही कहानी चिकित्सा जगत की है। डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों का वात्सल्य, उनका समर्पण और उनका मौन संघर्ष दिखाई नहीं देता; दिखाई देती है तो केवल उस मरीज की मुस्कान, जो मृत्यु के द्वार से लौटकर अपने घर पहुंचा होता है। उस मुस्कान के पीछे अनगिनत जागी हुई रातें, अनकहे आंसू, अथक परिश्रम और अडिग विश्वास छिपा होता है। अस्पताल केवल उपचार का स्थान नहीं, बल्कि आशा का सबसे बड़ा तीर्थ है। यहां डॉक्टर केवल दवाइयां नहीं देते, बल्कि टूटते हुए विश्वास को फिर से जीवन देते हैं। नर्सें केवल इंजेक्शन नहीं लगातीं, वे उस मां का रूप बन जाती हैं, जिसकी हथेली का स्पर्श आधा दर्द अपने आप हर लेता है। कई बार परिस्थितियां इतनी विकट होती हैं कि लगता है मानो ये लोग यमराज से भी संवाद कर रहे हों-'अभी नहीं... इस जीवन की कहानी अभी अधूरी है।' मैंने टांडा मेडिकल कॉलेज में ऐसे अनेक दृश्य देखे हैं, जहां चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि तपस्या बन जाती है। सीमित संसाधनों, अत्यधिक कार्यभार और कठिन परिस्थितियों के बीच भी डॉक्टर और नर्सें जिस एकाग्रता, संवेदनशीलता और समर्पण से मरीजों की सेवा करते हैं, वह किसी साधक की साधना से कम नहीं। जब पूरा स्वास्थ्य दल एक जीवन बचाने के लिए एकजुट होता है, तब यह केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि मानवता का सबसे पवित्र यज्ञ बन जाता है, लेकिन इस यज्ञ के कुछ ऐसे ऋषि भी हैं, जिनका नाम प्राय: किसी मंच से नहीं लिया जाता। लैब, रेडियोलॉजी, डायलिसिस, ऑपरेशन थिएटर, फार्मेसी, कार्डियक टेक्नोलॉजी तथा अन्य पैरामेडिकल विभागों के लगभग अस्सी कर्मी उस अदृश्य नींव की तरह हैं, जिन पर पूरा चिकित्सा तंत्र टिका है। उनकी मेहनत अक्सर पर्दे के पीछे रह जाती है, लेकिन यदि वे एक क्षण के लिए भी रुक जाएं, तो अस्पताल की पूरी व्यवस्था ठहर सकती है। उनकी सटीक रिपोर्ट, समय पर दवाएं, मशीनों का कुशल संचालन और निरंतर सतर्कता अनगिनत जिंदगियों की रक्षा करती है। कई बार मन व्यथित हो उठता है कि संसाधनों की कमी, सीमित सुविधाओं और अत्यधिक दबाव के बीच भी ये कर्मयोगी बिना किसी शिकायत के अपने कर्तव्य का निर्वाह करते रहते हैं। इनके लिए हर मरीज केवल एक फाइल नहीं, बल्कि किसी मां की उम्मीद, किसी बच्चे का भविष्य और किसी परिवार की पूरी दुनिया होता है। स्वास्थ्यकर्मियों की सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पित महान दायित्व है। उनका निस्वार्थ सेवा भाव उनके कार्य को महापुण्य का स्वरूप प्रदान करता है।



समाज का कर्तव्य है कि वह इन सफेद एप्रन वाले योद्धाओं को उचित सम्मान और कृतज्ञता दे। किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए वे अपने आराम, परिवार और व्यक्तिगत सुखों का त्याग करते हैं। वास्तव में, सफेद एप्रन केवल एक वर्दी नहीं, बल्कि करुणा, सेवा, त्याग और मानवता का जीवंत प्रतीक है, जो जीवन बचाने के सर्वोच्च संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संस्कृति और लोकजीवन का अनुपम संगम- जौवा का नाग जातर मेला



सुभाष चंद काशव
गांव जौवा, डाकघर गैहरा
तहसील व जिला चंबा

हिमाचल प्रदेश अपनी मनोहारी प्राकृतिक छटा, समृद्ध लोक संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अटूट धार्मिक आस्थाओं के कारण पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान रखता है। यहां का प्रत्येक गांव अपनी सांस्कृतिक धरोहर, लोक देवताओं और मेलों-त्योहारों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

इन्हीं सांस्कृतिक विरासतों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और श्रद्धा का केंद्र है जौवा गांव का नाग जातर मेला, जिसका आयोजन प्रतिवर्ष श्रावण मास की चार प्रविष्टि को डाकघर गैहरा, तहसील एवं जिला चंबा के अंतर्गत स्थित ग्राम जौवा में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया जाता है। इस वर्ष 19 जुलाई को रविवार के दिन इस मेले का आयोजन होगा। यह मेला केवल लोक आस्था, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और ग्रामीण जीवन की जीवंतता का अद्भुत उत्सव है। भारतीय संस्कृति में श्रावण मास को अत्यंत पवित्र माना गया है। यह महीना प्रकृति के नवजीवन, हरियाली, वर्षा और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है। इसी पावन समय में जब पर्वतों पर बादल झूमते हैं, खेतों में हरियाली लहलहाने लगती है और वातावरण में नवजीवन का संचार होता है, तब जौवा गांव में नाग जातर मेले का आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग देता है। दूर-दूर से श्रद्धालु नाग देवता के पवित्र मंदिर में पहुंचते हैं।

मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति, लोकगीतों और मंगलध्वनियों से गूंज उठता है। ऐसा प्रतीत होता है मानो संपूर्ण प्रकृति स्वयं इस दिव्य आयोजन की साक्षी बनकर भक्तों का स्वागत कर रही हो। जौवा के इस मंदिर में नाग देवता के साथ भगवान विष्णु की प्रतिमा भी विराजमान है। यह तथ्य इस मंदिर की धार्मिक महत्ता को और भी अधिक बढ़ा देता है। नाग देवता को भारतीय संस्कृति में धरती की उर्वरता, जलस्रोतों के संरक्षण, वर्षा, समृद्धि तथा जीवन के रक्षक के रूप में पूजा जाता है, जबकि भगवान विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता माने जाते हैं। इन दोनों दिव्य शक्तियों का एक ही मंदिर में विराजमान होना इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति, धर्म और मानव जीवन एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। श्रद्धालु पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं, धूप-अगरबत्ती अर्पित करते हैं और अपने परिवार तथा समस्त क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इस मेले का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करना नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लोगों के उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली, जीवन की रक्षा और भरपूर फसल की कामना करना भी है।



पहाड़ी जीवन प्रकृति, कृषि और पशुपालन पर आधारित है, इसलिए जौवा का नाग जातर मेला बेहतर वर्षा, अच्छी फसल, स्वास्थ्य और जनकल्याण की सामूहिक प्रार्थना का पर्व है। नाग देवता को अर्पित किया जाने वाला 'संज' प्रसाद लोक आस्था और परंपरा का प्रतीक है। मेले में कौड़ी मैच जैसे पारंपरिक खेल, लोकगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम इसकी विशेष पहचान हैं। रंग-बिरंगी दुकानें, झूले और स्थानीय हस्तशिल्प मेले की रौनक बढ़ाते हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और सामूहिक आस्था का जीवंत प्रतीक बनी हुई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हिमाचल पुलिस भर्ती: अभ्यर्थियों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग

## ग्रामीण युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर, लिखित परीक्षा से लेकर शारीरिक दक्षता तक विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश सरकार भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ-साथ अभ्यर्थियों को बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इस पहल के तहत युवाओं को लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा की व्यवस्थित तैयारी कराई जाएगी, ताकि आर्थिक स्थिति किसी भी प्रतिभाशाली अभ्यर्थी की सफलता में बाधा न बने। जानकारी के अनुसार सरकार की इस पहल का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन युवाओं को मिलने की उम्मीद है, जो निजी कोचिंग संस्थानों की महंगी फीस वहन नहीं कर पाते।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भर्ती परीक्षा के पाठ्यक्रम, सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, भाषा कौशल तथा शारीरिक फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के लिए विषय विशेषज्ञों और अनुभवी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी।

कोचिंग के दौरान परीक्षा के पैटर्न, संभावित प्रश्नों, शारीरिक परीक्षण की तैयारी और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि संगठित और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और चयन की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।



### रोजगार की दिशा में सरकार का बड़ा कदम

**प्रदेश** सरकार का कहना है कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाया जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि यह पहल पुलिस भर्ती में अधिक से अधिक योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को सफलता दिलाने के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल पुलिस भर्ती में अधिक से अधिक योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को सफलता दिलाने के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# रिज पर होगा स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह: उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समारोह की रूपरेखा को दिया अंतिम रूप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को इस बार और अधिक भव्य, गरिमामय तथा जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समारोह 15 अगस्त को प्रातः 11 बजे ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में आयोजित होगा। उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में शुक्रवार को बचत भवन में आयोजित बैठक में समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रीय पर्व को अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करेंगे।

जिला स्तरीय समारोह में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित विभागों और संस्थानों को प्रतिभागियों की सूची कार्यक्रम से पहले एसी टू डीसी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अतुलनीय कार्य कर समाज को नई दिशा देने वाले व्यक्तियों को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी जिला लोक



संपर्क अधिकारी (डीपीआरओ) और जिला भाषा अधिकारी (डीएलओ) को सौंपी गई। कार्यक्रम में देशभक्ति, राष्ट्र निर्माण और हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी। आमंत्रण पत्रों की छपाई और वितरण का कार्य सहायक आयुक्त कार्यालय करेगा। यदि समारोह राज्य स्तरीय घोषित होता है तो आमंत्रण पत्र सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे।

समारोह के लिए ध्वनि विस्तारक प्रणाली की व्यवस्था डीपीआरओ कार्यालय करेगा। रिज मैदान की साफ-सफाई का दायित्व नगर निगम शिमला को सौंपा गया है, जबकि अतिथियों के बैठने की व्यवस्था एसी टू डीसी कार्यालय सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के उपरांत मिठाइयों के वितरण की जिम्मेदारी भी नगर निगम निभाएगा। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक शिमला तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और बलिदान की भावना का प्रतीक है। उन्होंने सभी विभागों से अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि समारोह में आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## अब 50 वर्ष के व्यक्ति को भी मिलेगा राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप का फायदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। अब योजना के तहत आवेदन करने वाले पात्र व्यक्ति की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष कर दी गई है। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से अधिक संख्या में युवा योजना का लाभ उठाकर अपना रोजगार स्थापित कर सकेंगे। रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग के अनुसार योजना के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए पात्र लाभार्थियों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। यह पहल प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए स्थायी आजीविका का माध्यम भी बनेगी। योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जुलाइ निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन आवेदकों ने 2 जून से 16 जून के बीच पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। विभाग ने सभी पात्र युवाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की ओर बढ़ा हिमाचल: नरेश चौहान

## सीएम के प्रधान सलाहकार का 3000 करोड़ की स्वास्थ्य क्रांति का दावा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से नई पहचान बना रहा है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेशभर में व्यापक सुधार शुरू किए हैं। आधुनिक तकनीक, बेहतर स्वास्थ्य अधोसंरचना और विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं वाला राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

सरकार 70 स्वास्थ्य संस्थानों को 'आदर्श स्वास्थ्य संस्थान' के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। आईजीएमसी शिमला और एआईएमएसएस चमियाना में 3 टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि जिला एवं क्षेत्रीय अस्पतालों में 1.5 टेस्ला एमआरआई, पीईटी स्कैन, सीटी स्कैन तथा आधुनिक कैंसर उपचार प्रणाली स्थापित की जा रही है। साथ ही 16 से 20 वर्ष पुराने चिकित्सा उपकरणों को भी बदला जा रहा है। नरेश चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये व्यय कर रही है।

### हिमकेयर व आयुष्मान भारत के शेष लंबित भुगतान जल्द

**नरेश** चौहान ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, फैकल्टी, नर्सों, पैरामेडिकल एवं अन्य कर्मचारियों सहित कुल 2,432 नियुक्तियां की गई हैं। इसके अलावा 218 वरिष्ठ रेजिडेंट एवं ट्यूटर विशेषज्ञों के नए पद भी सृजित किए गए हैं तथा उनके मानदेय में भी वृद्धि की गई है। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में वित्तीय अव्यवस्था छोड़कर गई थी, जिसके कारण हिमकेयर और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में भुगतान संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुई। वर्तमान सरकार ने इन योजनाओं में पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था लागू करते हुए लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान के लिए हाल ही में 212 करोड़ रुपए जारी किए हैं तथा हिमकेयर और आयुष्मान भारत के शेष लंबित भुगतान भी शीघ्र जारी किए जाएंगे।

## नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभिभावक 31 जुलाई तक अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोशन लाल ने बताया कि चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण, पूर्णतः निःशुल्क आवासीय शिक्षा के साथ भोजन, आवास, पुस्तकें और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी संबंधित जिले का वास्तविक निवासी होना चाहिए तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना आवश्यक है।

# कांग्रेस झूठ, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की सरकार: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में झूठ, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की राजनीति चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा से लेकर सड़कों तक सरकार को लगातार जनविरोधी नीतियों, नियमों के कथित उल्लंघन और भ्रष्टाचार के मामलों पर आगाह किया, लेकिन मुख्यमंत्री और उनकी सरकार ने हर चेतावनी को नजरअंदाज किया।



◆ **कहा-भाजपा की चार्जशीट में शामिल होंगे सरकार के घोटाले**

जम्वाल ने आरोप लगाया कि पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान नियमों में बदलाव कर लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर किया गया, जबकि युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल आश्वासन दिए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और जनविरोधी निर्णयों का पूरा ब्यौरा जुटाने के लिए भाजपा ने चार्जशीट समिति गठित की है, जो प्रदेशभर से तथ्य और दस्तावेज एकत्र कर रही है। उनका दावा था कि भाजपा सरकार बनने पर हर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब सरकार के दावों और वास्तविकता के बीच का अंतर समझ चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के 2027 विधानसभा चुनावों से जुड़े बयानों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार को भविष्यवाणी करने के बजाय जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। जम्वाल ने हालिया नगर निगम चुनावों में भाजपा की जीत का उल्लेख करते हुए दावा किया कि मंडी, धर्मशाला और सोलन के परिणाम प्रदेश में राजनीतिक बदलाव की स्पष्ट आहट हैं और आगामी विधानसभा चुनाव इसका बड़ा संकेत देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का प्रत्येक कथित घोटाला, हर जनविरोधी फैसला और हर वादाखिलाफी भाजपा की चार्जशीट का हिस्सा बनेगी तथा जनता आगामी चुनावों में कांग्रेस को उसके शासन के लिए जवाबदेह बनाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत टिप्परी**
विकास खंड सुरानी, तह. खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत टिप्परी द्वारा विभिन मदों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों के लिए निम्न सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक सप्लायर का जीएसटी नंबर व एम-फॉर्म होना अनिवार्य है। जीएसटी बिल में अलग वर्शनण अनिवार्य है। जीएसटी कमांक की फोटो कॉपी भी सचगंन करना सुनिश्चित करें। इच्छुक सप्लायर अपनी निविदाएं बंद लिफाफे में स्वयं या डाक द्वारा ग्राम पंचायत टिप्परी कार्यालय में 20/07/2026 तक जमा करवा सकता है। निविदाएं दिनांक 21/07/2026 समय प्रातः 11:00 बजे पंचायत बैठक में सपलायरों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। सपलायरों में से यदि कोई अनुपस्थित होता है, तो स्वयं जिम्मेवार होगा। निविदाओं को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। पंचायत बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द कर सकती है। पंचायत द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम होगा। **सामग्री का विवरण** 1. रेता धुला करलुही-प्रति घन फुट, 2. रेता क्रैशर-प्रति घन फुट, 3. रेता स्टोन डस्ट-प्रति घन फुट, 4. बजरी कैशर 10 एमएम, 20एमएम, 40एमएम, 60एमएम-प्रति घन फुट, 5. सेलिंग/स्टोन-प्रति घन फुट, 6. मटका स्टोन 40-75 एमएम प्रति धन फुट, 7. इंट अब्बल-प्रति हजार, 8. शटरिंग स्टील-प्रति वर्ग फुट, 9. शटरिंग लकड़ी, 10 लोकल सामग्री ढुलाई-प्रति फेरा, 11. मिक्सर तेल सहित- प्रति दिन, 12. पानी टेंकर लोकल ढुलाई सहित-प्रति टेंकर, 13. जे.सी.बी. प्रति घंटा, 14. सिटिंग बेंच प्रति बेंच 15. इंटरलॉक टाइल्स अईएसआई अप्रूव्ड 40एमएम प्रति टाइल, 16. इंटरलोक टाइल्स आईएसआई अपूड 60एमएम प्रति टाइल, 17. इंटरलोक टाइल्स आईएसआई अपूड 80एमएम प्रति टाइल, 18. सीमेंट किराया सिविल सप्लाई स्टोर से ग्राम पंचायत तक प्रति बैग, 19. वाटर कूलर प्रति लीटर इत्यादि।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत टिप्परी**
**विकास खंड सुरानी, तह. खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, गोमा देवी गुरूंग** पत्नी लोक बहादुर गुरूंग ऐक्स जे सी नंबर 105663 K रैंक सूबेदार गांव मिहाल डाकखाना बकलोह की स्थाई निवासी हूं तथा मैं घोषणा करती हूं कि सेना में मेरे पति के रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम किरन देवी दर्ज है जोकि गलत दर्ज है जबकि मेरी बेटी का असली नाम किरण गुरूंग है। सभी संबंधित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, जोनू बाला** (46 वर्ष) पुत्री जोगिन्द्र सिंह निवासी गावं डा रमेहड़ तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा हि. प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी लड़की दिवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपनी बेटी दिवी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।



**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 23-7-2026
Cae No.813299/2026
**In the matter of-** Sheela Devi d/o Budhi Singh, Mohal Kalah Mauza Dheera, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...*Applicant*
**Versus**
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh
...*Respondents*
**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Sheela Devi d/o Budhi Singh, Mohal Kalah Mauza Dheera, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh has filed an application alongwith an affidavit before this court that her name was recorded wrongly, in revenue record of mohal Kalah, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Pano d/o Budhi Singh. But in other documents. such as Adhar card the correct name has been recorded as "Sheela Devi". Hence, applicant has filed an application for correction of her name as "Sheela Devi @ Pano d/o Budhi Singh" in the revenue record of mohal Baleta, Mauza & tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant i.e "Sheela Devi @ Pano d/o Budhi Singh". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 23-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 16-07-2026
**Executive Magistrate Dheera**



**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 23-7-2026
Cae No.813247/2026
**In the matter of-** Purshotam Chand s/o Bhagwan Singh, r/o Mohal & Mauza Dheera, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...*Applicant*
**Versus**
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh
...*Respondents*
**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Purshotam Chand s/o Bhagwan Singh, r/o Mohal & Mauza Gaggal Khass, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh has filed an application alongwith an affidavit before this court that name of his son was recorded wrongly, in revenue record of mohal Gaggal, Tehsil Dheera,District Kangra HP as "Viky Kumar s/o Purshotam Chand. But in other documents such as Adhar card and parivar Nakal, the correct name has been recorded as "Vivek Singh". Hence, applicant has filed an application for correction of name of his son as "Vivek Singh @ Viky Kumar s/o Purshotam Chand" in the revenue record of mohal and, Mauza Gaggal, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant's son i.e "Vivek Singh @ Viky Kumar s/o Purshotam Chand". Any person having any objection in this regard rnay appear in this court on or before 23-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 16-07-2026
**Executive Magistrate, Dheera**



**व अदालत सहायक समाहर्ता दितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0प्र0 ।**
मिसल न0 870/NT/2025
ता. दा. 09/06/2025
तारीख पेशी 28-08-2026
**अनुमान मुकदमा-** प्रार्थी उत्तम चन्द, राजिन्द्र कुमार व सुरेश कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी गांव व डाकघर सुनेहड़ तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0 प्र0 । ...*प्रार्थी पक्ष*
श्री सचिन कुमार पुत्र गुरवीर सिंह आदि निवासी महाल व मौजा सुनेहड़ तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0 प्र0 । ...*प्रत्याक्षी पक्ष*
**विषय-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 123 भू0 राजस्व अधिनियम 1954 भूमि खाता नए 64 खतौनी नए 109 से 111, खसरा किता 3, रक्वा तादादी 00-16-64 है0, महाल सुनेहड़, पटवार वृत बडाई, हदबस्त न0 589, तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0 प्र0 जमाबन्दी साल 2017-2018
**अखवारी इशतहार-** प्रार्थिया ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर भूमि खाता नम्बर 64 खतौनी नम्बर 109 से 111, खसरा किता 3, रक्वा तादादी 00-16-64 महाल सुनेहड़, पटवार वृत बडाई, हदबस्त न0 589, तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0 प्र0 जमाबन्दी साल 2017-2018 की तकसीम बारे केस दायर किया गया है। जिसमें प्रतिवादी न0-1 सचिन कुमार पुत्र गुरवीर सिंह, प्रतिवादी न0-2 दीक्षा देवी पुत्री गुरवीर सिंह, प्रतिवादी - प्रिया देवी पुत्री गुरवीर सिंह, प्रतिवादी न0-5 रुप लाल पुत्र सरफी, प्रतिवादी न0-6 धनो देवी पुत्री सरफी, प्रतिवादी न0-7 नारो देवी पत्नी सरफी, प्रतिवादी न0-11 रविन्द्र कुमार पुत्र महिन्द्र सिंह, प्रतिवादी न0-13 श्रेष्ठा देवी पुत्री महिन्द्र सिंह, प्रतिवादी न0-14 समगंलन देवी पत्नी महिन्द्र सिंह, प्रतिवादी न0-17 छुनको देवी पत्नी जय चन्द, प्रतिवादी न0-18 प्रकाश चन्द पुत्र लखो राम निवासी महाल व मौजा सुनेहड़ तहसील नगरोटा बगवां को अदालत द्वारा समन जारी हुए जिनकी तामिल साधारण तरीके से हल्का हजा में न हो पा रही है। अतः इस अदालती अवारी ईशतहार द्वारा उपरोक्त प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है। यदि इस तकसीम के बारे कोई एतराज हो तो वे दिनांक 28/08/2026 को असालतन या बकालतन हाजिर होकर मुकदमा की पैरवी करे। हाजिर न होने की सूरत में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाएगी और तरीका तकसीम जारी कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बंगवा**



**कार्यालय ग्राम पंचायत खुडला विकास खंड गोपालपुर तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत खुडला के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 05-08-2026 शाम 5 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक 07-08-2026 सुबह 11 बजे निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। **सामग्री का विवरण:-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (धुला रेत) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40 MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) प्रति पत्थर, पक्की ईंटे (A,B,C Grade) प्रति इंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सैटरिंग (स्लैब/दीवार/डंगा/रास्ता) प्रति sqr फीट, सीमेंट Carriage लोडिंग अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई डिपो बलद्वाड़ा से खुडला तक प्रति बैग, Sign Board (3'×2', 4'×3') प्रति sqr फीट, Mi&ture Machine प्रति दिन, अन्य कोई सामग्री। **नियम व शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को सीलबंद लिफाके में ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। जमा करवानी होगी व लिफाफे के बाहर फर्म/एजेंसी/आवेदक का नाम व फोन नम्बर स्पष्ट शब्दों में लिखा होना चाहिए। अपूर्ण, खुली व बिना सीलबंद लिफाफे वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। 3. निविदाएं दिनांक 05-08-2026 को सायं 5:00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। समयावधी के बाद दी गई निविदाएं मान्य नहीं होगी। 4. दरे अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए (with GST Included) 5. निर्माण सामग्री पूरे पंचायत क्षेत्र में जहाँ तक वाहन जाता है वहां तक पहुंचानी होगी। 6. सबसे कम दर वाली निविदाएं ही स्वीकार की जायेंगी तथा निविदादाता को सामग्री के बिल के साथ खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FORM जमा करवाने होंगे अन्यथा ग्राम पंचायत किसी भी मटीरियल के भुगतान के लिये प्रतिबद्ध नहीं होगा। 7. निविदादाता को निविदा के साथ 1000 रु0 (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। पारित निविदादाता को मु0 20,000/- रु0 की एफडी/अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। 8. ग्राम पंचायत के द्वारा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9. पंचायत द्वारा सामग्री मांग करने पर सप्लायर को तीन दिन के भीतर मुहैया करवानी पड़ेगी। समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। 10. सामग्री की अदायगी TA/JE द्वारा कार्य का मूल्यांकन/MB करने पर ही की जायेगी। 11. पंचायत के अधिकारियों/प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों तथा उनके रिश्तेदारों / सगे संबंधियों/परिवार द्वारा दी गई निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 12. सामग्री की दरें निविदादाता के साथ Negotiation उपरान्त पारित होंगी। उपरोक्त लिखित शर्तो को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खुडला विकास खण्ड गोपालपुर तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत खाहन**
विकास खंड गोपालपुर तहसील भदरोता जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खाहन की बैठक प्रधान विजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्ष 2026-27 के लिये पंचायत के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 20-07-2026 तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक 23-07-2026 को निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। **सामग्री का विवरण:-** बजरी प्रति घन मीटर, रेत प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति रनिंग मीटर/ स्क्वेयर मीटर, बोर्ड प्रति बोर्ड, बोल्डर प्रति घन मीटर, इंट प्रति इंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग। **नियम व शर्तें-** निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है व चालू हालत में होने चाहिए। सप्लायर के पास अपना GST NO/TIN No व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। सप्लायर को मु0 20,000/- रु0 की अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। यदि सप्लायर समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। सामग्री की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का होगा। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी। अंतिम निर्णय पंचायत का होगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खाहन विकास खंड गोपालपुर तहसील भदरोता जिला मंडी (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा**
विकास खंड देहरा, तह. हरिपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मेहवा द्वारा करवाने जाने वाले विकास कार्यों हेतु निम्न लिखित निर्माण सामग्री वर्ष 2026-27 के लिए निविदायें आमन्त्रित की जा रही हैं इस इच्छुक विक्रेता निम्न शर्तों के आधार पर अपनी-2 निविदायें दिनांक 22.07.2026 तक समय सायं 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत मेहवा में जमा करवा सकते हैं ताकि सम्बंधित अधिकारियों के दिशा निर्देशों अनुसार उचित समय पर प्राप्त हुई निविदाओं को पंचायत के समक्ष खोला जा सके। **शर्तें:-** 1. जीएसटी धारक की निविदा ही मान्य होगी। अपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से M (WX) फार्म जमा करवाना होगा। 2. सामग्री की गणना मूल्यांकन के आधार पर ही की जाएगी। और अदायगी कार्य की अंतिम मूल्यांकन व कार्य की अंतिम किश्त मिलने पर होगी। 3. निविदा पास होने पर और सप्लाई न करने पर 25000/-रूपए जुर्माना पंचायत द्वारा लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत के पास निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। और यह निविदाएं एक साल के लिए मान्य होगी। **सामग्री का विवरण:-** रेता क्रैशर, रेता धुला, क्रैशर बजरी, 10,20,30,40,60 एमएम, बोल्डर पत्थर, टूटा पत्थर, सेटरिंग लकड़ी व स्टील, ईंट, लोकल फेरा, पानी टैंकर, खड्ड वाली बजरी, रेता, बजरा आदि मिक्चर मशीन।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा**
**विकास खंड देहरा, तह. हरिपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत धरोटी**
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरोटी में 13/07/2026 को प्रधान श्री विजय कुमार जी की अध्यक्षता में प्रस्ताव संख्या 4 सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत के समस्त विकास कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए सामग्री खरीद रेत, बजरी, ईट, बोल्डर, पत्थर सरिया सीमेंट केरिज व CB द्वारा सड़क या अन्य कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक प्रदायक (Vendor) अपनी निविदाएँ बन्द लिफाफे में दिनांक 25-07-2026 को सायं 05-00 बजे तक पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। जिन्हें दिनांक 28-07-2026 को ग्राम पंचायत के समक्ष खोला जाएगा। नियम व शर्ते निम्न प्रकार हैं। **सामग्री विवरण-** 1. रेत खड्ड व क्रेशर-प्रति घन मीटर 2. बजरी खड्डुव क्रेशर- प्रति घन मीटर 3. पत्थर (CUT STONE)-प्रति घन मीटर 4. सारिया-प्रति किलोग्राम 5.ईट1.5NO,1 NO- प्रति ईंट 6. सीमेंट ब्लॉक ईट WITH SIZE-प्रति ईंट 7. GI PIPE-प्रति पाईप 8. PVC WALL शीट-प्रति शीट 9. SHUTTRING-प्रति फुट 10. INTERLOCK टाइल्स-प्रति टाईल वर्ग फुट 11. सीमेन्ट ढुलान-प्रति बैग सराहां से स्थल कार्य 12. गटका/ बोल्डर-प्रति घन मीटर 13. पानी का टैंकर-प्रति दिन/प्रति चक्कर 14. मिक्चर- प्रति दिन 15. साईन बोर्ड WITH PAINTING WRITING etc -प्रति शब्द/वर्ग फुट 16. साईन बोर्ड स्टील-प्रति किलो ग्राम 17. JCB कार्य-प्रति घंटा 18. स्टोन ब्रेकर-प्रति घंटा। 1. फर्म का प्रदेश बिक्री कर से पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. खनन सम्पदा आपूर्ति के लिए खनन विभाग के नियमानुसार M फार्म या फार्म देना अनिवार्य है। 3. सबसे कम दर वाले प्रदायक को सप्लाई ऑर्डर दिया जाएगा। यदि कोई वेंडर पूर्व में ग्राम पंचायत का वेंडर रह चुका है व सेवायें सही ढंग से नहीं दे पाया तो कम दर की कुटेशन होने के बावजूद कुटेशन रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। 4. सामग्री के नाप तोल व गुणवत्ता के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बनी कमेटी द्वारा पास करने उपरान्त ही भुगतान किया जाएगा 5. रोयल्टी का भुगतान वेंडर द्वारा ही अदा करना होगा। 6. खनन सामग्री सम्बन्धी किसी भी विवाद के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेवार नहीं होगी। 7. उस वेंडर की निविदाएँ रद्द कर दी जायेंगी जो नियम व शर्तें पूरी न करता हो। 8. सप्लाई ऑर्डर देने से पूर्व वेंडर से मु0 50000/- रूपये की धरोहर राशि या बैंक चेक लिया जाएगा। जो वर्ष के अन्त में सही कार्य करने उपरान्त ही वापिस किया जाएगा। 9. पंचायत को निविदाएँ रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। 10. बिना सूचना दिए तिथि को बढाया जा सकता है जिस पर Vendor (प्रदायक) को आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं होगा। 11. वेंडर द्वारा यह दर्शाया जाना आवश्यक होगा कि सामग्री या JCB द्वारा किये जाने वाले कार्य के लिए कुटेशन GST सहित है या GST रहित । 12. सामग्री का या JCB द्वारा किये जाने वाले कार्य भुगतान तभी होगा जब कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध या JCB द्वारा कार्य करवा दिया गया हो । 13. अन्य नियम व शर्ते पंचायत द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं।

**प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत घरोटी विकास खण्ड पच्छाद जिला सिरमौर (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पर रंगसभा समूह की प्रस्तुति, क्रांतिकारियों की गाथा ने मोहा मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी नाट्य श्रृंखला के तहत कुल्लू में 'स्वतंत्रता संग्राम' नाटक का मंचन किया गया। शमशी स्थित खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सभागार में रंगसभा समूह ने रेखा जैन द्वारा लिखित और युवा निर्देशक परमानंद के निर्देशन में यह प्रस्तुति दी। नाटक में 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता आंदोलन के कई अनसुने वीरों के संघर्ष और बलिदान को भी जीवंत किया गया। कलाकारों ने रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, तात्या टोपे, लोकमान्य तिलक, भगत सिंह और राजगुरु जैसे राष्ट्र नायकों के जीवन प्रसंग प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### आनी में पुराने बस अड्डे की बाढ़ प्रभावित पंचायत दुकानों के पुनर्निर्माण की मांग

**अनंत ज्ञान, आनी।** ग्राम पंचायत आनी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में एडीएम कुल्लू सुरजीत राठौर से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से पुराने बस अड्डे में स्थित पंचायत की उन दुकानों के पुनर्निर्माण की मांग उठाई, जो करीब तीन वर्ष पूर्व आई बाढ़ में बह गई थीं। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि दुकानों के नष्ट होने से पंचायत को आर्थिक नुकसान हो रहा है और स्थानीय लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। एडीएम सुरजीत राठौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम आनी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के सकारात्मक रुख पर शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई।

### कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता हमेशा रहेगा कायम : ठाकुर दास

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जिला परिषद कुल्लू के नवनियुक्त अध्यक्ष ठाकुर दास ने कहा कि कुल्लू और लाहुल स्पीति के लोगों के बीच वर्षों पुराना रोटी-बेटी का रिश्ता हमेशा कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व दोनों जिलों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वे अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं होंगे। ठाकुर दास ने यह बात भाजपा लाहुल स्पीति उदयपुर मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत से मुलाकात के दौरान कही। रावत ने उन्हें जिला परिषद अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और दोनों जिलों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। ठाकुर दास ने कहा कि अध्यक्ष बनने में लाहुल स्पीति के लोगों का भी सहयोग रहा है और दोनों क्षेत्रों के बीच सामाजिक सौहार्द व भाईचारा भविष्य में भी मजबूत बना रहेगा।

### जिया संगम में माता नैना और भद्रकाली का पावन स्नान, 26 को होगा जाग उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** श्रावण संक्रांति के पावन अवसर पर शुक्रवार को जिया संगम में माता नैना और माता भद्रकाली का विधि-विधान से पवित्र स्नान संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने माता के रथों के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। इसी के साथ 26 जुलाई को पिपलागे स्थित नैना माता मंदिर में आयोजित होने वाले पारंपरिक 'जाग उत्सव' का शुभारंभ भी हुआ। मंदिर पुजारी अमित महंत ने बताया कि उत्सव में भगवती भंडारा, जागरण और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उन्होंने बताया कि उत्सव का मुख्य आकर्षण दहकते अंगारों पर माता के गुरों और चेलों द्वारा किया जाने वाला दिव्य नृत्य रहेगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### एमआईएस की नई शर्तों से बागवानों पर बढ़ेगा बोझ, सरकार ले रही किसान विरोधी फैसले

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के तहत प्रस्तावित नई सेब खरीद व्यवस्था को लेकर बागवानों में नाराजगी बढ़ रही है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सरकार के फैसलों की आलोचना करते हुए कहा कि नई शर्तों से बागवानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित व्यवस्था में एक बागवान से अधिकतम 30 बोरी सी-ग्रेड सेब खरीदने की सीमा तय की जा रही है, जबकि कई छोटे बागवानों के पास इससे कहीं अधिक उत्पादन होता है। उन्होंने खरीद केंद्रों की संख्या घटाने के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए और कहा कि इससे दूरदराज क्षेत्रों के बागवानों की परेशानी बढ़ेगी। प्रेम शर्मा ने सरकार से खरीद सीमा हटाने, केंद्रों की संख्या बढ़ाने और समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की मांग की।

### उपाध्यक्ष हंस राज ठाकुर अपनी सैलरी से पंचायतों में लगवाएंगे यूवी वाटर फिल्टर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** खंड विकास कार्यालय नग्गर में आयोजित पंचायत समिति की बैठक के दौरान समिति के उपाध्यक्ष हंस राज ठाकुर ने जनहित में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी सैलरी से पंचायतों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यूवी वाटर फिल्टर लगवाएंगे, ताकि पंचायतों में आने वाले लोगों और कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास कार्यालय नग्गर के लिए अपने निजी खर्च से चाय एवं कॉफी मशीन उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं और इस सुविधा से कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी लाभ मिलेगा।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 60 पदों के लिए 21 और 22 जुलाई को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सीस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 60 रिक्त पदों को भरने के लिए जिला रोजगार कार्यालय केलांग और उप रोजगार कार्यालय उदयपुर में कैंपस साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि इच्छुक पुरुष अभ्यर्थी 21 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय केलांग तथा 22 जुलाई को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय उदयपुर में साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की योग्यता 9वीं या 10वीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष तथा लंबाई 168 सेंटीमीटर या अधिक होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 17,500 से 24,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा।

# एक साल से बदहाल गोशाल-ओल्ड मनाली सड़क, हर दिन बढ़ रहा हादसों का खतरा

## स्कूल बसों समेत सैकड़ों लोग जोखिम में, ग्रामीणों ने मरम्मत की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**मनाली।** गोशाल से ओल्ड मनाली को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के बाद से बदहाल पड़ी हुई है। आपदा को एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक इस मार्ग की मरम्मत नहीं हो सकी है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह टूट चुकी है और किनारों पर हो रहे लगातार कटाव के कारण यहां हर समय हादसों का अंदेशा बना रहता है। यह सड़क गोशाल और ओल्ड मनाली के बीच का एक बेहद महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।



### बजट मिलते ही शुरू होगा काम : एई सूद

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (एई) आकाश सूद ने इस संबंध में बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए बजट का प्राकलन (एस्टीमेट) बनाकर उच्च अधिकारियों को मंजूरी के लिए भेजा गया है। जैसे ही बजट स्वीकृत होकर विभाग को प्राप्त होता है, सड़क का मरम्मत कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

इसी रास्ते से प्रतिदिन बच्चों को लाने-ले जाने वाली स्कूल बसें गुजरती हैं। इसके अलावा ग्रामीण, बुजुर्ग, नौकरीपेशा लोग और अन्य राहगीर भी नियमित रूप से इसी सड़क का उपयोग करते हैं। सड़क की खस्ता हालत के कारण वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है, वहीं बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खौफनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लोक निर्माण विभाग ने सुध नहीं ली, तो यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क कई जगह से बेहद संकरी हो चुकी है, जिससे बड़े वाहनों और स्कूल बसों की आवाजाही में भारी रुकावट आ रही है। युवक मंडल के अध्यक्ष पवन ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि गोशाल-ओल्ड मनाली सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लोगों की जीवनरेखा है। बच्चों की सुरक्षा और ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। अन्य ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द धरातल पर निरीक्षण कर काम शुरू करने की गुहार लगाई है।

## मनाली-नगर ब्लॉक नामकरण प्रस्ताव पर सहमति, चिट्टा विरोधी अभियान होगा तेज

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** खंड विकास कार्यालय नग्गर की पंचायत समिति की बैठक बुधवार को पतलीकूहल में समिति अध्यक्ष वेद राम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान और पंचायत समिति सदस्यों के सम्मान सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मनाली-नग्गर ब्लॉक नाम रखने का प्रस्ताव आगामी बैठक में पारित किया जाएगा। इसके अलावा बढ़ते चिट्टा और अन्य नशों के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाने पर सहमति बनी। अभियान में पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, बीडीओ, युवा मंडल, महिला मंडल और स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और नियमित सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने पंचायत समिति प्रतिनिधियों को उचित सम्मान देने की मांग उठाते हुए पंचायत घरों में उनके कार्यकाल से संबंधित बोर्ड लगाने का सुझाव दिया।

साथ ही बैंचों, सेउबाग सहित नगर खंड की सीमाओं पर सूचना एवं स्वागत बोर्ड लगाने का निर्णय भी लिया गया। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने सदस्यों की समस्याएं सुनीं और प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विकास कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों को जनता के हित में मिलकर कार्य करना चाहिए। समिति अध्यक्ष वेद राम ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पंचायत समिति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपाध्यक्ष हंस राज ठाकुर ने पंचायत स्तर पर समिति सदस्यों को सम्मान और सहयोग देने की आवश्यकता जताई। बैठक में पीआई सुरेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य और खंड विकास कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सैंज स्कूल के कैडेट यान सिंह ने 1500 मीटर रेस में झटका गोल्ड



कैडेट यान सिंह के साथ प्रधानाचार्य और अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सैंज।** हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयरविंग के एनुअल ट्रेनिंग कैंप की 1500 मीटर दौड़ में सैंज स्कूल का एनसीसी कैडेट पहले स्थान पर रहा तथा जेडब्ल्यू की 400 मीटर रिले रेस में भी स्कूल विजेता बना।

पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि 5 जुलाई से 14 जुलाई तक हमीरपुर स्थित एनआईटी संस्थान में कैंप कमांडेंट विंग कमांडर कुणाल शर्मा के अगुवाई में आयोजित किया गया, जिसमें सैंज स्कूल के 24 कैडेट उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कैंप से विद्यालय लौटे सभी कैडेट का प्रधानाचार्य मनोज महाजन ने स्वागत किया तथा विभिन्न उपलब्धियों के लिए सभी कैडेट को बधाई दी।

कैंप में एनसीसी की ड्रिल, परेड, ऐरोमॉडलिंग आदि गतिविधियों के साथ- साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिसमें 1500 मीटर दौड़ में प्रथम आने पर कैडेट यान सिंह को गोल्ड मेडल दिया गया, जबकि 400 मीटर दौड़ में कैडेट ललिता, दिव्या ठाकुर, शालू व स्मृति की टीम विजेता घोषित हुई । छात्रावर्ग के खो-खो में स्कूल को उपविजेता तथा 800 मीटर दौड़ में भी स्कूल की कैडेट शालू को उपविजेता घोषित किया गया।

## नीट/यूजी में आकाश इंस्टीट्यूट-कुल्लू कॉन्वेंट के होनहारों का जलवा

### पहले ही सत्र में स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की बड़ी सफलता, 28 में से 7 छात्रों ने क्रैक की नीट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट यूजी 2026' के परिणामों में जिला कुल्लू के होनहारों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल और देश के प्रतिष्ठित आकाश इंस्टीट्यूट कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 'स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम' के विद्यार्थियों ने पहले ही शैक्षणिक सत्र में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर घाटी का नाम देश भर में गौरवान्वित किया है। इस संयुक्त शैक्षणिक पहल के तहत कोचिंग ले रहे कुल 28 विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर की इस कठिन परीक्षा को पास कर मेडिकल कॉलेज में अपनी सीट पक्की कर ली है। अपने पहले ही प्रयास में संस्थान ने 25 प्रतिशत का शानदार चयन अनुपात हासिल किया है, जिसे शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ घाटी के लिए एक बड़ी और क्रांतिकारी उपलब्धि मान रहे हैं। संस्थान के चार होनहार विद्यार्थियों ने परीक्षा में 500 से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्थान की मेधावी छात्रा इशिता ने 552 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं, संस्थान के छात्र दक्ष ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 551 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा अर्पिता ने 522 अंक और भूमिका ने 508 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आकाश इंस्टीट्यूट कुल्लू और कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर के एमडी सुरेश कुमार सहित संयुक्त प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके गौरवान्वित अभिभावकों और समर्पित शिक्षक वर्ग को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्रबंधन ने संयुक्त बयान में कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी दिन-रात की कठिन मेहनत, कड़े अनुशासन, शिक्षकों के अनुभवी मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सामूहिक परिणाम है।



चयनित विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रबंधन व आकाश संस्थान प्रबंधन। अनंत ज्ञान

### बच्चों के लिए वरदान बना 'स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम'

**संस्थान** के आधिकारिक प्रतिनिधि ने परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए कहा कि पहले ही वर्ष में प्राप्त यह शानदार परिणाम आकाश इंस्टीट्यूट और कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल की श्रेष्ठ मेंटरशिप, अनुभवी फैकल्टी, वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति, नियमित टेस्ट सीरीज़ और परिणाम-उन्मुख अकादमिक प्रणाली का जीवंत प्रमाण है।उन्होंने बताया कि कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संचालित यह कार्यक्रम विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा (बोर्ड परीक्षा) के साथ-साथ ही नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक ही छत के नीचे करवाई जाती है। इससे विद्यार्थियों का आने-जाने का समय बचता है, वे बिना किसी मानसिक तनाव के दोनों पाठ्यक्रमों में संतुलन बना पाते हैं और यही कारण है कि पहले ही साल में इतने शानदार परिणाम सामने आए हैं।

## जिस्पा में सजेगा लाहौल पर्यटन का सबसे बड़ा मंच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल की संस्कृति, परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से 1 और 2 अगस्त को जिस्पा में 'लाहौल टूरिज्म फेस्टिवल-2026' आयोजित किया जाएगा। लाहौल-स्पीति इको टूरिज्म सोसायटी की ओर से आयोजित यह दो दिवसीय महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों का संगम बनेगा।

महोत्सव में हिज़ एमिनेंस ड्रुक्पा छोएगोन रिनपोछे की पावन उपस्थिति विशेष आकर्षण रहेगी। उनके द्वारा त्से-वांग त्सेतुप (दीर्घायु आशीर्वाद) और धार्मिक शिक्षाएं प्रदान की जाएंगी। सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल व हिमालयी क्षेत्रों के कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। रमेश ठाकुर, फुरबू छुक्सा, अनिल सूर्यवंशी सहित कई कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा ज़ांस्कर, लद्दाख, लाहौल-स्पीति, नेपाल, तिब्बत और पांगी के लोक नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों का उद्देश्य लाहौल की विरासत और पर्यटन क्षमता को मंच प्रदान कर क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा देना है।

## एमआईएस की नई शर्तें बागवानों के साथ विश्वासघात : अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा अखिलेश कपूर ने मार्केट इंटरवेंशन स्कीम (एमआईएस) के तहत सी-ग्रेड सेब खरीद पर 30 बोरी की सीमा तय करने के फैसले को हिमाचल के लाखों बागवानों के साथ खुला अन्याय और विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बागवानों की वर्षों की मेहनत और उनकी आजीविका पर सीधा प्रहार है।



अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनाव से पहले किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने के बड़े-बड़े वादे करती रही, लेकिन सत्ता में आते ही उनकी उपज पर ही प्रतिबंध लगाने लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि यदि किसी बागवान के पास 30 बोरी से अधिक सी-ग्रेड सेब होगा तो वह उसे कहां बेचेगा? यदि वह खराब हो गया तो उसके नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बागवान पहले ही मौसम की मार, बढ़ती लागत, महंगे कीटनाशकों, खाद और दवाइयों की कमी तथा समय पर भुगतान न मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे कठिन समय में राहत देने के बजाय नई शर्तें थोपना सरकार की बागवान विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार केवल विज्ञापनों और झूठे प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर बागवानों की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस जनविरोधी निर्णय को तुरंत वापस ले और एमआईएस के तहत सभी पात्र बागवानों की पूरी उपज की खरीद सुनिश्चित करे। अन्यथा भारतीय जनता पार्टी बागवानों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक सशक्त आंदोलन करेगी। हिमाचल के अन्नदाता और बागवानों के अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

## पार्वती घाटी में रेव पार्टी प्रचार पर इंस्टाग्राम यूजर पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पार्वती घाटी में कथित रेव पार्टी को लेकर सोशल मीडिया पर किए जा रहे प्रचार के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 4 से 6 सितंबर 2026 के बीच कसोल, मणिकर्ण, तोष, पुलगा, तुलगा, ग्राहण और बरशैणी क्षेत्रों में किसी भी अवैध पार्टी के आयोजन की अनुमति नहीं दी गई है। जिला दण्डाधिकारी कुल्लू के भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी आदेशों के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्रों में ऐसी पार्टियों के आयोजन और प्रचार-प्रसार पर पूरी रोक है। आदेशों का उल्लंघन करते हुए सोशल मीडिया पर कथित रेव पार्टी का प्रचार करने के मामले में 16 जुलाई 2026 को पुलिस थाना मणिकर्ण में संबंधित इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं से बचें और संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें।

## कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक सड़क पर युद्धस्तर पर पैच वर्क का कार्य शुरू



युद्धस्तर पर पैच वर्क का कार्य शुरू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक सड़क पर लंबे समय से लोगों द्वारा उठाई जा रही पैच वर्क की मांग पर अब काम शुरू हो गया है। सड़क पर इन दिनों युद्ध स्तर पर पैच व्रज का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों व पर्यटकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

यह सड़क लंबे समय से खस्ताहाल होने के कारण वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़क के चलते सफर न केवल असुविधाजनक बल्कि जोखिम भरा भी हो गया था। अब सड़क पर तेजी से चल रहे पैच वर्क कार्य से लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ व लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया है।

लोगों का कहना है कि यदि कार्य इसी गति से जारी रहा तो जल्द ही पूरी सड़क बेहतर स्थिति में आ जाएगी व कुल्लू-मनाली के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम व सुरक्षित हो जाएगा।

**लापरवाही** कुल्लू-मनाली हाईवे पर जनता का पैसा पानी में बहा रहा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया

# बरसात के पानी से तबाही और करोड़ों की बर्बादी

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू से मनाली के बीच सफर करने वाले वाहन चालकों और स्थानीय जनता के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की मनमानी और लापरवाही अब जी का जंजाल बन चुकी है। वर्ष 2023 की भीषण बाढ़ के बाद सड़क की बदतर हालत को देखते हुए सरकार ने डोहलूनाला टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली तो बंद कर दी, लेकिन टोल बंद होते ही एनएचएआई ने इस सड़क से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है। हैरानी की बात यह है कि इस हाईवे को सुधारने के लिए चाहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी निर्देश दें या प्रदेश के मुख्यमंत्री, एनएचएआई किसी की नहीं सुनता। अधिकारी और ठेकेदार अपनी ही धुन में मस्त हैं और धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

◆ चाहे केंद्रीय मंत्री गडकरी हों या सीएम किसी की नहीं सुनता विभाग

अनंत ज्ञान मुद्दा

◆ 2023 से बंद पड़े डोहलूनाला टोल प्लाजा के पास आज भी बदहाल है सड़क



### नालियों के बिना पानी में बहाया पैसा

**हाईवे** की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) का न होना है। कुल्लू से मनाली के बीच लगभग 35 से 40 किलोमीटर के इस पूरे हिस्से में नालियों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नतीजा यह होता है कि हल्की सी बरसात होते ही पहाड़ों से आने वाला पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगता है। पानी का यह तेज बहाव हर बार तारकोल को उखाड़ फेंकता है। विभाग बिना नाली बनाए हर बार कच्ची-पक्की मरम्मत कर देता है, जो अगली ही बारिश में बह जाती है। यह सीधे तौर पर जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को पानी की तरह बहाना नहीं तो और क्या है? बिना ठोस योजना के हो रहा यह काम जनता के टैक्स की खुली बर्बादी है।

### डीसी कुल्लू के आदेश भी ठेंगे पर, आश्वासनों का लगा अंबार

**सड़क** की इस दुर्दशा का जिलाधीश (डीसी) कुल्लू स्वयं मौके पर पहुंचकर संज्ञान ले चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सड़क दुरुस्त करने के कड़े आदेश दिए थे, लेकिन एनएचएआई के आगे जिला प्रशासन के आदेश भी हवा हो गए। 2023 की आपदा के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सांसद कंगना रनौत, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पूर्व राज्यपाल सहित तमाम बड़े नेता यहां पहुंचे और जनता को बड़े-बड़े आश्वासन दिए। मगर पिछले 3 साल से घाटी की जनता सिर्फ एक ही तमाशा देख रही है। बाढ़ आती है, नेता आते हैं, हवाई वादे होते हैं, करोड़ों के कागजी एस्टीमेट बनते हैं, लेकिन वह पैसा कहाँ गायब हो जाता है, किसी को नहीं पता।

### एक-दूसरे पर झाड़ते पल्ला

**ठेकेदार** कहता है कि एनएचएआई हमें बजट नहीं दे रहा, जितना पैसा मिलेगा उतना ही काम करेंगे। वहीं, प्रदेश सरकार कहती है कि यह केंद्र सरकार का मामला है, हम कुछ नहीं कर सकते। उधर, केंद्र सरकार कहती है कि प्रदेश सरकार जमीन और एनओसी के मामलों में सहयोग नहीं कर रही। इस राजनीतिक के बीच रायसन, पतलीकूहल, 17 मील, बिंदुढांक, आलू ग्राउंड, रांगड़ी और वॉल्वो बस स्टैंड के पास आज भी सड़कें मलबे और गड्ढों में तब्दील हैं, जो रोजाना हादसों को न्योता दे रही हैं। डोहलूनाला के पास सड़क के किनारों पर बने गहरे गड्ढे किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

## सेंटर जोन के गांवों में विधायक अनुराधा राणा ने सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने सेंटर जोन के अंतर्गत सिल्लूक, माने गोग्मा, माने योग्मा, डंखर, लालूंग, रामा और लिंगती सहित विभिन्न गांवों का विभागीय अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना।

दौरे के दौरान विधायक अनुराधा राणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसी कडी मे माने थागमोचे नहर एंव माने गांव की नहर का जल शक्ति विभाग एंव गांव वालो सहित निरिक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज मांगों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधान माने तेंजिन छोडन, बीडीसी अध्यक्ष छेरिंग डोलमा, बीडीसी उपाध्यक्ष महेंद्र, पूर्व प्रधान सोनम डोलमा, प्रधान लालूंग छेरिग गटुक, जिला परिषद सदस्य ठिल्ले देचन, बीडीसी छेरिंग छुजुम, टीएसी सदस्य छेवांग रिगजिन, उदय बौद्ध, ओमा, जीत, रामकिशन, लोब्जग पलदन, लोब्जंग तंडुप, टशी लिंगती, चुनपा, सोनम डंखर, अरविंद, ज्ञाछो, तनु, और अन्य गणमान्य कांग्रेस पदाधिकारी और गांवो के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



विधायक अनुराधा राणा घाटी के दौरे के दौरान। अनंत ज्ञान

# हरसंगधार में श्रद्धा से मनाया हरियाली साजी पर्व

## मुख्य अतिथि विक्रमादित्य सिंह ने देव दर्शन कर विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** सोलन और शिमला जिले की सीमा पर स्थित दाड़लाघाट उपतहसील के चंडी (अर्की) क्षेत्र के समीप देव हरसंगधार में हरियाली साजी पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। धार्मिक उत्थान एवं कल्याण सभा की ओर से आयोजित इस पारंपरिक पर्व में क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचे और देव आशीर्वाद प्राप्त किया।

हरियाली साजी पर्व के दौरान देव हरसंगधार (बाघल-भज्जी), देव हरसंग बड़ोग, देव हरसंग कश्लोग और देव हरसंग चनावाग का ऐतिहासिक देव मिलन हुआ। इस धार्मिक आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना, देव नृत्य और बैठक नरमाला कार्यक्रम पर्व के मुख्य आकर्षण रहे। श्रद्धालुओं ने देवताओं के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।



हरसंगधार में चार देवताओं का ऐतिहासिक मिलन, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

आयोजन के दौरान धार्मिक उत्थान एवं कल्याण सभा की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा और लोगों ने पारंपरिक संस्कृति से जुड़े इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने देव हरसंगधार मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देवता के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को हरियाली साजी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति और लोक परंपराएं प्रदेश की पहचान हैं। इन्हें संरक्षित रखना आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्षेत्र में करीब 6.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इसमें संपर्क मार्ग जुड से खुनारा और पटियार घाटरू से बैरटीनाला वाया सीतरी जांयन संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों का शिलान्यास शामिल रहा। इसके अलावा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जुड (जुडलु) और ग्राम पंचायत चनावाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया गया।

देव हरसंगधार मंदिर प्रबंधक समिति के प्रधान परस राम ठाकुर और सचिव प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि हरियाली साजी पर्व क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि इस पर्व के माध्यम से लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। समिति पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सह सचिव श्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद वर्मा, मुख्य सलाहकार बाबूराम शर्मा, उप प्रधान दिलाराम शर्मा, पुजारी मुंशी राम शर्मा, हरिराम सहित मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और पारंपरिक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# बघाट बैंक के पुनर्जीवन की तैयारी तेज सरकार दे सकती है 20 करोड़ की पूंजी

अनंत ज्ञान

**सोलन (आर. मोहन चौहान)।** वर्षों से वित्तीय संकट और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पाबंदियों का सामना कर रहे दी बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के पुनर्जीवन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बैंक को दोबारा सामान्य स्थिति में लाने के लिए प्रशासक समिति की रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंप दी गई है। अब सरकार स्तर पर अंतिम निर्णय का इंतजार है।




प्रशासक समिति की रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को छोड़कर लगभग सभी वित्तीय मानकों को पूरा कर लिया है। बैंक को पूरी तरह मजबूत स्थिति में लाने के लिए करीब 25 करोड़ रुपये के कैपिटल शेयर की आवश्यकता बताई गई है। बैंक प्रबंधन अपने स्तर पर करीब तीन करोड़ रुपये के कैपिटल शेयर के लिए सहमति जुटा चुका है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार भी बैंक में करीब 20 करोड़ रुपये के कैपिटल शेयर खरीदने को लेकर सकारात्मक रुख अपना रही है। यदि सरकार की ओर से मंजूरी मिलती है तो बैंक को बड़ी राहत मिल सकती है। इसके बाद आरबीआई की ओर से लगाई गई पाबंदियों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

बैंक प्रबंधन का अनुमान है कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अगले तीन से चार महीनों में बैंकिंग सेवाएं दोबारा सामान्य हो सकती हैं। इससे बैंक के खाताधारकों और ग्राहकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

एडिशनल रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग शिमला और बैंक के प्रशासक नीरज सूद ने बताया कि बैंक की वित्तीय स्थिति सुधारने और आरबीआई की पाबंदियां हटाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की बैंक शाखाओं में विशेष अभियान चलाकर शेयरधारकों, कर्मचारियों, खाताधारकों और आम लोगों से कैपिटल शेयर खरीदने के लिए सहमति ली जा रही है।

उन्होंने कहा कि बैंक की लिक्विडिटी स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ एनपीए की वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। वर्तमान में बैंक के करीब 118 करोड़ रुपये के एनपीए की रिकवरी लंबित है। इसके लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### परवाणू में चिट्टे संग सिरमौर के दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** जिला सोलन के परवाणू में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से 14.57 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। इस मामले में सिरमौर जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना परवाणू में दर्ज एफआईआर संख्या 87/26 के तहत 12 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर एक बोलेरो वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में सवार युवकों के कब्जे से चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शर्मा (30) और अभिषेक शर्मा (24), निवासी गांव धीरथ, डाकघर बनेठी, तहसील नाहन, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बोलेरो वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### चायल प्रधान चुनाव पर धोखाधड़ी के आरोप, याचिका दायर

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ग्राम पंचायत चायल में हाल ही में हुए प्रधान पद के चुनाव को लेकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। इस मामले में चुनाव याचिका दायर कर जांच की मांग की गई है। याचिकाकर्ता अनील वर्मा ने पंचायती राज एक्ट के तहत निर्धारित प्राधिकारी एसडीएम कंडाघाट के समक्ष यह याचिका प्रस्तुत की है। अनील वर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ अनियमितताएं हुईं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब, दिल्ली और हिमाचल के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के नामों की सप्लीमेंट्री वोटर सूची तैयार की गई, जबकि इन मतदाताओं का नाम चायल के परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं था और उनके पास स्थानीय आधार कार्ड भी नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि नए मतदाता जोड़ने की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके अलावा वार्ड मिहाणी में बने कथित फर्जी वोटों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि मतदान के दिन आपत्तियां दर्ज कराई गईं, लेकिन उन पर उचित सुनवाई नहीं हुई।

### अराजपत्रित कर्मचारी संघ सोलन की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय सोलन में कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं अध्यक्ष गिरीश चंद नेस्टा ने की। इस दौरान कार्यालय अराजपत्रित कर्मचारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में हरीश चंद्र शर्मा को अध्यक्ष, मेहर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रूपेश को उपाध्यक्ष, दिनेश शर्मा को प्रेस सचिव, प्रदीप कुमार ठाकुर को सचिव, दीक्षा ठाकुर को संयुक्त सचिव और राम स्वरूप शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि माय भारत के तहत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाए। माय भारत से जुड़े युवाओं को पंचायत स्तर पर भेजकर नशाबंदी, स्वच्छ भारत मिशन और सामाजिक जागरूकता अभियानों में शामिल करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बेरोजगार युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने एक जुलाई से 15 अगस्त तक चल रहे माय भारत पोर्टल पंजीकरण अभियान में शिक्षण संस्थानों, युवा मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से युवाओं का पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला युवा अधिकारी भूपेंद्र सिंह गिल ने आगामी युवा कार्यक्रमों की जानकारी दी। अधिकारियों ने योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का आश्वासन दिया।

# मक्की के भुट्टे बने गरीब परिवारों का सहारा, बरसात में बढ़ी मांग



अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बरसात का मौसम शुरू होते ही सड़कों के किनारे अंगीठी पर सिकते मक्की के भुट्टे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगे हैं। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर भुट्टे जहां लोगों की पसंद बन रहे हैं, वहीं यह मौसमी कारोबार कई गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आजीविका का बड़ा साधन साबित हो रहा है।

राजगढ़ बाजार और आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे कई लोग भुट्टे भूनकर बेच रहे हैं। इस छोटे कारोबार से जुड़े लोग बरसात के चार महीनों में अच्छी कमाई कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। राजगढ़ सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर भुट्टे बेचने वाली एक महिला ने बताया कि वह प्रतिदिन करीब एक बोरी भुट्टों की बिक्री कर लेती है। वह एक भुट्टा 20 रुपये में बेचती है और इसी आय से परिवार का खर्च चलाती है। महिला के अनुसार बरसात का मौसम उनके लिए रोजगार का सबसे बड़ा सहारा होता है।

स्थानीय वरिष्ठ नागरिक प्रीतम सिंह ठाकुर और दया राम वर्मा ने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में मक्की की खेती बड़े स्तर पर की जाती थी, लेकिन समय के साथ किसानों का रुझान नकदी फसलों की ओर बढ़ने से मक्की का उत्पादन कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी जीवन में मक्की का विशेष महत्व रहा है।

# सपरून में फुट ओवरब्रिज की उठी मांग, पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन



पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर के सपरून क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में पूर्व उपमहापौर एवं वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा ने उपायुक्त सोलन को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सपरून बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनभर भारी यातायात रहता है। इस कारण सड़क पार करना स्थानीय लोगों के लिए जोखिम भरा बना हुआ है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और मरीजों को सड़क पार करते समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राजीव कौड़ा ने कहा कि इस क्षेत्र में कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और भविष्य में भी किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों को अस्पताल, बस स्टैंड और अन्य जरूरी सेवाओं तक पहुंचने के लिए व्यस्त राजमार्ग पार करना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में रहती है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को देखते हुए संबंधित विभागों को जल्द निर्देश जारी कर सपरून में फुट ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए यह कदम बेहद जरूरी है।

गौरतलब है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से भी सोलन क्षेत्र में पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई स्थानों पर फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना पहले घोषित की जा चुकी है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि फुट ओवरब्रिज बनने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

### मस्कुलर डिस्ट्रॉफी मरीजों के लिए एमएम कॉलेज ने लगाया विशेष शिविर



**अनंत ज्ञान, सोलन।** कुमारहट्टी स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष बहु-विषयक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। यह शिविर इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के सहयोग से मानव मंदिर, गांव कोठों में लगाया गया। शिविर में मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, फिजियोथेरेपी, नर्सिंग और पैरामेडिकल विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। इस दौरान कुल 28 मस्कुलर डिस्ट्रॉफी मरीजों को उपचार, चिकित्सकीय परामर्श और पुनर्वास संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# ईको विलेज में जलवायु अनुकूल पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण को मिला बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के अधीनस्थ औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी हमीरपुर की ओर से पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको विलेज भलेटा कला में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'वृक्षारोपण गतिविधियों के क्रियान्वयन एवं पर्यावरण संरक्षण' रहा।

यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सरकार की इको विलेज योजना के तहत पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग शिमला के सहयोग से आयोजित किया गया। महाविद्यालय वर्ष 2024 से इको विलेज भलेटा में 'जलवायु-अनुकूल औद्यानिकी एवं वानिकी तकनीकों के संवर्धन' पर अनुसंधान परियोजना चला रहा है।



एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यव्यापी वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जो एक जुलाई से 31 जुलाई तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के समन्वय से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में इको विलेज भलेटा के करीब 75 किसानों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पर्यावरण अधिकारी सुमित ठाकुर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और मॉडल इको विलेज योजना के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. दुष्यंत शर्मा ने किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए उपयोगी औद्यानिकी एवं वानिकी तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपयुक्त वृक्ष प्रजातियों का चयन किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में तैयार किए गए तूनी, महोगनी, सहजन, मौसमी, अमरूद, नीम और मालाबार नीम सहित करीब 530 गुणवत्तापूर्ण पौधे किसानों को वितरित किए गए। इन पौधों का किसानों के खेतों में रोपण भी करवाया गया। किसानों को फलदार और वन प्रजातियों के वैज्ञानिक रोपण, देखभाल और प्रबंधन की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

ग्राम पंचायत नेरी की प्रधान रीना देवी ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

# गटोली में अतिक्रमण और डंपिंग के खिलाफ किसान सभा ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिले के ग्राम गटोली में कथित अवैध अतिक्रमण, अवैध डंपिंग और ग्रामीणों को डराने-धमकाने के आरोपों को लेकर हिमाचल किसान सभा, जिला समिति सोलन ने उपायुक्त सोलन को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

किसान सभा ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि एमएस एमएसजी हेल्थ एंड वेलनेस के निदेशकों, अधिकारियों और प्रतिनिधियों द्वारा विवादित भूमि पर जबरन कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन का कहना है कि क्षेत्र में कथित अवैध डंपिंग के कारण किसानों और ग्रामीणों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जब ग्रामीणों ने इन गतिविधियों का विरोध किया तो उन पर बाउंसर्स, मजदूरों और बाहरी लोगों के माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश की गई। किसान सभा ने कहा कि इससे गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। संगठन ने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रशासन ने प्रभावी कदम नहीं उठाए तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।



भूमि विवाद मामले में चोटिल ग्रामीण

किसान सभा ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। संगठन का आरोप है कि ग्रामीणों की शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में प्रशासन और पुलिस के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से किसान सभा ने कहा कि कथित अवैध डंपिंग से कृषि भूमि, ग्रामीण रास्तों, नदी-नालों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी या अधिकारी से करवाई जाए।

किसान सभा ने उपायुक्त से अवैध अतिक्रमण और डंपिंग पर तुरंत रोक लगाने, ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ही ग्रामीणों का विश्वास बहाल हो सकेगा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहेगी।

# राशन दुकानों पर गुणवत्ता जांच कालाबाजारी रोकने के निर्देश जारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली और जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्यान्नों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था और एलपीजी सिलेंडरों के भार की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि राशन दुकानों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या उपभोक्ताओं के हितों से जुड़ी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने खाद्य निरीक्षकों को समय-समय पर बाजारों का निरीक्षण करने, सब्जियों के रेट प्रदर्शित करवाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। बैठक में बताया गया कि सोलन जिले में कुल 355 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं। इनमें 209 सहकारी सभाओं, 136 व्यक्तिगत संचालकों, चार महिला मंडलों और छह ग्राम पंचायतों द्वारा दुकानें चलाई जा रही हैं।



विभाग के अनुसार, मार्च से जून 2026 तक जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत करीब 8336 क्विंटल चीनी, 42154 क्विंटल चावल, 65687 क्विंटल आटा, 9512 क्विंटल दालें, 1664 क्विंटल आयोडाइज्ड नमक और 438681 लीटर खाद्य तेल वितरित किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 20 एलपीजी गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 2,07,101 उपभोक्ताओं को गैस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# पेपर लीक के विरोध में सोलन में भूख हड़ताल

## परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग, पेपर लीक मामलों के खिलाफ संगठनों का 20 जुलाई को प्रदर्शन का ऐलान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और कथित व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को सोलन के चिल्ड्रन पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल और धरना आयोजित किया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने और पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन में दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन भी किया गया। धरने में पूर्व आईएएस अधिकारी शरभ नेगी, अधिवक्ता मनोज वर्मा, विकास ठाकुर, नीतीश ठाकुर, अनिल ठाकुर, किरण किशोर, विजय भट्टी और धर्मपाल ठाकुर सहित कई लोग भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान पूर्व आईएएस शरभ नेगी और गुजरात विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर सीपी भसीन ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं मेहनत करने वाले युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत है, ताकि योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्ष अवसर मिल सके।



सोनम वांगचुक के आंदोलन के समर्थन में हड़ताल पर बैठे लोग।

धरने के दौरान आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें केंद्र सरकार से सोनम वांगचुक के आंदोलन पर सकारात्मक पहल करने, पेपर लीक मामलों की सुनवाई फास्ट-ट्रैक अदालतों में करवाने, दोषियों को कठोर सजा देने और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवाओं का विश्वास बनाए रखने के लिए परीक्षा प्रणाली को मजबूत और जवाबदेह बनाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार पेपर लीक होने से लाखों अभ्यर्थियों की मेहनत और समय बर्बाद हो रहा है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सोलन में व्यापक स्तर पर महाप्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर, नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत, समाजसेवी संजय शर्मा 'हिंदवान', जिला बार एसोसिएशन के महासचिव नितिन ठाकुर, सीटू जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि युवाओं को न्याय मिलने और परीक्षा प्रणाली में सुधार होने तक उनका शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की।आंदोलनकारियों ने कहा कि निष्पक्ष परीक्षाएं युवाओं के भविष्य के लिए जरूरी हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी व्यवस्था जल्द लागू की जाए।

# सोलन में भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ बैठक में विकास योजनाओं पर मंथन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ हिमाचल प्रदेश के प्रदेश संयोजक चमन कपूर शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर सोलन पहुंचे। इस दौरान जिला पर्यटन प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक जगदीप सिंह कंवर ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा प्रदेश के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया के दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला सोलन पर्यटन प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजकों के साथ-साथ विभिन्न मंडलों के संयोजकों ने भी बैठक में भाग लिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं को लोगों तक पहुंचाने और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।



प्रदेश संयोजक चमन कपूर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए पर्यटन प्रकोष्ठ को लगातार प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने और प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्राम गृह अंब में कल आयोजित होगा एक्स सर्विसमैन लीग कार्ड बनाने का विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, विवेक शर्मा, अंब।** एक्स सर्विसमैन लीग यूनिट-28 दौलतपुर एवं अंब की ओर से पूर्व सैनिकों के लिए लीग सदस्यता कार्ड बनाने हेतु 19 जुलाई को अंब स्थित विश्राम गृह में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। एक्स सर्विसमैन लीग के चेयरमैन कर्नल जोगिंदर पाल शर्मा, कैप्टन विकास डडवाल तथा वाइस चेयरमैन कैप्टन मोहन लाल दत्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को लीग से जोड़ना तथा उनके सदस्यता कार्ड तैयार करना है, ताकि उन्हें संगठन की विभिन्न गतिविधियों और सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने बताया कि शिविर में अंब, अंदौरा, क्टोहड़ कलां, पक्का परोह, नेहरिया, पंजोआ, ठठल, नंदपुर कोहाड़छन, सपोरी, ज्वार, मेड़ी सहित आसपास के सभी गांवों के पूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से निर्धारित समय पर पी पी ओ कॉपी व दो पासपोर्ट फोटो ग्राफ के साथ पहुंचने की अपील की है, ताकि कार्ड बनाने की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके।

### भराड़ा देवी मंदिर रेंसरी में कल होगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सावन मास के पावन अवसर पर माता राज राजेश्वरी (भराड़ा देवी) मंदिर, रेंसरी (ऊना-धमांदरी रोड) में 19 जुलाई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन एवं समस्त माता जी के श्रद्धालुओं की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे पूजा-अर्चना एवं संकीर्तन से होगा। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आरंभ किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं माता जी के भक्तों से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### गीत-संगीत से बताईं कल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित विशेष प्रचार अभियान के दूसरे चरण के चौथे दिन शुक्रवार को पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने उपमंडल ऊना के तहत जखेड़ा और बहडाला लोअर में जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान के बारे में जानकारी दी। जगरूकता कार्यक्रम में कलाकारों ने बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा कम्पयूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, विधवा, एकल, परित्यक्ता व अल्पसंख्यकों को एक वर्ष के पीजीडीसीए और डीसीए कम्पयूटर कोर्स करवाने का प्रावधान है। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विधवा व एकल नारियों को प्रशिक्षण के दौरान 1,000 मासिक भत्ता और 1500 रुपए प्लेसमेंट संबंधी स्टाइपेंड प्रदान किया जाता है। दिव्यांग श्रेणी में 1200 रुपए मासिक भत्ता और 1,800 प्लेसमेंट संबंधी स्टाइपेंड देने का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष और परिवार की वार्षिक आमदनी 2 लाख से कम होनी चाहिए। नाट्य दलों ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### बीटन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में शुक्रवार को यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्र एवं छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्या डॉक्टर सुमीक्षा गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी नए विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा कहा कि विद्यार्थियों के लिए कॉलेज के वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम की विशेष अतिथि रही डॉक्टर उमा रानी ,सेवानिवृत प्राध्यापिका (संस्कृत विभाग )जिन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए आगे बढ़ने की और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो ऋतु जसवाल ने मंच का संचालन किया एवं विद्यार्थियों को सीएससीए, करियर काउंसलिंग एवं कॉलेज द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# मैहतपुर में बनेगा भरमौती मंदिर का भव्य प्रवेश द्वार : विवेक शर्मा

## मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की योजना हो रही तैयार

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सतलुज के किनारे स्थित उत्तरी भारत के प्रसिद्ध श्री ब्रह्मा के दूसरे मंदिर भरमौती को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि मैहतपुर में भरमौती मंदिर के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस परियोजना का विस्तृत एस्टीमेट जल्द तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगामी प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि भरमौती मंदिर केवल कुटलैहड़ ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस पवित्र स्थल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। विवेक शर्मा ने बताया कि जिला ऊना के मैहतपुर से भरमौती मंदिर की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। इसी मार्ग पर मैहतपुर में एक भव्य स्वागत एवं प्रवेश द्वार का निर्माण प्रस्तावित है, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों का स्वागत करेगा।

### मंदिर तक सड़क होगी डबल लेन, लगेंगी स्ट्रीट लाइटें



**विवेक** शर्मा ने बताया कि मैहतपुर से लगभग पांच किलोमीटर आगे से लेकर हिंडोला तक करीब छह किलोमीटर सड़क का क्षेत्र पंजाब राज्य में पड़ता है। इस सड़क के चौड़ीकरण और विकास के लिए पंजाब सरकार से औपचारिक बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास रहेगा कि इस पूरे मार्ग को डबल लेन बनाया जाए ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर स्ट्रीट लाइटें लगाने की भी योजना है, जिससे रात के समय भी सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके।

### महिला आयोग की अध्यक्ष के आदेश पर पीड़िता को पहुंचाया वन स्टॉप सेंटर

अनंत ज्ञान

**घनारी/ऊना।** हिमाचल प्रदेश महिला आयोग को ऊना जिले में एक महिला के कथित उत्पीड़न संबंधी गुप्त सूचना मिलने के बाद आयोग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसी दौरान पीड़िता की ओर से महिला आयोग कार्यालय शिमला में लिखित शिकायत भी प्राप्त हुई, जिसके बाद आयोग ने मामले की जांच तेज कर दी। महिला आयोग की अध्यक्ष के निर्देश पर आयोग की सदस्य सरोज शर्मा को मौके पर भेजा गया। उन्होंने पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर पीड़िता तक पहुंच बनाई और मामले की जांच शुरू करवाई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पीड़िता को तत्काल सुरक्षित स्थान की आवश्यकता है। इसके बाद उसे ऊना स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में अस्थायी रूप से ठहराया गया। यहां उसे सुरक्षित आवास, भोजन, वस्त्र, चिकित्सकीय सहायता, मानसिक परामर्श तथा कानूनी सहायता सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आयोग की सदस्य सरोज शर्मा ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर पीड़िता और उसकी करीब डेढ़ वर्षीय बच्ची से मुलाकात की। पीड़िता के अनुसार यदि समय रहते महिला आयोग हस्तक्षेप नहीं करता तो उसके साथ कोई गंभीर घटना हो सकती थी। पीड़िता के बयान और प्रारंभिक जांच के आधार पर हिमाचल प्रदेश महिला आयोग ने मामले को गंभीर मानते हुए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। साथ ही संबंधित दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की सिफारिश की गई है। आयोग ने एसपी को निर्देश दिए हैं कि मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट दवा बिक्री पर होगी सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी के एलोपैथिक दवाओं की बिक्री पर सख्ती करते हुए ऊना और हरोली ब्लॉक के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ड्रग इंस्पेक्टर, मुख्यालय ऊना द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ मेडिकल स्टोरों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एलोपैथिक दवाओं की बिक्री और खरीद की जा रही है, जो निर्धारित नियमों के विपरीत है। जारी निर्देशों के अनुसार, आरएमपी के पर्चे पर दी जाने वाली कोई भी दवा केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा अथवा उसके प्रत्यक्ष व्यक्तिगत पर्यवेक्षण में ही वितरित की जा सकेगी। इसके अलावा सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को पंजीकृत फार्मासिस्ट की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उपस्थिति रजिस्टर का विधिवत रखरखाव करने के निर्देश दिए गए हैं। औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट किया है कि पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में किसी भी प्रकार की एलोपैथिक दवाओं की बिक्री या खरीद स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान यदि किसी मेडिकल स्टोर में इन निर्देशों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित फर्म के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश 17 जुलाई 2026 से तत्काल प्रभाव से ऊना और हरोली ब्लॉक के सभी खुदरा दवा विक्रेताओं पर लागू कर दिया गया है।

# डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना से अवनी शर्मा के सपनों को मिली उड़ान

## मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्रतिभा को यदि अवसर मिले तो सपनों को साकार होने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्ष 2023 में शुरू की गई डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना ऐसे ही हजारों मेधावी विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है, जिनके उच्च शिक्षा के सपने आर्थिक अभाव के कारण अक्सर अधूरे रह जाते थे। उच्च शिक्षा विभाग ऊना के उप निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में शुरू की गई इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, हॉस्टल शुल्क, भोजन, अध्ययन सामग्री तथा अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवार की वार्षिक आय सीमा को अब 12 लाख रुपए कर दिया गया है।



चौकीमनियार गांव की अवनी शर्मा इस योजना के सकारात्मक प्रभाव की एक प्रेरक मिसाल हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों वाले परिवार से आने वाली अवनी के लिए उच्च शिक्षा का सपना लगभग धूमिल होने लगा था, लेकिन डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी। आज वह नकोदर में बीएससी मेडिकल (एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी) की पढ़ाई कर रही हैं। अवनी बताती हैं कि वे चार बहनें हैं। उनके पिता मनरेगा में कार्य करने के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण चारों बेटियों की उच्च शिक्षा का खर्च वहन करना परिवार के लिए बेहद कठिन था। ऐसे में आगे की पढ़ाई जारी रखना परिवार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था।


उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन्हें चार लाख रुपए का शिक्षा ऋण स्वीकृत हुआ। इस आर्थिक सहायता ने उनकी पढ़ाई की राह आसान कर दी और अब वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही हैं। अवनी कहती हैं कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की इस पहल ने उनके सपनों को नई उड़ान दी है। अब उन्हें विश्वास है कि आर्थिक अभाव उनके भविष्य की राह में बाधा नहीं बनेगा। भविष्य में वह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज की सेवा करना चाहती हैं।

### शिव महापुराण सुनने मात्र से मिलता है पापों से छुटकारा : गणेश दत्त शास्त्री

**अनंत ज्ञान/घनारी।** तहसील घनारी के अंतर्गत हरि ॐ शिव मंदिर, अम्बोआ में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा व्यास गणेश दत्त शास्त्री (अन्दौरा वाले) ने श्रद्धालुओं को चंचुला एवं बिन्दुक की प्रेरणादायक कथा सुनाते हुए भगवान शिव की भक्ति, सच्चे पश्चाताप और धर्ममय जीवन का संदेश दिया। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य चाहे कितना भी पापी या भ्रमित क्यों न हो, यदि वह सच्चे मन से भगवान शिव की शरण ग्रहण कर ले तो उसका जीवन पवित्र और कल्याणकारी बन जाता है। उन्होंने बताया कि शिवमहापुराण में वर्णित चंचुला और बिन्दुक की कथा भगवान शिव की असीम कृपा, भक्ति की महिमा और सच्चे पश्चाताप का प्रतीक है। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि प्राचीन काल में बिन्दुक नामक एक ब्राह्मण अपने धर्म और कर्तव्यों से विमुख होकर पापमय जीवन जीने लगा। उसकी पत्नी चंचुला भी सांसारिक मोह-माया में फंस गई। समय बीतने पर बिन्दुक की मृत्यु हो गई और उसे अपने कर्मों के कारण कठोर यातनाएं भोगनी पड़ीं। वहीं चंचुला को अपने जीवन पर गहरा पश्चाताप हुआ। उसने श्रद्धापूर्वक शिवमहापुराण का श्रवण किया, जिससे उसके भीतर वैराग्य जागृत हुआ और वह भगवान शिव की भक्ति में लीन हो गई। कथा व्यास ने बताया कि चंचुला की निष्काम भक्ति और सच्चे पश्चाताप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उस पर कृपा की। शिवगणों की सहायता से बिन्दुक को भी पापों से मुक्ति मिली और अंततः दोनों को भगवान शिव का परमधाम प्राप्त हुआ।श्री गणेश दत्त शास्त्री ने श्रद्धालुओं से भगवान शिव के आदर्शों को अपनाने, अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का त्याग करने तथा नियमित रूप से भगवान के नाम का स्मरण करने का आह्वान किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा तथा श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कथा का आनंद लेते रहे।

# झंडूता में पशुशाला जलकर राख

अनंत ज्ञान



**झंडूता।** बिलासपुर जिले के झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत जड्डू के वार्ड नंबर-4 में शुक्रवार को एक पशुशाला में अचानक भीषण आग लगने से करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी टीनपोश पशुशाला आग की लपटों में घिर गई।

घटना की सूचना मिलते ही झंडूता अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया।

राहत एवं बचाव अभियान के दौरान पशुशाला में बंधी तीन गाय, एक भैंस और 18 बकरियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समय पर की गई कार्रवाई के चलते किसी भी व्यक्ति या पशु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

अग्निकांड में पशुशाला के भीतर रखा सूखा चारा, तुड़ी, इमारती लकड़ी, सोलर पैनल, घास काटने की मशीन तथा पशुपालन और कृषि कार्य में उपयोग होने वाला अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस के अनुसार जड्डू निवासी मोहर सिंह ने घटना की सूचना दी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं, जबकि राजस्व विभाग नुकसान का विस्तृत आकलन करने में जुटा है।

### सरकारी बस बंद होने से छात्रों और ग्रामीणों का सफर ठप

**अनंत ज्ञान, तलाई।** कोटधार के पिछड़े क्षेत्र गाह-घोड़ी से सुबह बिलासपुर जाने वाली पहली सरकारी बस (वाया ढोलग-टिहरी-भेड़ी) बंद कर दी गई है। इससे ग्राम पंचायत पपलोआ, डूडीयां और मलरांव के ग्रामीणों, विद्यार्थियों तथा ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत पपलोआ के प्रधान महेंद्र सिंह ठाकुर, डूडीयां के प्रधान नीरज शर्मा और मलरांव के प्रधान सुखदेव धीमान सहित क्षेत्रवासियों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम से मांग की है कि जब तक मांडवा-झंडूता सड़क बंद है, तब तक बस सेवा को वाया पीपलू घाट-भल्लू होकर नियमित रूप से चलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो लोगों को बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रधानों ने कहा कि वे विद्यार्थियों और रोजाना ड्यूटी पर जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

उनका कहना है कि जिस सड़क के बंद होने के कारण बस सेवा प्रभावित हुई है, उसे सरकार ने ही बंद किया है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था करना भी सरकार और एचआरटीसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब निजी बसें मांडवा-झंडूता मार्ग बंद होने के बावजूद वाया पीपलू घाट-भल्लू होकर चल रही हैं, तो सरकारी बस उसी मार्ग से क्यों नहीं चलाई जा सकती।

# नीट परीक्षा परिणाम में मिनर्वा ने हिमाचल में लहराया सफलता का परचम

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** नीट-2026 के परीक्षा परिणाम में मिनर्वा स्ट्डी सर्कल ने एक बार फिर प्रदेशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परिचय दिया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम दर्ज करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। संस्थान के होनहार विद्यार्थी दर्शिल ठाकुर ने 644 अंक प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

इस वर्ष के परिणामों में 6 विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक, 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 550 से अधिक अंक तथा 60 से अधिक विद्यार्थियों ने 500 से अधिक अंक प्राप्त कर मिनर्वा स्ट्डी सर्कल को प्रदेश के अग्रणी मेडिकल प्रवेश परीक्षा संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बनाए रखने में एक और उपलब्धि दिलाई। संस्थान का यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा सुनियोजित शैक्षणिक व्यवस्था का प्रतिफल माना जा रहा है।

संस्थान में नियमित टेस्ट सीरीज, व्यक्तिगत मेंटरशिप, विस्तृत प्रदर्शन विश्लेषण एवं अवधारणात्मक शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। यही कारण है कि संस्थान लगातार उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा को कायम रखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास जीतता आया है।

मिनर्वा स्टडी सर्कल के संस्थापक प्रवेश चंदेल, मुख्य प्रबंध निदेशक राकेश चंदेल, प्रबंध निदेशक स्वदेश चंदेल तथा धर्मशाला सेंटर प्रमुख कैप्टन अजय शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, अभिभावकों के अटूट विश्वास तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

### धार-टटोह में बाघ की दहशत, पिंजरा लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत धार-टटोह ने क्षेत्र में बाघ की बढ़ती गतिविधियों और ग्रामीणों में व्याप्त दहशत को देखते हुए वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने, गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पंचायत प्रधान अभिषेक ठाकुर ने वन मंडल अधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया है। हाल ही में पूर्व वार्ड सदस्य सुनील ठाकुर के दो बकरे और एक बकरी को बाघ ने मार दिया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। पंचायत ने पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा देने तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की है।

### नीलगायों के आतंक से घुमारवीं के किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के मसौर, मसधाण, कुठेड़ा, पुआणा, भटोली सहित दर्जनों गांवों के किसान नीलगायों और जंगली सूअरों के बढ़ते आतंक से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि जंगली जानवर लगातार फसलें उजाड़ रहे हैं, जिससे कई लोगों ने खेती छोड़ने तक का मन बना लिया है। किसानों ने प्रदेश सरकार से सोलर फेंसिंग और बाड़बंदी के लिए सब्सिडी देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो उपजाऊ खेत बंजर होने लगेंगे और किसान खेती से पूरी तरह विमुख हो जाएंगे।

### चंदेल ने भुलस्वाय के ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम पंचायत भुलस्वाय के बाड़ी गांव में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में पेयजल और बिजली की समस्याएं प्रमुखता से उठीं, जिन पर चंदेल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल बात कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी और मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से राजनीति से ऊपर उठकर गांव के विकास के लिए एकजुट होने की अपील की। चंदेल ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



# सदर में 23 संपर्क सड़कों को मिली मंजूरी, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र की 23 संपर्क सड़कों के निर्माण और उन्नयन कार्यों को स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से वर्षों से बेहतर सड़क सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

नई संपर्क सड़कें बनने से गांवों का आवागमन पहले से अधिक आसान और सुरक्षित होगा। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज, मरीजों को अस्पताल तथा आम लोगों को सरकारी कार्यालयों और बाजार तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही किसानों, बागवानों और पशुपालकों के लिए कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को समय पर बाजार तक पहुंचाना भी आसान होगा।

बरसात के मौसम में जर्जर और कच्चे रास्तों के कारण होने वाली परेशानियों में भी कमी आने की उम्मीद है। सड़क नेटवर्क मजबूत होने से आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाएं भी ग्रामीण क्षेत्रों तक तेजी से पहुंच सकेंगी, जिससे लोगों का जीवन और अधिक सुरक्षित बनेगा।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

बंबर ठाकुर ने कहा कि 23 संपर्क मार्गों की स्वीकृति केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का नया अध्याय है। इससे हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और गांवों की सामाजिक तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### श्री नयना देवी में गुप्त नवरात्र में भक्तों की उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे भक्त माता के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना, हवन और यज्ञ कर परिवार की सुख-समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं।



पुजारी नीलम शर्मा।

मंदिर के वरिष्ठ पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि वर्ष में चार नवरात्र मनाए जाते हैं, जिनमें दो गुप्त नवरात्र शामिल हैं। ये आषाढ़ और माघ मास के शुक्ल पक्ष में मनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में ऋषि-मुनि विशेष साधना और सिद्धियों के लिए इन नवरात्रों को गुप्त रूप से मनाते थे, इसलिए इन्हें गुप्त नवरात्र कहा जाता है। अब इनका महत्व आम श्रद्धालुओं तक पहुंच चुका है और बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ इनका पालन करते हैं।

गुप्त नवरात्रों के दौरान श्रद्धालु मंदिर परिसर स्थित प्राचीन हवन कुंड में आहुति देकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। भक्तों का विश्वास है कि इन दिनों की गई आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है।

# मुख्यमंत्री सहारा योजना के 281 लाभार्थियों को सहायता राशि जारी : उपायुक्त राहुल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सहारा योजना के अंतर्गत जिला के 281 पात्र लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की अप्रैल से जून तिमाही की वित्तीय सहायता के रूप में 25.29 लाख रुपए की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सहारा योजना का संचालन अब स्वास्थ्य विभाग के स्थान पर समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किया जा रहा है।

राहुल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सहारा योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र व्यक्तियों को, जो गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से पीड़ित हैं तथा बीमारी और शारीरिक अक्षमता के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं, उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, ताकि उनके उपचार एवं दैनिक जीवन-यापन में आर्थिक सहयोग मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत कैंसर, किडनी फेल्योर, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, पार्किंसन रोग तथा सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से पीड़ित तथा कार्य करने में असमर्थ पात्र व्यक्ति आवेदन करने के पात्र हैं। इस योजना से वंचित पात्र लोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम निदेशालय के ई-कल्याण पोर्टल पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से पात्र आवेदक लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्रों को हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नवीनतम परिवार रजिस्टर नकल, राशन कार्ड, सिंगल बैंक या डाक घर बचत खाता, आयु प्रमाण पत्र (10वीं का प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र), मेडिकल प्रमाण पत्र (चिकित्सा इतिहास अथवा रिकॉर्ड), चार लाख रुपये तक की आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# शब्बीर कुरैशी को साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिंदी साहित्य अकादमी, दिल्ली के हिमाचल प्रदेश से पहले सदस्य रहे वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं साहित्यकार स्वर्गीय शब्बीर कुरैशी की 20वीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ नागरिक सभा के सभागार में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। साहित्यकारों, पत्रकारों और समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता एसआर आजाद ने कहा कि शब्बीर कुरैशी अनजान लोगों के लिए भी फरिश्ते से कम नहीं थे। उन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की निस्वार्थ मदद की और समाज के लिए प्रेरणा बने रहे। वरिष्ठ पत्रकार प्रविंद्र शर्मा ने कहा कि आज भले ही पत्रकारिता का दौर एआई तक पहुंच गया हो, लेकिन विश्वसनीय पत्रकारिता की बुनियादी सीख शब्बीर कुरैशी से बेहतर कोई नहीं दे सकता।

कार्यक्रम में आशा कुरैशी, सुमन लता चड्डा, पूर्णेंद्र मोहन कश्यप, कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, जीत राम सुमन, अनीश ठाकुर, हुसैन अली, कर्मवीर कंडेरा, बाबू राम धीमान, पीसी आचार्य, राकेश मिन्हास, ओंकार कपिल, शिवनाथ सहगल, जय राम शर्मा और सुशील पुंडीर सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने अपने संस्मरण, कविताएं और विचार साझा किए। इस अवसर पर 'शब्बीर कुरैशी स्मृति मंच' के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि उनके नाम पर समय-समय पर साहित्यिक, सामाजिक एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें।

### ज्योरा स्कूल मंदिर से मां सरस्वती की प्रतिमा चोरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता:** राजकीय उच्च पाठशाला ज्योरा के परिसर स्थित मंदिर से मां सरस्वती की संगमरमर की प्रतिमा चोरी होने से क्षेत्र में रोष है। शिक्षा और संस्कार के प्रतीक विद्यालय परिसर में हुई इस घटना ने लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर से प्रतिमा चोरी कर ली। सुबह घटना का पता चलने पर स्कूल प्रशासन और स्कूल प्रबंधन समिति ने थाना झंडूता में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और प्रतिमा की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है। विद्यालय प्रबंधन ने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी में पेड़ के सहारे रुकी अनियंत्रित कार



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी के बस स्टैंड के नजदीक मंगलवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार कार डलहौजी की ओर आ रही थी और करीब वीरवार रात 8:30 बजे विद्युत बोर्ड के पावर हाउस के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गई। गनीमत रही कि कार एक पेड़ से टकराकर रुक गई, जिससे वह नीचे गिरने से बच गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कार में सवार तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि यदि कार पेड़ के सहारे नहीं रुकती तो नीचे स्थित पावर हाउस के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में सभी कार सवार सुरक्षित हैं।

### साच पंचायत में कथित जातिवादी पोस्टरों से रोष



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत साच में कथित जातिवादी और आपत्तिजनक पोस्टर लगाए जाने के मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार 28 जून की रात अज्ञात लोगों ने पंचायत के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए, जिनमें जातीय आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां होने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी गतिविधियां गांव के शांतिपूर्ण माहौल और आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हैं। उन्होंने प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### भाजपा का अनशन राजनीतिक दिखावा : राणा

**अनंत ज्ञान, पांगी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांगी के पूर्व महासचिव देव राज राणा ने भाजपा नेताओं के अनशन को राजनीतिक स्टंट बताते हुए निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने कार्यकाल की नाकामियों को छिपाने के लिए जनता को गुमराह कर रही है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पांगी घाटी के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने 50 बिस्तरों वाले आदर्श सिविल अस्पताल, मिनी सचिवालय, विद्युत लाइन विस्तार, सौर ऊर्जा परियोजना, आईटीआई भवन और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल जैसे कार्यों को सरकार की उपलब्धियां बताया। उन्होंने कहा कि पांगी की जनता विकास चाहती है और भाजपा को अपने कार्यकाल के कार्यों का हिसाब देना चाहिए।

### चंबा में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2026 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर (शनिवार) को जिला न्यायालय परिसर चंबा और उप-मंडल न्यायालय तीसा में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एकांश कपिल ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से चेक अनादरण, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, बैंक ऋण, धन वसूली, श्रम, बिजली-पानी बिल, दीवानी तथा अन्य समझौतायोग्य मामलों का त्वरित और कम खर्च में निस्तारण किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्बा से 01899-226309 पर संपर्क किया जा सकता है।

# रावी नदी में समा रहा चूड़ी जीरो-चूड़ी पुल सड़क मार्ग, हादसे का बढ़ा खतरा

## आधा दर्जन पंचायतों का एकमात्र संपर्क मार्ग बदहाल, स्थानीय लोगों ने लगाई गुहार

अनंत ज्ञान




पिछले साल आई आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया रोड। अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** लिल्ह, राड़ी, भटवाड़ा, प्रीणा सहित करीब आधा दर्जन पंचायतों को जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क सड़क मार्ग पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के बाद से गंभीर खतरे की स्थिति में है। चूड़ी जीरो से चूड़ी पुल तक लगभग 100 मीटर सड़क रावी नदी में धंस चुकी है, जिससे यह मार्ग बेहद संकरा और जानलेवा बन गया है। यह सड़क एनएचपीसी चरण-3 के अधीन आती है और एनएचपीसी कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है।

इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। निजी बसें भी चंबा-धरवाला-लिल्ह रूट पर नियमित रूप से संचालित होती हैं और उनका टर्निंग प्वाइंट चूड़ी जीरो पर ही है। सड़क के लगातार धंसने और संकरी होने से बस चालकों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों के लिए भी हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा कार्य नहीं किए गए तो आने वाले समय में सड़क का बड़ा हिस्सा रावी नदी में समा सकता है, जिससे आधा दर्जन पंचायतों का संपर्क प्रभावित हो जाएगा।

धरवाला में पार्किंग सुविधा नहीं होने के कारण कई टैक्सी चालक भी मजबूरी में अपने वाहन इसी क्षतिग्रस्त मार्ग के किनारे खड़े करते हैं। हालांकि यहां कंक्रीट के डंगों का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन पिछले लंबे समय से यह कार्य बंद पड़ा है। स्थानीय निवासी राजेश शर्मा, अनित, जोगिंद्र, राजेंद्र, बालकृष्ण, लक्ष्मी, विमला देवी, निक्कू ठाकुर और सोनू सहित अन्य लोगों ने प्रशासन और एनएचपीसी से मांग की है कि चूड़ी जीरो से चूड़ी पुल तक डंगा निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए, ताकि रावी के कटाव को रोका जा सके और लोगों का सफर सुरक्षित बनाया जा सके।

# गुवाड़ स्कूल में टीजीटी (नॉन मेडिकल) का पद खाली, विज्ञान की पढ़ाई पर संकट

अनंत ज्ञान



◆ उपप्रधान राम सरन ठाकुर ने सौंपा ज्ञापन

**धरवाला।** विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत भटवाड़ा के उप-प्रधान राम सरन ठाकुर ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर राजकीय माध्यमिक पाठशाला गुवाड़, शिक्षा खंड मैहला में बीएससी (नॉन मेडिकल) टीजीटी के रिक्त पद को शीघ्र भरने की मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षक के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

उपप्रधान ने पत्र में बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा 10 जुलाई को जारी नियुक्ति आदेशों के बावजूद संबंधित अभ्यर्थी ने अभी तक विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। उन्होंने आशंका जताई कि संबंधित अभ्यर्थी नियुक्ति रद्द करवाकर किसी अन्य स्थान पर समायोजन का प्रयास कर रहा है, जिससे विद्यालय में विज्ञान विषय की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि यदि संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसके स्थान पर अन्य योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति के आदेश तत्काल जारी किए जाएं, ताकि विद्यालय में विज्ञान विषय का शिक्षण सुचारु रूप से चलता रहे।

राम सरन ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि रिक्त पद को जल्द नहीं भरा गया, तो पंचायत और स्थानीय लोगों को विद्यार्थियों के हित में धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# बसें मोड़ने के लिए पट्टी नाले तक जा रहे चालक

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** भरमौर के पुराने और नए बस अड्डे पर अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बस चालकों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। टैक्सियों और निजी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण बसों को खड़ा करने और मोड़ने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है। हालात यह हैं कि चालकों को बसें मोड़ने के लिए करीब आधा किलोमीटर दूर पट्टी नाले तक जाना पड़ रहा है।

बस चालकों का कहना है कि पुराने बस अड्डे पर यात्रियों के चढ़ने-उतरने की व्यवस्था तो है, लेकिन बसों को सुरक्षित तरीके से मोड़ने के लिए उचित स्थान नहीं है। पट्टी बस स्टैंड के आसपास निजी वाहनों और टैक्सियों की अनियमित पार्किंग से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

निजी बस संचालकों ने बताया कि निर्धारित रूट पट्टी बस स्टैंड तक होने के बावजूद बसों को मोड़ने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। चालकों ने आशंका जताई कि यदि बस मोड़ते समय कोई हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा।

उन्होंने बताया कि कई बार जाम की स्थिति के कारण बसों का समय प्रभावित होता है, जिसका असर आगे के रूटों पर भी पड़ता है। बस चालकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बस अड्डों पर पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और बसों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अलग स्थान चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में गंभीर हादसा हो सकता है।

# मणिमहेश यात्रा : पंजीकरण पहली से और यात्रा 25 अगस्त से

## श्रद्धालुओं के लिए बदले नियम, यात्रा पंजीकरण शुल्क 20 से बढ़ाकर 50 रुपए किया

अनंत ज्ञान




उपायुक्त चंबा एवं ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पवित्र श्री मणिमहेश यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर श्री मणिमहेश ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त चंबा एवं ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय भरमौर में आयोजित हुई। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष श्री मणिमहेश यात्रा 25 अगस्त से 19 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए 25 अगस्त से हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू होगी। यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और स्लॉट बुकिंग की सुविधा 1 अगस्त 2026 से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। शुरुआती चरण में प्रतिदिन करीब 5 हजार श्रद्धालुओं के लिए स्लॉट जारी किए जाएंगे। वहीं यात्रा पंजीकरण शुल्क को 20 से बढ़ाकर 50 रुपए करने का फैसला लिया गया है। यात्रा मार्ग की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुगती परिक्रमा मार्ग को यात्रा अवधि के दौरान बंद रखा जाएगा। चंबा-भरमौर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित होगी व श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

बैठक में भरमौर-हड़सर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलियों, क्रैश बैरियर और सूचना संकेतकों के कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। धनछो, गौरीकुंड और मणिमहेश झील क्षेत्र में पेयजल, चिकित्सा, बिजली, संचार और शौचालय सुविधाओं को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इस बार यात्रा को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने पर विशेष जोर रहेगा। प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और नियमित सफाई अभियान चलाए जाएंगे। सभी लंगर समितियों को एनजीटी के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। बैठक में लंगर समितियों से 12 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क और 25 हजार रुपये सुरक्षा राशि लेने का निर्णय भी लिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### ड्रोन से होगी निगरानी

**इस** बार पहली बार ड्रोन के जरिए यात्रा मार्ग पर जाम, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों और श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। किसी आपात स्थिति में ड्रोन से तत्काल जानकारी मिलने पर रेस्क्यू और राहत दल को तेजी से मौके पर पहुंचाया जा सकेगा। प्रशासन ने यात्रा को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्णय लिया है।

# जिले के 42 मतदान केंद्रों का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा : मित्तल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित समारोह में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 के तहत एन्यूमरेशन फॉर्मों का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले के 838 मतदान केंद्रों पर एसआईआर प्रक्रिया जारी है। इनमें से 42 मतदान केंद्रों पर एन्यूमरेशन फॉर्मों का डिजिटाइजेशन कार्य पूरी तरह पूरा हो चुका है। उन्होंने बीएलओ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने बीएलओ को ऑनलाइन सत्यापन के दौरान सामने आने वाली त्रुटियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। डेराबस्सी और एसएएस नगर विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ ने बताया कि प्री-मैपिंग के कारण फॉर्म एकत्र करने और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया आसान व अधिक सटीक रही। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार घर-घर सत्यापन और एन्यूमरेशन फॉर्म डिजिटाइजेशन का कार्य 3 अगस्त 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारूप 13 अगस्त को प्रकाशित होगा, जबकि दावे और आपत्तियां 13 अगस्त से 12 सितंबर तक दर्ज की जा सकेंगी। अंतिम मतदाता सूची 12 अक्तूबर 2026 को जारी की जाएगी।

# जन मिलनी में जनता का भरोसा दिखा : कुलवंत

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मोहाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलवंत सिंह ने गांव गीगे माजरा में आयोजित जन मिलनी कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित जन मिलनी कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है।

कुलवंत सिंह ने कहा कि इन कार्यक्रमों में लोगों की बड़ी भागीदारी सरकार के कार्यों पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुफ्त बिजली, आम आदमी क्लीनिक, मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना और रोजगार जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है।

उन्होंने बताया कि मोहाली विधानसभा क्षेत्र में 30 खेल स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं, जबकि 10 आम आदमी क्लीनिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लिवासा हॉस्पिटल्स के नए सीआईओ बने भूपेंद्र सोलंकी

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** लिवासा हॉस्पिटल्स ने भूपेंद्र सोलंकी को अपना नया चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर (सीआईओ) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब अस्पताल नेटवर्क डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने और उत्तर भारत में अपने विस्तार पर तेजी से काम कर रहा है।

आईआईएम कलकत्ता के पूर्व छात्र सोलंकी के पास हेल्थकेयर आईटी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह साकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मेदांता और फोर्टिस हेल्थकेयर में वरिष्ठ तकनीकी नेतृत्व की जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने कहा कि सोलंकी का अनुभव संस्थान को सुरक्षित, एकीकृत और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल हेल्थकेयर नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# विधायक कुलवंत ने तीर्थ यात्रा के लिए रवाना कीं 3 बसें

अनंत ज्ञान

**मोहाली।** विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं से भरी तीन बसों को विधायक कुलवंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांव गीगे माजरा से दो और गांव गिद्दड़पुर से एक बस रवाना हुई।

विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि एक ही गांव से दो बसों का रवाना होना योजना की लोकप्रियता और लोगों के उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्षेत्र से अब प्रतिदिन तीन बसें भेजी जा रही हैं, जबकि आने वाले समय में यह संख्या छह तक पहुंच सकती है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल टीम, गाइड, भोजन और ठहरने की व्यवस्था की जाती है। यात्रा पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को सुरक्षित वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। वर्तमान में श्रद्धालु श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ, बाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के दर्शन कर रहे हैं। जल्द ही हरिद्वार और खाटू श्याम जैसे धार्मिक स्थलों के लिए भी बसें चलाई जाएंगी।

# नीट परीक्षा परिणाम में एलन चंडीगढ़ का अच्छा प्रदर्शन



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** एलन करियर इंस्टीट्यूट, चंडीगढ़ ने नीट यूजी 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। संस्थान के पांच विद्यार्थियों ने देशभर की टॉप-100 ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) में जगह बनाई, जबकि तीन छात्र टॉप-50 में शामिल रहे।

एलन चंडीगढ़ की छात्रा आशी गोयल ने एआईआर 29 हासिल कर संस्थान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं माधवन महाजन ने एआईआर 44 और अर्नव जिंदल ने एआईआर 50 प्राप्त कर टॉप-50 में स्थान बनाया। हर्षूल गर्ग (एआईआर 66) और सामर्थ सैनी (एआईआर 70) ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। एलन ट्राइसिटी के वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड (नॉर्थ) सदानंद वानी ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और संस्थान के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।**

मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी । पेशी- 18.08.2026

मदन लाल पुत्र स्व0 श्री प्रशोतम चन्द निवासी गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।

**बनाम-** 1. आम जनता 2. सचिव ग्गाम पचांयत रजोल । 3. सी0एम0ओ0 कांगडा स्थित धर्मशाला

**विषय-** बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनका जन्म दिनांक 04.05.1966 गांव व डाकघर रजोल में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थी अपनी जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहता है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D) /2025-2688 date 06.07.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत रजोल विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 18.08.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर**
**जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**

मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी । पेशी- 18.08.2026

ललिता देवी पुत्री श्री जसवंत सिंह निवासी गांव व डाकघर डढम्ब तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0, अब पत्नि श्री मदन लाल निवासी गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।

**बनाम-** आम जनता 1. 2. सचिव ग्गाम पचायत डढम्ब। 3. सी0एम0ओ0 कांगडा स्थित धर्मशाला

**विषय-** बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीनी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनका जन्म दिनांक 20.03.1968 गांव व डाकघर डढम्ब में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत डढम्ब तहसील शाहपुर जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थीनी अपनी जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D) /2025-2687 date 06.07.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत डढम्ब विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 18.08..2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर**
**जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बग्ग**
**विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बग्ग के अंतर्गत वित् वर्ष 2026-27 के लिए विकास कार्यों के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री की कोटेशन निम्न प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं- रेत क्रशर (धुला हुआ), रेत क्रशर (डस्ट), बजरी 20MM, बजरा 40MM (क्रशर प्रति M3), बोल्डर प्रति M3, शटरिंग (लकड़ी व लोहे की प्रति FT2), मिक्चर्स (प्रति दिन तेल सहित), ईट (दोयम व अव्वल), पानी का टैंक प्रति टैंक रु0 में, ढूलाई सीमेंट सिविल सप्लाई स्टोर खुन्डिया से पंचायत घर तक - (प्रति बोरी) रु0 में, JCB व JCB Braker-प्रति घंटा रु में इच्छुक आपूर्तिकर्ता 25/07/2026 तक उपरोक्त प्रपत्र पर अपनी कोटेशन बंद लिफाफे में भरकर डाक द्वारा/सीधे तौर पर प्रधान ग्राम पंचायत बग्ग के नाम से भेज सकता है। 25/07/2026 के बाद प्राप्त कोटेशन को स्वीकारा नहीं जायेगा। प्राप्त कोटेशन को दिनांक 27/07/2026 को 11:00 AM बजे पंचायत में खोला जायेगा जिसमें कोटेशन देने वाले आपूर्तिकर्ता भी शामिल हो सकते हैं और आपूर्तिकर्ता अगर उपस्थित नही होगा तो उसका कोई भी दावा मान्य न होगा। **आवश्यक दिशा निर्देश :** (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST No. होना जरूरी है और फॉर्म साथ में संलग्न करना होगा । (2) आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रेक्टर योग्य मार्ग तक पहुंचानी होगी। (3) आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आर्डर के बाद पांच दिन तक सामग्री नहीं फेंकता है तो कोटेशन को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा जिसके लिए कोई भी दावा बाद में मान्य नही होगा। सामग्री की अदायगी सरकार द्वारा जारी की गई राशि और तकनीकी सहायक द्वारा अंतिम मूल्याकंन के वाद जारी होगी । (4) आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशि के रूप में 20000 रु0 की राशि (FD) पंचायत में पंचायत के नाम प्लेज करके जमा करवानी होगी और अगर पांच दिन के अंदर सामग्री समय पर न फेकी गई तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी जिसके लिए आपूर्तिकर्ता का कोई भी दावा मान्य न होगा।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत बग्ग**
**विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चलहोग विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत चलहोग के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 25-07-2026 शाम 5 बजे से पहले सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक 27-07-2026 सुबह 11 बजे निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके` द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। **सामग्री का विवरण:-** बजरी प्रति घन मीटर, रेत प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति रनिंग मीटर/ स्क्वेयर मीटर, बोर्ड प्रति बोर्ड, बोल्डर प्रति घन मीटर, इंट प्रति इंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग। **नियम व शर्तें-** निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है व चालू हालत में होने चाहिए। सप्लायर के पास अपना GST NO/TIN No व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। सप्लायर को मु0 20,000/- रु0 की अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। यदि सप्लायर समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। सामग्री की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का होगा। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी। अंतिम निर्णय पंचायत का होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत चलहोग विकास खंड गोपालपुर**
**तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भद्रवाड विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत भद्रवाड के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 20-07-2026 शाम 5 बजे से पहले सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक 22-07-2026 सुबह 11 बजे निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके` द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। **सामग्री का विवरण:-** बजरी प्रति घन मीटर, रेत प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति रनिंग मीटर/ स्क्वेयर मीटर, बोर्ड प्रति बोर्ड, बोल्डर प्रति घन मीटर, इंट प्रति इंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग। **नियम व शर्तें-** निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है व चालू हालत में होने चाहिए। सप्लायर के पास अपना GST NO/TIN No व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। सप्लायर को मु0 20,000/- रु0 की अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। यदि सप्लायर समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। सामग्री की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का होगा। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी। अंतिम निर्णय पंचायत का होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत भद्रवाड विकास खंड गोपालपुर**
**तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्ह विहाल** विकास खण्ड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बल्ह विहाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्माण सामग्री एवं मशीनरी की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा में रेत, धुला रेत, बजरी, बोल्डर, कट स्टोन, पक्की ईंटें, जेसीबी मशीन, पेवर ब्लॉक, शटरिंग, सीमेंट सप्लाई, साइन बोर्ड तथा मिक्सर मशीन आदि की दरें आमंत्रित की गई हैं।
इच्छुक फर्म/सप्लायर के पास वैध पंजीकरण एवं जीएसटी (GST) नंबर होना अनिवार्य है। प्रत्येक निविदा के साथ ₹1,000 (गैर-वापसी) आवेदन शुल्क जमा करवाना होगा। चयनित सप्लायर को ₹20,000 की सुरक्षा राशि (एफडी) पंचायत के पास जमा करवानी होगी।
रेत, बजरी एवं बोल्डर (पत्थर) की प्रत्येक आपूर्ति के बिल के साथ खनन विभाग द्वारा जारी एवं हस्ताक्षरित M-Form प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। केवल जीएसटी पंजीकृत आवेदकों की निविदाओं पर ही विचार किया जाएगा। सप्लायर द्वारा पंचायत की मांग के अनुसार निर्धारित समय पर सामग्री उपलब्ध न कराने अथवा निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप सामग्री न देने की स्थिति में ग्राम पंचायत को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा तथा जमा करवाई गई ₹20,000 की सुरक्षा राशि पंचायत निधि में समायोजित की जा सकती है। इच्छुक फर्में अपनी सीलबंद निविदाएं 27 जुलाई 2026 तक डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं 27 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सौर**
**विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

वितीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्य हेतू क्रेशर रेता, दरिया रेता, क्रेशर बजरी 10,20,40 mm, पत्थर शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3) प्रति बोर्ड, सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग / प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील, शटरिंग प्लेट व शटरिंग लकड़ी छत व दीवार प्रति स्क्वायर फीट), ईंट, पानी का टैंकर आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म का अपना GST नंबर अनिवार्य हैं। वह सरकार द्वारा ब्लैक लिस्ट न हो , निविदा के साथ फर्म को 5000/ रूपये राशि बतौर स्क्योरिटी जमा करवानी होंगी । स्वीकृत निविदाकर्ता की यह राशि पंचायत कार्यालय में ही जमा रहेगी । जबकि अस्वीकृत निविदाकर्ता को राशि वापिस कर दी जाएगी । निविदाएं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 27/ 07/2026 तक पंजीकृत डाक द्वारा अथवा पंचायत कार्यालय में पहुंचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 28/07/2026को प्रातः 10 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी, फर्म उस दिन हाजिर रहे, अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जायेगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सौर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र सपडोह**
**विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों की निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदाएं अमांत्रित की जाती है जिसके लिए इच्छुक निविदा दाता कुटेशने दे सकता है। कुटेशने 06 . 08.2026 से 31/03/2027 तक मान्य होंगी। सामग्री का विवरण :1. रेता क्रशर/धुला प्रति cum, 2. बजरी (10, 20, 40 एम.एम.) प्रति Cum 3. बोल्डर पत्थर प्रति Cum 4. कट स्टोन (तोड़वा पत्थर) प्रति पत्थर 5. शटरिंग प्रति s. f. 6. पानी टैंक (3000 lts) व प्रतिदिन ठहराव अलग से प्रति टैंक 7. दुलवाई सीमेंट स्टोर से कार्य स्थल तक प्रति बैग 8. ईंटें अव्वल / दोम प्रति ईट 9. मिक्सर मशीन प्रति दिन डीजल सहित। 11. लोकल फेरा :-12. कंकरीट बोर्ड (2x3) लिखाई सहित, 14. बोर्ड लिखाई
शर्तें निम्न हैं:-1. GST काटा जाना व सरकार को अदा किया जाना आवश्यक होगा। 2. M फार्म आवश्यक होंगे। वेंडर को प्रमाण पत्र भी देना होगा कि इस M फार्म का प्रयोग उसी बिल के साथ किया गया हैं जो ग्राम पंचायत को दिया गया है। विभाग द्वारा जारी शपथ पत्र देना भी अनिवार्य होगा।, 3. बजरी, रेता, गटका स्टोन, पत्थर सिर्फ उन्ही वेंडर की निविदाओं पर विचार किया जाएगा जिनके द्वारा धरोहर राशि दी जाएगी। धरोहर राशि :- / सोलिंग्, ईंट के निविदाकर्ता से 10000, और अन्य सभी से 5000 की राशि ली जाएगी। निविदाधारक के पास जी. एस. टी. नम्बर होना जरूरी है! बिना जी.एस.टी. नंबर निविदाएं रद्द की जाएगी। अगर सप्लाईकर्ता समय पर सामान उपलब्ध नहीं करवाता है तो उसको 25000/- रुपए जुर्माना देना होगा और जिसकी निविदाएं पारित होंगी उसको बतौर Security धरोहर राशि जमा करवानी होगी। तथा सभी शीर्ष, मनरेगा, समान्य, 15वां व् 16 वां वितायोग सामग्री की पूर्ण अदायगी पूर्ण मूल्यांकन होने पर की जायेगी ! अगर सामग्री मूल्याकन में नहीं आती है तो उसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। उपरोक्त लिखित पर पंचायत को पूर्ण अधिकार होगा तथा जी.एस.टी. की पिछले मासिक की रिर्टन की कॉपी साथ में सलंग्न करें। तथा कोटेशन दिनांक 30/07/2026 तक डाक द्वारा समय 4 बजे तक पंचायत भवन saproh में ही ली जाएगी तथा दिनांक 05.08.2026 को कोरम में कमेटी सहित 11 बजे पंचायत भवन में खोली जाएंगी। सभी कुटेशन धारकों का निविदाएं खोलने के समय पंचायत भवन saproh में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा निविदाएं रद्द कि जाएगी ! इस प्रस्ताव को विस्तारपूर्वक चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**प्रधान/सचिव**

### मिताली राज का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



## बैटिंग कोच बोले- रोहित संघर्ष नहीं कर रहे, बड़ी पारी दूर नहीं

# लॉर्ड्स में गरजेगा रोहित शर्मा का बल्ला

**एजेंसी, कार्डिफ**



रोहित शर्मा के रिटायरमेंट की अटकलों के बीच भारतीय कोच सितांशु कोटक ने कहा कि रोहित न तो दबाव में हैं और न ही स्ट्रगल कर रहे हैं। वे लॉर्ड्स में बड़ी पारी खेल सकते हैं। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लॉर्ड्स वनडे रोहित शर्मा के करियर का आखिरी वनडे होगा। उसके बाद उनके रिटायरमेंट की अटकलें भी शुरू हो गईं।

कोटक ने मैच के बाद कहा, 'आज भी ऐसा लग रहा था कि रोहित बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पिच पर गेंद पर असमान्य उछाल था। रोहित जिन शॉट्स को आमतौर पर आसानी से खेलते हैं, उनमें उन्हें सहज महसूस नहीं हुआ। ऐसा कई बैटर्स के साथ होता है। आप लॉर्ड्स में रोहित शर्मा की बिल्कुल अलग पारी देख सकते हैं।'

इस मसले में पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि पूर्व कप्तान जबरदस्त वापसी करेंगे और एक शानदार शतक लगाकर आलोचकों का मुंह बंद कर देंगे। यशस्वी जायसवाल या ईशान किशन को वनडे टीम में मौका मिलने की संभावना पर पूछे गए सवाल पर कोटक ने कहा कि वे रोहित के लिए 'संघर्ष' शब्द का इस्तेमाल नहीं करेंगे।'

कोटक ने शुभमन गिल और विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वनडे में गिल और दूसरे वनडे में कोहली को अच्छी शुरुआत मिली, जिससे वे बड़ी पारी खेल सके, लेकिन रोहित को वैसी शुरुआत नहीं मिल सकी। इस मैच में रोहित शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। इसलिए, मैं नहीं कहूंगा कि वह संघर्ष कर रहे हैं।'

कोटक के अनुसार कार्डिफ की पिच पहली पारी में दो गति वाली थी, जिससे बल्लेबाजी मुश्किल रही। दूसरी पारी में विकेट बेहतर हो गया और इसका फायदा जो रूट ने नाबाद 99 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर उठाया। उन्होंने कहा, 'पहली पारी में बैक ऑफ लेंथ गेंदें रुककर आ रही थीं और ज्यादा उछाल ले रही थीं। दूसरी पारी में ऐसा नहीं था।' लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को होने वाला तीसरा वनडे मुकाबला रोहित शर्मा के इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच साबित हो सकता है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बीसीसीआई की सिलेक्शन कमेटी ने रोहित शर्मा को साफ कर दिया है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप की प्लानिंग का हिस्सा नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### विराट-गौतम विवाद पर कोटक का जवाब, कहा-

## 'कोहली-गंभीर को किसी ब्रिज की जरूरत नहीं'

**एजेंसी, कार्डिफ**



भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों के बीच नियमित बातचीत होती है और उन्हें किसी 'ब्रिज' या मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में भारत की चार विकेट से हार के बाद कोटक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'विराट और गौतम आज ही 10-12 बार बात कर चुके होंगे। मुझे नहीं लगता कि उन्हें किसी ब्रिज की जरूरत है।'

कोटक ने स्पष्ट किया कि नेट्स पर उनकी विराट से बातचीत केवल बल्लेबाजी के तकनीकी पहलुओं को लेकर थी। उन्होंने बताया कि विराट ने खुद फुटवर्क और कुछ अन्य तकनीकी बातों पर चर्चा की थी। उनका मानना है कि इतने अनुभवी बल्लेबाज को बिना जरूरत सलाह देना उचित नहीं होता।

कोहली और गंभीर के रिश्तों को लेकर चल रही चर्चाओं पर कोटक ने कहा, 'मुझे नहीं पता ये अफवाहें कहां से आती हैं, लेकिन आती जरूर हैं।' मैच की बात करें तो कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। जो रूट ने नाबाद 99 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए। अब सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भूटिया बोले: विश्व कप में माराडोना आगे, जीते तो मेस्सी करेंगे बराबरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया का मानना है कि विश्व कप में प्रदर्शन के मामले में डिएगो माराडोना अब भी लियोनेल मेस्सी से आगे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर अर्जेंटीना रविवार को स्पेन को हराकर खिताब जीतता है तो मेस्सी 1986 में टीम को विश्व चैंपियन बनाने वाले माराडोना की बराबरी पर पहुंच जाएंगे। भूटिया ने पीटीआई से कहा, 'माराडोना ने 1986 का विश्व कप लगभग अकेले दम पर जिताया था। विश्व कप के इतिहास में ऐसा कारनामा किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया।' उन्होंने कहा, 'मेस्सी महान खिलाड़ी हैं और लगभग उस मुकाम तक पहुंच चुके हैं। अगर वह यह विश्व कप जीत लेते हैं तो निश्चित रूप से माराडोना की बराबरी कर लेंगे।' भूटिया के मुताबिक, मेस्सी को मौजूदा अर्जेंटीना टीम से शानदार सहयोग मिलता है, जबकि माराडोना को अपने दौर में मौके भी खुद बनाने पड़ते थे और टीम का बोझ भी लगभग अकेले उठाना पड़ता था। फाइनल को लेकर भूटिया ने स्पेन को हल्का-सा दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि स्पेन के पास संतुलित टीम और बेहद मजबूत मिडफील्ड है, लेकिन मेस्सी की अगुआई वाली अर्जेंटीना को कमतर नहीं आंका जा सकता, क्योंकि उसने पूरे टूर्नामेंट में कई बार शानदार वापसी कर अपनी क्षमता साबित की है। (अनंत ज्ञान)

### उत्तरी न्यू जर्सी में धुएं के गुबार के बीच अभ्यास कर रहे हैं स्पेन के खिलाड़ी

**एजेंसी, न्यू जर्सी (अमेरिका)।** कनाडा के जंगलों में लगी आग के कारण यहां धुएं का गुबार बन गया है जिसने सूरज को ढक दिया है लेकिन इसके बावजूद स्पेन के खिलाड़ियों ने अर्जेंटीना के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व का फाइनल से पहले वीरवार को यहां खुले में अभ्यास किया। इस धुएं के कारण हवा खराब हो गई है और परिस्थितियां खतरनाक बनी हुई हैं। यह पता नहीं चल पाया कि स्पेन ने कितना गहन अभ्यास किया है क्योंकि पत्रकार पहले 15 मिनट का अभ्यास ही देख पाए थे। अर्जेंटीना की टीम इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के 24 घंटे बाद भी अभ्यास करने के लिए अटलांटा में ही रुकी रही जहां धुएं का प्रभाव नहीं है। धुएं को देखते हुए अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने या बाहर निकलने पर मास्क पहनने के लिए कहा क्योंकि वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों ने खुले में अभ्यास करने पर चिंता व्यक्त की। ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ एलायंस के अधिकारी डॉ. कोर्टनी हॉवर्ड ने कहा, ''ये शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं जो मैच और अभ्यास सत्र के दौरान अपने फेफड़ों में बहुत हवा भरते हैं लेकिन अगर वायु गुणवत्ता खराब हो गई है तो उन्हें बाहर अभ्यास नहीं करना चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

### आईएसएसएफ विश्व कप में 'गन फॉर ग्लोरी' के चार शूटर दिखाएंगे दम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन (गन फॉर ग्लोरी) के चार निशानेबाज 20 से 29 जुलाई तक चीन के हांगझोउ में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल टीम की अगुआई करेंगे। एलावेनिल महिला 10 मीटर एयर राइफल और मिश्रित टीम स्पर्धा में उतरेंगी, जबकि रुद्राक्ष पुरुष 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में चुनौती पेश करेंगे। टीम में उभरती निशानेबाज साक्षी सुनील पडेकर और शाहू तुषार माने भी शामिल हैं। साक्षी महिला 10 मीटर एयर राइफल और शाहू पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। दोनों ने घरेलू प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साक्षी ने कहा कि उनका ध्यान हर शॉट को बेहतर करने पर रहेगा, जबकि शाहू ने कहा कि वह अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे। हांगझोउ विश्व कप भारतीय राइफल निशानेबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव जुटाने और आगामी बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी का अहम मंच होगा। (अनंत ज्ञान)

### हंसिका लांबा ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में जीता रजत

**एजेंसी, बुडापेस्ट (हंगरी)।** भारतीय महिला पहलवान हंसिका लांबा ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। 19 वर्षीय हंसिका ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल दिखाया और फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में हंसिका का सामना यूक्रेन की पूर्व जूनियर यूरोपीय चैंपियन नतालिया क्लीवचुत्स्का से हुआ, जहां उन्हें 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हंसिका ने अपने अभियान की शुरुआत क्वार्टर फाइनल में तुर्की की तुबा डेमिर को 8-4 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में यह पदक हंसिका के अंतरराष्ट्रीय करियर की अहम उपलब्धियों में शामिल हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### फीफा विश्व कप से बाहर होने के बाद बेलिंघम का भावुक संदेश, कहा-

## एकजुट रहेंगे तो बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अर्जेंटीना से सेमीफाइनल में 2-1 की हार के साथ फीफा विश्व कप 2026 से बाहर होने के बाद इंग्लैंड के स्टार मिडफील्डर जूड बेलिंघम ने प्रशंसकों के नाम भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में मिले शानदार समर्थन के लिए देशवासियों का धन्यवाद करते हुए अपील की कि टीम और प्रशंसकों के बीच बनी एकजुटता कायम रहनी चाहिए।

बेलिंघम ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि सेमीफाइनल में मिली हार के बाद अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां करना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में मौजूद सभी लोगों और उन प्रशंसकों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई खर्च कर अमेरिका आकर हमारा समर्थन किया।' उन्होंने आगे लिखा, 'इस अभियान के दौरान हमारे देश में जो एकजुटता और प्यार देखने को मिला, वह खत्म नहीं होना चाहिए। जब हम साथ होते हैं तो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं... और हम जरूर करेंगे। आप सभी से प्यार।'

इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में शुरुआती बढ़त बनाई थी, लेकिन अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडीज ने बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में लौतारो मार्टिनेज ने विजयी गोल कर अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचा दिया। बेलिंघम के इस संदेश को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पेले की 1958 विश्व कप फाइनल में पहनी जर्सी नीलामी में 49 लाख डॉलर में बिकी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपए) में बिक गई है। नीलामीकर्ता सोथबीज ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे। विश्व कप फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड अब भी पेले के नाम पर दर्ज है। सोथबीज ने कहा कि ब्राज़ील के स्टार खिलाड़ी द्वारा पहनी गई जर्सी अब तक बेची गई दूसरी सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी है। डिएगो माराडोना की 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी गई 'हैंड ऑफ गॉड' जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी। (अनंत ज्ञान)

## पीवी सिंधु जापान ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, टोक्यो**





भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी और मेजबान जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा चोट के कारण मुकाबले से हट गईं, जिसके चलते सिंधु को वॉकओवर मिल गया।

इस जीत के साथ सिंधु ने वर्ष 2023 के डेनमार्क ओपन के बाद पहली बार किसी सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। साथ ही यह वर्ष 2026 में उनका तीसरा सेमीफाइनल भी है, जो इस सीजन में उनकी शानदार वापसी को दर्शाता है। सत्र की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान से करने वाली सिंधु अब शीर्ष-10 में वापसी कर चुकी हैं और वर्तमान में विश्व नंबर-9 हैं।

सेमीफाइनल में सिंधु का सामना चीन की पूर्व ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर-4 चेन यूफेई से होगा। चेन ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। सिंधु और चेन के बीच अब तक 14 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें चीनी खिलाड़ी 8-6 से आगे हैं। खास बात यह है कि सिंधु पिछले पांच मुकाबलों में लगातार चेन से हार चुकी हैं। ऐसे में सेमीफाइनल मुकाबला सिंधु के लिए बड़ी चुनौती होगा। यदि वह इस मुकाबले में जीत दर्ज करती हैं तो न केवल चेन के खिलाफ अपनी हार का सिलसिला समाप्त करेंगी, बल्कि लगभग तीन वर्षों बाद किसी सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में भी जगह बना लेंगी। (अनंत ज्ञान)

## भारत और नेपाल अतिरिक्त हवाई मार्गों पर फिर शुरू करेंगे बातचीत

**एजेंसी, काठमांडू**



नेपाल और भारत अतिरिक्त द्विपक्षीय हवाई प्रवेश मार्गों पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए सहमत हो गए हैं। लगभग एक दशक बाद पोखरा और भैरहवा में नेपाल के दो नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के संचालन के लिए यह वार्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अतिरिक्त हवाई प्रवेश मार्ग लंबे समय से नेपाल की एक प्रमुख मांग रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सिमरा के ऊपर एक ही भीड़भाड़ वाले प्रवेश बिंदु (एंट्री प्वॉइंट) से देश में प्रवेश करती हैं। भारत ने नेपाल के पश्चिमी और पूर्वी गलियारों से सीधे, कम ऊंचाई वाले प्रवेश मार्ग अब तक नहीं दिया है। भारत ने इसके लिए गोरखपुर हवाई अड्डे (एयर बेस) सहित संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों से संबंधित सुरक्षा चिंताओं के साथ-साथ हवाई यातायात प्रबंधन की जटिलताओं का हवाला दिया है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त सीमा पार हवाई प्रवेश मार्गों पर चर्चा और बातचीत के लिए अगस्त में मिलने की उम्मीद है। हालांकि, बैठक की तारीख और स्थान अभी तय होना बाकी है। इस मुद्दे पर काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल और भारत के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनु महावर के बीच एक बैठक के दौरान चर्चा हुई।

मुनु महावर ऊर्जा सचिव स्तर की 13वीं नेपाल-भारत संयुक्त संचालन समिति (ज्वाइंट स्टीयरिंग कमेटी) की बैठक में भाग लेने के लिए नेपाल में हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्री खनाल के साथ बैठक के दौरान, खनाल ने भारत से लंबे समय से लंबित तकनीकी समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया, जिसका काम अतिरिक्त हवाई मार्गों के लिए नेपाल के अनुरोध पर चर्चा करना है। खनाल के मुताबिक महावर ने आश्वासन दिया है कि बैठक अगले महीने होगी। तकनीकी स्तर का तंत्र अतिरिक्त हवाई प्रवेश मार्गों के लिए नेपाल के अनुरोध में आने वाली बाधाओं की समीक्षा करेगा। (अनंत ज्ञान)

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकी किए ढेर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा की पुलिस और काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने बन्नू जिले में एक खुफिया सूचना पर केंद्रित अभियान में पांच आतंकवादियों को मार गिराया। उनके पास से राइफलें और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है।

दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जवानों को देखते ही आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद हुई गोलीबारी में पांच संदिग्ध आतंकवादी मारे गए, जबकि कई अन्य भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और भाग रहे संदिग्धों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान करने की प्रक्रिया चल रही है। उनके पास से पांच कलाश्निकोव राइफल, दस मैगजीन, पांच बैंडोलियर, दो हैंड ग्रेनेड और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि आतंकवादियों के मददगारों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## भद्रवाह में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, एसओजी के तीन जवान घायल

**एजेंसी, भद्रवाह**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के तीन जवान घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब उस व्यक्ति ने कथित तौर पर एक सर्विस राइफल छीनने की कोशिश की।

पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि वीरवार देर रात हुई इस घटना के सिलसिले में एक धार्मिक उपदेशक को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का इस घटना से क्या संबंध है यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऊंचाई वाले इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद, एसओजी की एक टीम ने भद्रवाह शहर से लगभग 35 किलोमीटर दूर जाई-गांडोह रोड पर घात लगाकर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि एसओजी की टीम ने एक युवक को रोका जिसने कथित तौर पर जवानों पर हमला किया और सर्विस राइफल छीनने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा कि हाथापाई के दौरान एक एसओजी जवान ने गोली चला दी। युवक को गोली लगी जबकि घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। चारों को भद्रवाह के सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि चीका गांव के रहने वाले युवक आरिफ हुसैन (30) की चोटों के कारण मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि एक धार्मिक उपदेशक को हिरासत में लिया गया है। एहतियात के तौर पर भद्रवाह शहर में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स और पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने जाई इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

## देश के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों में पांच साल में बढ़ाई जाएंगी 75 हजार मेडिकल सीटें : नड्डा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

### ◆ बोले-देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी ढांचे को मिलेगी नई मजबूती



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत अब विश्व के उन देशों में शामिल हो गया है, जहां सर्वाधिक डॉक्टर तथा मेडिकल प्रोफेशनल तैयार हो रहे हैं। इसी के चलते आगामी पांच साल के भीतर देश के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों में यूजी तथा पीजी कक्षाओं के लिए 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। पहले चरण में 25 हजार सीटें बढ़ाई जा चुकी हैं, जिससे देश वासियों को आने वाले समय में डाक्टर तथा मेडिकल प्रोफेशनल मिलेंगे।

जेपी नड्डा शुक्रवार को चंडीगढ़ में करीब 4700 करोड़ रुपए की लागत से तैयार स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं आधारशिला कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि वर्ष 2017 में बनी स्वास्थ्य नीति ने देश के अंतिम पायदान पर बैठने वाले व्यक्ति की चिंता की है। यह पिछली स्वास्थ्य नीति से बिल्कुल अलग थी, इसका विजन अलग था। यह एक व्यापक और समावेशी स्वास्थ्य नीति थी। इसका मकसद सिर्फ बीमारों का इलाज करना नहीं, बल्कि बीमारी को रोकना भी था।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश ने अभूतपूर्व तरक्की की है। आज देश में एक लाख 85 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर चल रहे हैं। पहले जहां इस देश में 387 मेडिकल कॉलेज होते थे, वहीं आज एक लाख 38 हजार यूजी सीट के साथ 818 मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं। आज देश में 23 से अधिक एम्स कार्य कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना आज विश्व की सबसे बड़ी मेडिकल कवरेज वाली योजना साबित हुई है, जिसके माध्यम से 90 करोड़ देशवासियों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। इसके माध्यम से अब प्रत्येक नागरिक का हेल्थ ब्यौरा एक क्लिक से उपलब्ध रहेगा। नड्डा ने कहा कि आने वाले समय में चंडीगढ़ पीजीआई समेत देश भर के एम्स तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी ढांचा विकास पर जोर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 78,151 पर बंद निफ्टी 261 अंक चढ़ा




**एजेंसी, मुंबई।** शुक्रवार को सेंसेक्स 964 अंक की तेजी के साथ 78,151 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 261 अंकों की तेजी है, ये 24,334 पर बंद हुआ। आज के कारोबार में आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के जून तिमाही क्यू1 एफवाई27) के नतीजे आज बाजार बंद होने के बाद जारी होने वाले हैं। इन नतीजों की घोषणा से पहले रिलायंस का शेयर 2.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,328 रुपए के स्तर पर बंद हुआ।

पिछले कुछ समय से मुकेश अंबानी की इस कंपनी का स्टॉक लगातार दबाव में देखा गया है। यह शेयर पिछले एक महीने में एक प्रतिशत, 3 महीने में 3.5 प्रतिशत, 6 महीने में 6 प्रतिशत और पिछले एक साल में करीब 10 प्रतिशत तक गिर चुका है। (अनंत ज्ञान)

## सोना 415 रुपए हुआ सस्ता चांदी 797 रुपए गिरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




सोने-चांदी की कीमतों में 17 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 415 रुपए गिरकर 1,41,264 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 16 जुलाई को यह 1,41,679 लाख पर था।

वहीं, एक किलो चांदी 797 रुपए घटकर 2,16,637 रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 2,17,434 लाख रुपए पर थी। सोना के दाम इस हफ्ते 2,104 रुपए और चांदी के दाम 3,753 रुपए गिरे हैं। 10 जुलाई को सोना 1,43,368 रुपए 10 ग्राम और चांदी 2,20,390 रुपए किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 34,857 रुपए सस्ता हो चुका है।

वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 169 दिन में चांदी 1,69,296 लाख रुपए सस्ती हो गई है। (अनंत ज्ञान)